Page 11 | खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10 | देश



## अरूण चक्रवर्ती ने तोड़ा मोहम्मद शमी का रिकॉर्ड, 5 विकेट लेकर भारतीय टीम को 44...

## डीके शिवकुमार को सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता : वीरप्पा मोइली



शुक्ल पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 04 मार्च 2025 • वर्ष 27 • अंक 84 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 86,620 | ₹97,000 |



### आज का इतिहास

- **1961 :** भारत के पहले विमान वाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत की तैनाती हुई।
- **2014 :** राष्ट्रपति ओबामा ने अपना 2015 का बजट कांग्रेस को पेश किया। उन्होंने घोषणा की कि यह सभी अमेरिकियों के लिए अच्छे वेतन और विस्तार के अवसरों के साथ नौकरियां पैदा करने का एक रोडमैप है।

### न्यूज बाइट्स

#### बिहार ने ही पहली बार विशेष पेंशन का किया प्रावधान : विजय चौधरी

**पटना (नि.सं.)** । संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि कोरोना काल के दौरान बिहार सरकार ने देश में पहली बार विशेष पेंशन योजना शुरू की। वे सोमवार को विधानसभा में ढाका के विधायक पवन जायसवाल के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

बिहार में अबतक का सबसे बड़ा बजट हुआ पेश, वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने पेश किया बजट

# 3.17 लाख करोड़ का बजट पेश, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर अधिक जोर



- सबसे अधिक शिक्षा पर खर्च करेगी नीतीश सरकार

निज संवाददाता | पटना

वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार का 3.17 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें कई बड़े ऐलान किये है। शिक्षा, हेल्थ, रोड, इन्फ्रास्ट्रक्चर, विकास के लिए कई बड़ी घोषणाएं की गई। वित्त मंत्री ने इस दौरान बिहार ग्रीन डेवलपमेंट फंड की घोषणा की। इसके लिए 25 करोड़ निवेश किया जायेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं गर्व के साथ बिहार ग्रीन डेवलपमेंट फंड की घोषणा करता हूं। इसमें प्रारंभिक सीड फंडिंग के रूप में राज्य सरकार द्वारा 25 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह फंड सीड फंडिंग की तुलना में कई गुना निवेश को आकर्षित करेगा, जो बिहार को जलवायु अनुकूलन एवं कार्बन-न्यूट्रल बनाने में मदद करेगा। जलवायु वित्त को गतिशील करने में बिहार के नेतृत्व और हाल ही में स्वीकृत जलवायु अनुकूलन एवं न्यून कार्बन विकास पद्धत्ति को लागू करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सार्वजनिक पूंजी को निजी निवेश के साथ मिश्रित करके यह फंड हमारी चुनौतियों को अवसरों में बदल देगा। इससे हमारी कृषि को जलवायु अनुकूल बनाने, स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने एवं हमारे युवाओं के लिए हरित रोजगार का सृजन करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि बिहार ग्रीन डेवलपमेंट फंड हरित बिहार, समृद्ध बिहार की हमारी दृष्टि का प्रतिनिधित्व करता है। जहां आर्थिक विकास पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक प्रगति के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता है। यह अग्रणी पहल बिहार को भारत के अग्रिम राज्यों में खड़ा करती है, जहां हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करने, समुदायों को सशक्त बनाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य बनाने के लिए नवीन वित्तीय समाधान विकसित कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने बजट पेश करने के दौरान राज्य में वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु तथा वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु 100 करोड़ रुपये की लागत से बिहार क्लीन एयर ट्रांसफॉरमेशन परियोजना का क्रियान्वयन करने का ऐलान किया। इसके अलावा उन्होंने पर्व त्योहार विशेषकर महिलाओं द्वारा संचालित छठ पूजा के अवसर पर धार्मिक पर्यटन योजना की शुरूआत की जायेगी।

### रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन में महिलाओं को नौकरियों में 33% आरक्षण

महिलाओं के लिए कई बड़ी घोषणा की गई है। जिनमें स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन में महिलाओं को नौकरियों में 33% आरक्षण दिया जाएगा।

### औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति होगी विकसित

डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति विकसित किया जा रहा है। इसमें निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। सभी प्रखंडों में सब्जी उत्पादक समिति का गठन इस साल कर लिया जाएगा। कंप्रेस्ड बायो गैस इकाई की स्थापना होगी। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना ऊर्जा का उत्पादन होगा।

### बजट से क्या-क्या मिला?

- » स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना - 1000 करोड़ रुपये
- » समाज कल्याण विभाग- 13,368 करोड़
- » ऊर्जा विभाग- 13,484 करोड़
- » ग्रामीण सड़क- 15,000 करोड़
- » स्वास्थ्य विभाग- 20,335
- » शिक्षा विभाग- 60,964
- » नहर के किनारे सोलर प्लांट लगेंगे, इसके लिए 25 करोड़ का फंड बनेगा।
- » पंचायती राज निकाय के लिए- 4012 करोड़ रुपये
- » नगर निकाय के लिए- 2160 करोड़ रुपये
- » एसटी-एससी के लिए- 1735 करोड़ रुपये
- » राज्य सरकार कन्या विवाह मंडप का निर्माण कराएगी।
- » गृह विभाग के लिए 17 हजार करोड़ अलॉट
- » अरहर और मूंग को एमएसपी पर खरीदेगी सरकार
- » राज्य के सभी बस स्टैंड को आधुनिक तरीके से विकसित किया जाएगा
- » पटना में महिलाओं के लिए चलंत जिम खुलेगा।
- » होम स्टे योजना को बढ़ावा दिया जायेगा, महिला गाइड बहाल होंगे।
- » सब्जी उत्पादन समिति का गठन।
- » कन्या मंडप में गरीब लड़कियों की शादी कराई जाएगी।
- » शहरों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाए जाएंगे।
- » सुधा की तर्ज पर सरकारी आउटलेट खुलेंगे।
- » हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना होगी।
- » अनमंडल के लिए रेफरल अस्पताल बनेंगे
- » कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनेंगे।
- » बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनेगा।
- » बड़े शहरों में शुरू होगी पिंक बस सेवा
- » एससी-एसटी प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति दोगुनी हुई
- » तीन महीने में शुरू होगा पूर्णिया एयरपोर्ट
- » भागलपुर, सहरसा, मुगेर, बीरपुर, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकिनगर, मधुबनी में एयरपोर्ट बनेगा।
- भागलपुर में मौसम विज्ञान केंद्र बनेगा

# गंगा के सात पुलों से जुड़ेगा जेपी गंगा पथ, नहीं लगेगा टोल टैक्स

- मुख्यमंत्री ने की थी 32 योजनाओं की घोषणा
- नीतीश कैबिनेट से मिली स्वीकृति
- प्रोजेक्ट पर 10,871.68 करोड़ होंगे खर्च



निज संवाददाता | पटना

जेपी गंगा पथ के पूरब में मोकामा और पश्चिम में कोइलवर पुल तक विस्तार होगा। इसकी कुल लंबाई 142 किलोमीटर होगी। यह पटना में गंगा के सभी सात बड़े पुलों, कोइलवर पुल, शेरपुर दिघवारा पुल, जेपी सेतु, गांधी सेतु, कच्ची दरगाह-बिदुपुर सेतु, बख्तियारपुर-ताजपुर सेतु व राजेंद्र सेतु से जुड़ेगा। मोकामा से कुछ आगे तक यह जाएगा।

इससे उत्तर एवं दक्षिण बिहार के बीच का आवागमन आसान होगा। पूरे क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी। यह किसी नदी के किनारे देश का पहला इतना लंबा मार्ग होगा। इसके लिए 7561.31 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

इसे सिटी रोड के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। बड़ी बात यह कि इस मार्ग पर न तो बड़े व मालवाहक वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और टोल टैक्स भी नहीं लगाया जाएगा।

जेपी गंगा पथ के दक्षिण दीघा से सभ्यता द्वार के बीच वाले स्थान के सुंदरीकरण और नागरिक सुविधाओं के लिए 387.4 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस स्थान पर एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। वनस्पति उद्यान, वाकिंग व साइकिल ट्रैक, चिल्ड्रन पार्क, तितली पार्क का निर्माण कराया जाएगा। गांधी मैदान के निकट एकता भवन परिसर में पटना हाट एवं पार्किंग का निर्माण होगा। इसपर 61.34 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हाट में बिहार के सभी प्रमुख उत्पादों की बिक्री होगी। वहीं, सभ्यता द्वार को पूरब की ओर नवनिर्मित पक्के गंगा घाट और पश्चिम में एकता भवन से जोड़ा जाएगा। रूपसपुर नहर से सगुना मोड़ तक नेहरू पथ के दोनों ओर भूमिगत नाले पर सड़क निर्माण कर चौड़ीकरण होगा। 318.51 करोड़ से क्रियान्वित होने वाली यह परियोजना तेजी से विकसित हो रहे पश्चिमी पटना क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने में काफी सहायक होगी। पूरे क्षेत्र का सुंदरीकरण भी होगा।

दानापुर में नेहरू पथ से गोला रोड का चौड़ीकरण 21.34 करोड़ से किया जाएगा। खगौल-नेहरू पथ-अशोक राजपथ तक रूपसपुर नहर पथ का चौड़ीकरण एवं निर्माण किया जाएगा। यह दानापुर-बिहटा एलिवेटेड पथ से जुड़ेगा।

### तीन वर्ष में बदलेगी सूरत, 25 वर्षों की दूरदृष्टि

कुल मिलाकर यह कि आमजन की जरूरत और पटना शहर के तेजी से हो रहे विस्तार को देखते हुए 25 वर्षों की दूरदृष्टि रख योजनाएं बनाई गईं हैं। दो से तीन वर्षों में पटना बदला दिखेगा। जेपी गंगा पथ से नेहरू पथ तक की सूरत निखरेगी। कई नई सड़कें बनेंगी, जो शहर की यातायात व्यवस्था में विशेष परिवर्तन लाएगी। उन क्षेत्रों में भी सड़क, पुल, सुंदरीकरण जैसे कार्य किए जाएंगे, जिधर शहर का विस्तार हो रहा है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# सेना के जांबाज तैयार पासिंग आउट परेड की तैयारी

निज संवाददाता। गया

गया में भारतीय सेना में शामिल होने जा रहे 170 अफसर कैडेट्स के लिए 8 मार्च का दिन ऐतिहासिक होने वाला है। ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (OTA), गया अपनी 26वीं पासिंग आउट परेड के लिए पूरी तरह तैयार है। यह परेड उन युवा योद्धाओं की कड़ी मेहनत और अनुशासन की गवाही देगी, जिन्होंने कठिन प्रशिक्षण को पार कर भारतीय सेना का हिस्सा बनने का गौरव हासिल किया है। OTA गया की इस भव्य परेड में भारत के भविष्य के सैन्य नेतृत्व की झलक देखने को मिलेगी। OTA गया से इस बार शॉर्ट सर्विस कमीशन (टेक्निकल एंट्री) पुरुष 62वीं बैच और महिला 33वीं बैच के कैडेट्स पास आउट होंगे। इन युवाओं ने अपनी कड़ी मेहनत, साहस और संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है। पासिंग आउट परेड से पहले दो दिवसीय कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिसमें मल्टी-एक्टिविटी डिस्प्ले, पिपिंग सेरेमनी, शपथ ग्रहण समारोह और परेड मुख्य आकर्षण होंगे। खास बात यह भी कि पहली बार



यहां से महिला कैडेट्स पास आउट हो रही हैं।

**रोमांचक एक्शन से भरपूर प्रदर्शन:** OTA गया में होने वाले मल्टी-एक्टिविटी डिस्प्ले में सेना की ताकत और अनुशासन की झलक देखने को मिलेगी। इसमें जिम्नास्टिक, घुड़सवारी, स्काइडाइविंग, एरियल स्टंट, आर्मी डॉग शो और रोबोटिक म्यूल डिस्प्ले जैसी हाई-एनर्जी एक्टिविटीज शामिल हैं। इस कार्यक्रम में देशभर के कई प्रतिष्ठित सैन्य स्कूलों के छात्र, एनसीसी कैडेट्स और कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

**सम्मान और पुरस्कार सेरेमनी:** पासिंग आउट से पहले सोमवार को विजय ऑडिटोरियम, OTA गया में कमान्डेंट्स अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर OTA गया के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल सुकृति सिंह दहिया (सेना मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल) ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया। इसमें स्पोर्ट्स, ड्रिल, फिजिकल ट्रेनिंग, सर्विस सब्जेक्ट्स, वेपन ट्रेनिंग और अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, बेस्ट परफॉर्मेंस देने वाली कंपनियों को भी ट्रॉफी दी गई। लेफ्टिनेंट जनरल दहिया ने पास आउट होने वाले अफसरों का हौसला अफजाई किया और जीवन में कठिन चुनौतियां पर विजय पाने के टिप्स दिए।

**OTA गया – भारतीय सेना की नर्सरी:** 18 जुलाई 2011 को स्थापित OTA गया, भारतीय सेना की सबसे नई और प्रमुख प्री-कमीशनिंग ट्रेनिंग अकादमियों में से एक है। इसके प्रतीक चिन्ह में दो क्रॉस तलवारों के बीच धर्मचक्र बना है, जो शौर्य, ज्ञान और संकल्प का प्रतीक है। "शौर्य, ज्ञान, संकल्प" इसका आधिकारिक ध्येय वाक्य भी है।

## गया में लूट की बाइक बरामद

निज संवाददाता। गया



गया पुलिस ने लूट की वारदात के 16 दिन के अंदर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लूटी गई बाइक बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस बात जानकारी इस ASP शैलेंद्र सिंह ने दी।

**बदमाशों ने कैश और बाइक छीना था:** पीड़ित सुलीन ने बीती 15 फरवरी को गुरुआ थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उसके मुताबिक, जब वह महादेव टोला से घर लौट रहा था, तभी नदौरा के पास कुछ अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने उसकी बाइक और 4200 नकदी छीन ली। यही नहीं अपराधियों ने बाइक पर बिठाया और साइफन नहर के पास छोड़ दिया। सुलीन के मुताबिक यह घटना रात साढ़े आठ बजे की है। सुलीन का कहना है कि अपराधी 4 की संख्या में थे। इस पर गुरुआ थाना में केस संख्या 69/25 दर्ज किया गया था। नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम बनाई गई। इस टीम में गुरुआ थानाध्यक्ष, पुलिस अधिकारी और तकनीकी शाखा के कर्मी शामिल थे। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचनाओं के आधार पर जांच शुरू की। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि लूटी गई बाइक गुरुआ थाना क्षेत्र के महादेव स्थान गांव में एक घर में छिपाकर रखी गई है। पुलिस ने तुरंत छापेमारी की। एक संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ा कर दबोच लिया। तलाशी में आरोपी के घर से लूटी गई बाइक बरामद हुई।

**आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है पुलिस:** गिरफ्तार आरोपी की पहचान गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र निवासी कन्हाई भुइंया के बेटे अजीत कुमार के रूप में हुई। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मार्च में रमजान की हुई शुरुआत और मार्च में ही मनाई जाएगी ईद

**बिहारशरीफ।** रमजान का पाक और बरकत का महीना शुरू हो चुका है। रविवार को जिले भर के मुस्लिम भाइयों ने रमजान का पहला रोजा रखा। इस दौरान सुबह सेहरी के समय से ही मुस्लिम घरों व मस्जिदों से कुरआन-ए-पाक के तिलावत की आवाजें आनी शुरू हो गई थी। मान्यता है कि रमजान का चांद नजर आते ही रहमतों का दरवाजा खुल जाता है। चांद देखने के बाद रमजान में कोई बंदा अगर कोई नेकी करता है, तो उसका पहले के मुकाबले में कई गुना बढ़ाकर सवाब मिलता है। दुआओं की कबूलियत जल्दी होने लगती है। चांद देखने के बाद बंदा अपने रब से अपने गुनाहों की माफी मांगता है और पूरे महीने इबादत की तौफीक मांगता है। तीन हिस्से में बांटा गया है रोजे को उन्होंने बताया कि रमजान के रोजे को तीन हिस्से (असरे) में बांटा गया है। उसमें से पहला हिस्सा रहमत, दूसरा हिस्सा बरकत और तीसरा हिस्सा मगफिरत का होता है। रमजान के महीने में विशेष नमाज अदा करना, जकात देना, सदका करना व अन्य काम इस महीने में खास तौर से की जाती है। इसके अलावा नेकी के अन्य सभी काम हर दिन और हर पल किए जाते हैं। असल में रोजा अच्छी जिंदगी जीने का प्रशिक्षण है। जिसमें इबादत कर खुदा की राह पर चलने वाले इंसान का जमीर यानी अंतरात्मा रोजेदार को एक नेक इंसान के व्यक्तित्व के लिए जरुरी हर बात का प्रशिक्षण देता है। ताकि रमजान के बाद भी लोग इस एक माह के प्रशिक्षण की तरह ही अपने जीवन को बेहतर तरीके से जी सकें।

### समारोह में हरनौत से दर्जनों व्यवसायी शामिल हुए

**हरनौत।** पटना में आयोजित तेली अधिकार सह सम्मान समारोह में हरनौत से दर्जनों की संख्या में व्यवसायी शामिल हुए। थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष रंजीत साव ने बताया कि देश व राज्य में तेली समाज की बड़ी आबादी है। बावजूद उसे आबादी के अनुकूल राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। सामाजिक पिछड़ापन के कारण काफी संख्या में तेली समाज के लोग समाज की मुख्यधारा से अलग-थलग पड़े हैं। सबको जोड़ने व शासन तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में हरनौत से खुदरा विक्रेता संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार, हीरा लाल, संजय साव सहित अन्य शामिल थे।

### बड़गांव के सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना करने से दुख का होता है निवारण

**सिलाव।** सूर्यपीठ बड़गांव की प्रसिद्ध मान्यताओं के कारण यहां प्रत्येक रविवार को लोग आकर सूर्योपासना करते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे मन से भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करते हैं उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। बड़गांव धाम पर छठ पर्व करने का तो अलग ही महत्व है। साथ ही प्रत्येक रविवार को पूरे वर्ष श्रद्धालु यहां आकर पूजा अर्चना करते हैं। रविवार को सूर्यपीठ बड़गांव में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करने आयी श्रद्धालु रजिया देवी, सुमित्रा देवी, राखी आदि ने बताया कि इस धाम पर जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करते हैं उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है। बड़गांव निवासी त्रिलोक पांडेय और राजकुमार मिश्रा ने बताया कि पूरे साल प्रत्येक रविवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आकर पूजा अर्चना करते हैं।

### अनाथ बच्चों की परवरिश का जिम्मा उठा रहे हैं डॉ. संकेत नारायण सिंह

**गया।** समाज की सेवा के लिए न तो उम्र का बंधन है। न ही पैसों का होना जरूरी है। इसके लिए जरूरी है तो सिर्फ समाजसेवा का जज्बा होना। यह साबित कर दिखाया है गया के वयोवृद्ध प्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ और समर्पण संस्था के संचालक डॉ. संकेत नारायण सिंह ने। उम्र के 77 बसंत पार कर चुके श्री सिंह आज भी जिस जज्बे के साथ गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा में जुटे रहते हैं। वह आज की उस पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है जो समाजसेवा के नाम पर केवल अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नए-नए पोस्ट कर दिखावा करते रहते हैं। समाजसेवा का ऐसा जुनून कि उम्र के इस पड़ाव पर भी डॉ. संकेत नारायण सिंह रात के दो बजे तक मरीजों की सेवा में जुटे रहते हैं। आज के समय में जब अपने भी अपनों से मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे समय में भी मानव जीवन अनमोल है। इसे समाज की सेवा में लगाना चाहिए की सोच लिए डॉ. सिंह 80 से अधिक अनाथ बच्चों की परवरिश का जिम्मा उठा रहे हैं। इतना ही नहीं दर्जनों साधनविहीन बच्चों की शिक्षा का भी खर्च डॉ. सिंह उठा रहे हैं। इनमें से कई बच्चे आज इंजीनियर, चिकित्सक सहित समाज के अन्य बड़े पदों पर कार्य कर समाज की सेवा कर रहे हैं। समर्पण संस्था का कार्यालय गया शहर के बाइपास पर अवस्थित है। यहां आने वाले लोग डॉ संकेत के नंबर 9431083141 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### स्लम बस्तियों के बच्चों को पढ़ा रहे हैं हेल्पिंग हैंड से जुड़े युवा

**बिहारशरीफ।** हेल्पिंग एंड फाउंडेशन का प्रशासनिक कार्यालय शहर के सिंगार हाट मुहल्ले में कोल्ड स्टोरेज के समीप है। मोबाइल नम्बर-8340263903 पर भी संपर्क कर सकते हैं। बिहारशरीफ | हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन से जुड़े युवा शहर की स्लम बस्तियों के बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। इस फाउंडेशन से 30 से अधिक युवा सक्रिय रूप से जुड़े हैं। लगभग सभी सदस्य छात्र हैं। ये लोग सप्ताह में एक दिन स्लम बस्तियों में जाकर बच्चों को मुफ्त में पढ़ाते हैं। बच्चे सप्ताह भर पढ़ाई कर रहे हैं या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग भी करते हैं।माह में एक बार टेस्ट लिया जाता है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की सारी सामग्री फाउंडेशन से जुड़े सदस्य ही अपनी जेब खर्च से खरीदकर देते हैं। बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार स्कूल में नामांकन भी कराते हैं। स्कूल में मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराने में अभिभावकों को मदद करते हैं। शहर के मोगलकुआं निवासी आशुतोष कश्यप ने वर्ष 2019 में संस्था की स्थापना की थी। तब से आज तक लगातार बिना किसी बाहरी मदद के समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं। इनके पिता सुरेन्द्र प्रसाद किसान हैं। आशुतोष ने खुद पीजी की पढ़ाई की है। फाउंडेशन से जुड़े युवा त्योहारों के समय भी स्लम बस्तियों में जाकर उनके साथ त्योहार की खुशियां बांटते हैं। सप्ताह में एक दिन बच्चों को अच्छा खाना भी खिलाते हैं। फाउंडेशन के सदस्य बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ नशा, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी लगातार अभियान चला रहे हैं। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। पर्यावरण सुरक्षा को लेकर महज सालभर में ही 15 हजार से अधिक पौधों का वितरण व पौधारोपण किया है। फाउंडेशन से जुड़े युवा नियमित रूप से रक्तदान भी करते हैं। ठंड के मौसम में गरीबों के बीच कंबल वितरण भी किया जाता है।

### नालंदा में 25 हजार रुपए का इनामी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**नालंदा।** नालंदा के बिहार थाने की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25,000 रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी डोमा उर्फ डोमन यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि यह अपराधी मानपुर थाना क्षेत्र के गोरैया गांव में छिपकर रह रहा है, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। बिहार थाना क्षेत्र के बासमन विगहा निवासी किशोरी यादव का पुत्र डोमा यादव है। नालंदा जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल है। बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि, इस अपराधी के विरुद्ध विभिन्न थानों में पूर्व से कई गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं।

**डोमा ने 2018 में की थी डकैती:** डोमा यादव के आपराधिक इतिहास की जानकारी के अनुसार, उस पर बिहार थाना में छह मामले दर्ज हैं, जिनमें 2013 से लेकर 2020 तक के अपराध शामिल हैं। अभ्युक्त पर आर्म्स एक्ट के साथ-साथ लूट हत्या, डकैती समेत कई संगीन मामलें दर्ज है। डोमन यादव वर्ष 2018 से पुलिस की नजर से बचकर फरार चल रहा था। उसने 2018 में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। छापेमारी दल में सम्राट दीपक दारोगा रविन्द्र कुमार, रवि कुमार, रौशन कुमार, गौरव कुमार सिंह, एम. खुर्शीद अंसारी, रवि कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार पंडित, दीपक कुमार, गुलाम मुस्तफा, रिजवान अहमद खां, पवन कुमार, राकेश कुमार सिंह और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## नालंदा में फायरिंग मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



♦ भाई ने संपत्ति हड़पने के लिए की थी प्लानिंग, 2 देशी पिस्तौल के साथ कारतूस बरामद

नालंदा के नूरसराय बाजार में रविवार को हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा (85) घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। नालंदा SP के निर्देश पर SDPO सदर-2 के नेतृत्व में SIT का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस ने फायरिंग की घटना में शामिल राजेश गोप (40), किशोर पासवान (30) और राजगणी राजेश (70) को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी नूरसराय बाजार के हिलसा रोड के आसपास के रहने वाले हैं। राजेश गोप ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा स्थानीय व्यापारी हैं। उनकी कोई औलाद नहीं है। उनके छोटे भाई राजगणी राजेश द्वारा संपत्ति हड़पने की नीयत से रागोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया गया था।

**जमीन लिखाने संबंधी दस्तावेज भी बरामद:** पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देशी पिस्तौल, 4 कारतूस, 3 खोखा .315 बोर और 3 मोबाइल बरामद किए हैं। इसके अलावा राजगणी राजेश द्वारा राजेश गोप की पत्नी के नाम से जमीन लिखाने संबंधी दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिहार शरीफ सदर-2 संजय कुमार जायसवाल, अंचल निरीक्षक नूरसराय रामशंकर सिंह, थानाध्यक्ष नूरसराय रजनीश कुमार सहित थाने के अन्य जवान शामिल रहें।

# मगरिब की आजान के बाद रोजेदारों ने किया इफ्तार, खजूर खा खोला रोजा

निज संवाददाता। गया



अल्लाह की इबादत का खास माह रमजान शनिवार को दूज के चांद के दीदार के साथ शुरू हो गया है। रविवार को रोजेदारों ने माह-ए-रमजान का पहला रोजा रखा। 13 घंटे 05 मिनट तक रोजेदार निर्जला उपवास पर रहे। रहमतों का माह रमजान के पहले रोजे को लेकर बड़े बुजुर्गों के साथ नन्हें-नन्हें बच्चों में भी उत्साह दिखा। उन्होंने भी अपने माता-पिता के साथ मिल कर रोजा रखा और अल्लाह की इबादत की। मुस्लिम धर्मगुरुओं की माने तो पहले रोजे को लेकर अकीदतमंदों में विशेष उत्साह रहा। मस्जिदों में पहुंच रमजान के पहले दिन की नमाज अदा की। नमाज को लेकर मस्जिदों में अकीतदमंदों की विशेष भीड़ रहीं। इसके पूर्व अहले सुबह 04:51 में पहले रोजेदारों ने सेहरी किया, फिर निर्जला उपवास पर रहे। शाम करीब 05:56 में मस्जिदों में हुई अजान के बाद रोजेदारों ने खजूर व फल से इफ्तार कर पहला रोजा तोड़ा, बाद में मगरीब की नमाज अदा की। अल्लाह के लिए रखा जाता है रोजा : फैसल शहर के नवागढ़ी स्थित खानकांह के प्रबंधक सैयद अता फैसल ने बताया कि माह-ए-रमजान में रोजा रखना हर मुसलमानों का फर्ज है। रोजा हम अपने लिए नहीं रखते और न ही दूसरों के लिए। न कोई मकसद के लिए रखा जाता है। रोजा सिर्फ और सिर्फ अल्लाह के लिए रखा जाता है। रोजा रखने वालों की दुआ अल्लाह पूरी करता है। उन्होंने बताया कि इस पाक महीने में अल्लाह अपने बंदों की परीक्षा लेता है। उनके सब्र का इम्तिहान लिया जाता है। रमजान माह का सेहरी व इफ्तार का विवरण तारीख सेहरी इफ्तार 14 मार्च 04:39 06:02 15 मार्च 04:38 06:03 16 मार्च 04:37 06:03 17 मार्च 04:36 06:04 18 मार्च 04:35 06:04 19 मार्च 04:34 06:05 20 मार्च 04:33 06:05 21 मार्च 04:32 06:06 22 मार्च 04:31 06:06 23 मार्च 04:30 06:07 24 मार्च 04:29 06:07 25 मार्च 04:27 06:07 (नोट : शेष अगले अंक में )

# वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

निज संवाददाता। नालंदा




बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित डोमेस्टिक मेंस सीनियर वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच एकंगरसराय खेल मैदान पर गया और शेखपुरा की टीमों के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में गया की टीम ने शेखपुरा को 107 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर प्रतियोगिता में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। शेखपुरा जिला क्रिकेट संघ के सचिव गंगा प्रसाद यादव ने मैच का विधिवत उद्घाटन किया। टॉस जीतकर शेखपुरा के कप्तान ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया, जो बाद में उनकी टीम के लिए भारी पड़ा। गया के बल्लेबाजों ने मैदान पर उतरते ही आक्रामक रवैया अपनाया और पूरे 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 344 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। गया के मध्यक्रम बल्लेबाजों ने विशेष रूप से उम्दा प्रदर्शन किया, जिससे टीम 300 के आंकड़े को पार करने में सफल रही। शेखपुरा के गेंदबाजों को मैदान के चारों ओर रन बरसते रहे और वे गया के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में असफल रहे।

**107 रनों के अंतर से जीत दर्ज:** जवाब में शेखपुरा की टीम दबाव में दिखी और पूरी टीम 38.3 ओवरों में महज 237 रनों पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए शेखपुरा के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया, लेकिन गया के गेंदबाजों के सामने वे ज्यादा देर टिक नहीं सके। इस प्रकार गया ने 107 रनों के अंतर से जीत दर्ज की। मैच के दौरान नालंदा जिला क्रिकेट संघ के सचिव गोपाल सिंह, संतोष पांडे, हैदर अली, परवेज़ मुस्तफा, दीपक कुमार, बिक्रम, क्षितिज, अंकित, मुन्ना और सूरज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## समाज को आगे बढ़ाने के लिए अनुशासन जरूरी

**मुंगेर।** मुंगेर भारत स्काउट और गाइड कार्यालय में रविवार को स्काउट-गाइड के बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्यालय आयुक्त जफर अहमद की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में प्रशिक्षु डीएसपी विकास कुमार ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्काउट-गाइड के बच्चों ने विभिन्न पर्व-त्योहारों और सामाजिक कार्यों में सराहनीय योगदान दिया था। मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा, काली पूजा, छठ पूजा और लोकसभा-विधानसभा चुनावों में उनकी सेवा सराहनीय रही।

# गया में 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया




गया जिला पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए टॉप-10 अपराधियों में शामिल 50,000 रुपए के इनामी बदमाश कारू राजवंशी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दूसरी ओर एक अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो अपराधियों को चोरी के सामान समेत दबोचा गया है। इस बात की जानकारी एसपी सिटी रामानन्द कौशल ने दी। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस लगातार जिले के टॉप-10 अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कुख्यात अपराधी कारू राजवंशी गेहलौर थाना क्षेत्र के गेहूनी गांव में मौजूद है। इस पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा।

**हत्या के मामले में फरार चल रहा था अपराधी:** कारू राजवंशी 2020 में हुई एक हत्या के मामले में फरार था। इस पर जमीन विवाद के चलते एक व्यक्ति की हत्या का आरोप था। इस संबंध में अतरी थाना में मामला दर्ज था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार ठिकाने बदल रहा था। यह नहीं उसके घर की कुर्की भी गई थी। इसके बावजूद वह फरार चल रहा था लेकिन गया पुलिस ने तकनीकी निगरानी और खुफिया सूचना के आधार पर आखिरकार उसे पकड़ लिया गया। इससे पहले इस मामले में दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी।

**चोरी में शामिल दो अपराधी भी पकड़े गए:** गया पुलिस ने इमामगंज में ज्वेलरी शॉप में चोरी के प्रयास के दौरान एक अपराधी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक बड़े अंतर जिला चोर गिरोह का सदस्य है। इसके बाद पुलिस ने उसके दूसरे साथी खेसारी खान उर्फ बाबर को भी विष्णुपद थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से चोरी में इस्तेमाल की जाने वाली एक मोटरसाइकिल, मोबाइल, कटर मशीन, पेचकस और लोहे के एंगल बरामद किए हैं। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अपराधी सन्नी कुमार पहले भी चोरी और गृहभेदन के कई मामलों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 14 से अधिक मामले दर्ज हैं। अन्य फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से [**वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/हावड़ा** के न्यायक्षेत्र के लिए] ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **एनआईटी संख्या: 347_2024-25, दिनांक: 27.02.2025। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल में मेन लाइन पर पुल संख्या 94, 100 तथा हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड पर पुल संख्या 149ए के सेमी-थ्रू गार्डर की मरम्मत और मज़बूतीकरण। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,26,12,559.81। **बयाना राशि:** ₹ 2,63,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 20.03.2025 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में जमा बयाना राशि [ईएमडी] तथा निविदा दस्तावेज की कीमत [टीडीसी] का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये ही स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-641/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/** **www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या : एसडब्ल्यू एचडब्ल्यूएच आरसीसी डीयूसीटी/01/24-25, दिनांक 28.02.2025।** मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता 700 001 नीचे उल्लिखित कार्य के लिए समरूप कार्य में पर्याप्त अनुभव रखने वाले तथा न्यूनतम पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले अनुभवी और प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में 'खुली ' ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** सिग्नल वर्कशॉप, हावड़ा में अनुमोदित ड्राइंग के अनुसार सामग्री की आपूर्ति तथा आरसीसी डक्ट का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 4,98,00,252.72। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 3,99,000। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। **निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने (बंद होने) की अंतिम तारीख और समय:** 28.03.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 90 दिन। **तारीख और वेबसाइट का पता जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे: 28.02.2025** से भारतीय रेल की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर। **खुलने की तारीख एवं समय:** 28.03.2025 को दोपहर 1.00 बजे। **वेबसाइट जहाँ निविदा बोली जमा की जा सकती है:** (1) बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा करनी होंगी। (2) ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदादाता/ओं को भारतीय रेल ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी अगर ज़रूरी हुई तो सिर्फ इस साइट पर प्रकाशित की जाएगी। (3) बोलीदाता सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। (4) इस निविदा के तहत मैनुअल बोलियों/प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। (5) रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2017/ट्रांस/01/पॉलिसी/पीटी-एस, दिनांक 28.03.2018 के अनुसार कार्य अनुबंधों (50.00 करोड़ रुपये और उससे अधिक) के लिए इलेक्ट्रॉनिक रिवर्स नीलामी (ई-आरए) लागू है।

(CON-91/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/** **www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### अंग्रेजों के जमाने का रेलवे ओवर ब्रिज ध्वस्त

● 6 घंटे के मेगा ब्लॉक में पूरा हुआ काम



**मुंगेर, एजेंसी।** बिहार के मुंगेर जिले के जमालपुर रेलवे स्टेशन के पास बने ऐतिहासिक ब्रिटिश कालीन रेल ओवर ब्रिज को ध्वस्त किया गया। जिसके बाद इस स्ट्रक्चर को बड़े-बड़े क्रेन के माध्यम से हटाया गया। रेलवे ने इसके लिए 6 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया, जिस दौरान इसे हटाने का काम किया गया।

**हटाया गया ब्रिटिश काल का बना रेलवे ओवर ब्रिज:** रेलवे के मुख्य अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि जमालपुर में रेलवे ओवर ब्रिज को हटाया गया। इसके बाद ऐतिहासिक छोटी पुल और बड़ी पुल लोगों के यादों में सिमट कर रह गई। वहीं इसके लिए मेगा ब्लॉक भी लिया गया था। इस कार्य को समय सीमा में खत्म किया जाय, इसको लेकर बड़े-बड़े क्रेन, सैकड़ों मजदूरों के साथ काफी संख्या में इंजीनियर्स को लगाया गया था। मुख्य अभियंता अनिल कुमार ने कहा कि जमालपुर रेलवे स्टेशन के पास बने ऐतिहासिक दो ब्रिटिश कालीन रेल ओवर ब्रिज को ध्वस्त किया गया। इसके लिए बड़ी-बड़ी क्रेन, कई इंजीनियर्स और सैकड़ों की संख्या में मजदूरों को लगया गया था।

**6 घंटे के मेगा ब्लॉक में हुआ काम:** जानकारी के मुताबिक जो मेगा ब्लॉक सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:30 तक था उसे बढ़ाकर 9 बजे से लेकर शाम 3:05 बजे तक कर दिया गया था। इसी समय में सारे कार्य को पूरा कर लिया गया। इस बड़ी रेल ओवर ब्रिज की जगह उसी के पास में एक अत्याधुनिक तकनीक से रेल ओवर ब्रिज को दो साल पहले बना दिया गया था। इस नये ओवर ब्रिज पर वाहनों का परिचालन शुरू करवा दिया गया हैं। जो देखने में भी काफी भव्य लगता है।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव:आत्महत्या की आशंका

● कमरे से मिली लाश, मजदूरी कर चलाता था परिवार



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कष्टहरणी घाट रोड में एक 18 साल के युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान किट्टू कुमार के रूप में हुई है। रविवार की शाम उसकी लाश उसके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। बताया गया कि मृतक दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर का था। वह मजदूरी करके अपना परिवार चलाता था। घटना के दिन किट्टू पटना से लौटकर दोपहर में अपने कमरे में सो गया था। शाम को जब उसकी मां ने कमरे में लाइट जलाई तो देखा कि वह गमछे के सहारे चौकी से लटका हुआ था। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

**जांच में जुटी पुलिस**

थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए मृतक के मोबाइल की जांच की जा रही है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। घटना के समय घर में सिर्फ किट्टू और उसकी मां थे। उसका बड़ा भाई राहुल कुमार ससुराल गया हुआ था। सूचना मिलते ही वह मुंगेर के लिए रवाना हो गया।

# बेगूसराय-समस्तीपुर को जोड़ने वाला पुल 12 साल बाद भी अधूरा

## अब तक बने सिर्फ 6 पिलर, 10 गांव के लोग प्रभावित, बाढ़ में नाव ही सहारा

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय और समस्तीपुर के बीच बाया नदी है। यह नदी दोनों जिलों को अलग करती है, लेकिन दोनों को जोड़ने और आवागम सुगम बनाने के लिए 12 साल पहले पुल बनाने की योजना बनाई गई। पुल का शिलान्यास भी किया गया, लेकिन अब तक सिर्फ 6 पिलर ही बन पाए। पुल का एक छोड़ समस्तीपुर के मऊ में है और दूसरा बेगूसराय के विशनपुर में है। मऊ और विशनपुर को मिलाकर 10 गांव के लोगों को इस पुल की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन गांवों की आबादी करीब 50 हजार है, जो पुल के अभाव में 10 किमी अधिक दूरी तय करने को मजबूर होते हैं।

बाढ़ के समय में परेशानी और बढ़ जाती है। दियारा क्षेत्र करीब 3-4 महीने पूरी तरह से जलमग्न हो जाता है। ऐसे में नाव ही सहारा रहता है, जो जानलेवा भी होता है। पानी के निकलने के बाद लोग हर साल निर्माणाधीन पुल के बगल में कच्ची सड़क बनाते हैं। इसके लिए कोई चंदा देता है तो कोई श्रम दान करता है। कच्ची सड़क से लोग पैदल या बाइक से आना-जाना करते हैं, लेकिन बड़ी गाड़ी हो या फिर कार उसे 10 किमी दूर दादू पुल से गुजरना पड़ता है। पुल निर्माण क्यों नहीं हो रहा है, इस संबंध में स्पष्ट रूप से कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। मामला बछवाड़ा प्रखंड का है।

**चुनाव आता है तो अधिकारी नजर आते हैं :** स्थानीय ग्रामीण अजय कुमार राय ने बताया कि 12 साल से पाया खड़ा है। 2013 में विजय कुमार चौधरी ने शिलान्यास किया था। निर्माण पर 9 करोड़ खर्च होने हैं, पर अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है। कभी बोला जाता है भू-अर्जन की समस्या है तो कभी कहा जाता है कि कुछ और गड़बड़ी हुई है। सही जवाब कोई नहीं देता। जब चुनाव का समय आता है तो कुछ अधिकारियों को भेज दिया जाता है, जनता का वोट समेटने के लिए। वोटिंग की प्रक्रिया खत्म होने के बाद कुछ नहीं होता। बाढ़ के समय में इंजीनियर मापी करने आते हैं, बाढ़ खत्म होते ही



इंजीनियर गायब हो जाते।

**चंदा जमाकर कच्ची सड़क बनाते हैं :** स्थानीय निवासी अजय कुमार ने बताया कि हम लोग गांव में 10, 20, 200, 500 रुपए चंदा जमा करके हर साल कच्ची पुल बनाते हैं। मुखिया से भी मदद लेते हैं। मिट्टी भर कर किसी तरह से जाते-जाते हैं। विद्यापति नगर नजदीक में है, वहां कोल्ड स्टोर है। दियारा के किसानों का आलू इसी से होकर जाता है। हमारे बेगूसराय जिला के 10 गांव की आबादी इससे प्रभावित है।

**ढलाई से पहले जमींदारों ने अपनी जमीन कहकर निर्माण रुकवाया :** जहां पुल बन रहा है। वहां बाढ़ के समय बाया नदी उफान पर रहती है। बाया नदी में गंगा का पानी भी मिल जाता है। इसी कारण क्षेत्र में लोग पुल निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। 2008 में दुर्गा पूजा के अवसर पर तात्कालीन सांसद आलोक मेहता विशनपुर आएं थे। लोगों की मांग पर उन्होंने अखाड़ा घाट पर पुल बनवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद कोई पहल नहीं हुई।

इसी दौरान सरायरंजन के विधायक विजय कुमार चौधरी जब मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत पहुंचे तो लोगों ने फिर से मांग उठाई। इसके बाद उन्होंने 2013 में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की आधारशिला रखी। विनय सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से काम भी शुरू हो गया, किसी ने कोई सवाल नहीं उठाया। ग्रामीण बताते हैं, मऊ के कुछ लोगों ने अपनी जमीन बताकर पुल का निर्माण रुकवा दिया है। आवेदन देने वालों का दावा था कि हमारे जमीन पर पुल बनाया जा रहा है। जबकि, स्थानीय लोग बताते हैं कि यह जमीन उनकी नहीं, सरकारी जमीन है। विशनपुर के पूर्व मुखिया श्रीराम राय ने कहा, काम शुरू हुआ, इसके बाद जमींदार अड़ंगा लगाने लगे, जबकि यहां सरकारी और गैर मजरुआ जमीन है। अब तक कुछ क्लियर नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण पुल अर्धनिर्मित हालत में पड़ा हुआ है। करीब 9 करोड़ की लागत से पुल बनना शुरू हुआ था। पहले बोर्ड भी लगा हुआ था, लेकिन वो भी गिरा दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि दोषी हैं, खास करके विजय कुमार चौधरी। इसके साथ जितना भी पुल बनना शुरू हुआ, सब तैयार हो गया, आवागमन शुरू हो गया। वहीं, पुल निर्माण से संबंधित जानकारी लेने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई पर पर बात नहीं हो पाई।

**नदी में डूबकर लोगों की मौत हो जाती है**

मऊ धनेशपुर निवासी विमल राय ने बताया कि पुल के बिना सब लोग परेशान हैं, डूब कर कितने लोग हमारे गांव के मर चुके हैं। पुल नहीं है, रास्ता नहीं है, बहुत पानी रहता है। पानी की धार तेज होती है।

**खतरों से खेलकर नाव से करते है सफर**

समसीपुर दियारा के बुजुर्ग वासुदेव राय ने बताया कि पुल नहीं बनने से काफी तबाही है, क्या बताएं। सबसे अधिक परेशानी बाढ़ के समय होती है। खतरों से खेल कर नाव से आना जाना करना पड़ता है।

**पुल के नाम पर वोट लेकर चले जाते हैं, फिर पुल नहीं बनता**

रामबाबू राय ने बताया कि %विधायक जी आते हैं, पुल के नाम पर वोट लेकर चले जाते हैं, फिर पुल नहीं बनता है। लोगों को काफी परेशानी होती है, नाव से आना-जाना पड़ता है, हजारों लोग रोज अप-डाउन करते हैं।

## 6 मार्च को होगा सिंहेश्वर महोत्सव का उद्घाटन



**मधेपुरा, एजेंसी।** बिहार के सुप्रसिद्ध बाबा नगरी सिंहेश्वर में इस साल 6 से 8 मार्च तक सिंहेश्वर महोत्सव का आयोजन भव्य रूप में किया जाएगा। तीन दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक कला का प्रदर्शन किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, संसद, विधायक और गणमान्य हस्तियां मौजूद रहेंगे। सिंहेश्वर महोत्सव का उद्घाटन 6 मार्च को शाम 4:30 बजे होगा। महोत्सव के दौरान स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उद्घाटन समारोह के बाद पहले दिन सारेगामापा विनर इशिता विश्वकर्मा भक्ति और बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुति देंगी। 7 मार्च को जय झा अपनी मधुर आवाज में मैथिली और भक्ति संगीत की प्रस्तुति करेंगे। जबकि 8 मार्च को सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना पटवारी भोजपुरी, मैथिली और भक्ति गीतों से समा बांधेंगी।

इसके अलावा तीनों दिनों में स्थानीय एवं क्षेत्रीय के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। सिंहेश्वर महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह बिहार के पर्यटन और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच भी है। हर साल लाखों श्रद्धालु और पर्यटक बाबा सिंहेश्वर नाथ के दर्शन के लिए यहां आते हैं। इस बार आयोजन को और भव्य बनाने के लिए पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए सुरक्षा, परिवहन, स्वच्छता और चिकित्सा सेवाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है। महोत्सव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा, और प्रशासन हर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करेगा।

## बक्सर में हेलिकॉप्टर से दुल्हन लेने पहुंचा दूल्हा, देखने के लिए उमड़ा पूरा गांव

**बक्सर, एजेंसी।** आज हर कोई अपनी शादी को यादगार बनाना चाहता है। बिहार के बक्सर में ऐसी ही एक शादी देखने को मिली जो चर्चा का विषय बन गयी है। दरअसल, दूल्हा अपनी दुल्हन को लेने के लिए कोई लग्जरी गाड़ी नहीं बल्कि हेलीकॉप्टर से बारात लेकर पहुंचा था।

**हेलीकॉप्टर से आयी बारात:** बक्सर जिले में ब्रह्मपुर पंचायत के सोवा गांव में पहली बार हेलीकॉप्टर से बारात पहुंची थी। देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। ऐसा लग रहा था जैसे कोई बड़े नेता का भाषण होने वाला हो। गांव के ही मैदान में हेलीपैड का निर्माण किया गया था।

**1 मार्च को हुई शादी:** दरअसल, ब्रह्मपुर नगर पंचायत निवासी संजय महतो के पुत्र अमित कुमार का विवाह कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवा गांव निवासी शिवाजी सिंह की पुत्री सोनी कुमारी से तय हुई थी। विवाह 1 मार्च को संपन्न हुआ। शादी को खास बनाने के लिए दूल्हे के परिवार वालों ने फैसला लिया कि बारात हेलीकॉप्टर से जाएगी।

**14 लाख रुपए खर्च :** परिजनों के मुताबिक इस खास इंतजाम के लिए लगभग 14 लाख रुपये खर्च कर किराए पर हेलीकॉप्टर मंगवाया था। शनिवार की शाम हेलीकॉप्टर से बारात ब्रह्मपुर हाईस्कूल के मैदान से उड़ान भरकर सोवा गांव



पहुंची। ब्रह्मपुर हाई स्कूल के मैदान में हेलीकॉप्टर लैंड की गयी।

**दुल्हन को लेकर उड़ गया दूल्हा:** जैसे ही हेलीकॉप्टर गांव के आसमान में पहुंचा लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं हर कोई इस अनोखी बारात का गवाह बनने के लिए मैदान में एकत्रित हो गए। बारात आने के बाद शादी हुई और फिर अगले दिन दूल्हा अपनी दुल्हन को लेकर उड़ गया।

**गूगल में काम करते हैं अमित कुमार:** ब्रह्मपुर नगर पंचायत मुंबई में गूगल कंपनी में काम करते हैं। इसके अलावा इनका अपना व्यवसाय भी है। पिता खेती-किसानी के साथ व्यवसाय भी संभालते हैं। अमित ने कहा कि अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए हेलीकॉप्टर से बारात लाया गया। दूल्हा अमित कुमार ने कहा कि मेरे भाई की इच्छा के अनुसार सबकुछ हुआ है। इन लोगों ने कहा था कि आपकी शादी अनोखे तरीके से होगी। इसलिए हेलीकॉप्टर से बारात लायी गयी।

**अनोखी शादी की चर्चा :** बक्सर में अनोखी शादी की पूरे जिले में चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो भी अपलोड किए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहला मौका था जब गांव में हेलीकॉप्टर से बारात आई थी।

## बोली-पति ने कर ली दूसरी शादी

## घर में नहीं दी एंट्री, पुलिस के साथ पहुंची पत्नी 11 साल बाद कोर्ट के आदेश पर आई थी



**सीवान, एजेंसी।** सीवान के मैरवा थाना क्षेत्र के लगड़पुरा गंडक नहर स्थित एक एजेंसी प्रोपराइटर के यहां रविवार के दिन उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिहार पुलिस के सहयोग से न्यायालय सिविल जजसीनीयर डिवीजन /ए सीजीएम देवरिया घरेलू हिंसा वार्ड संख्या 4262/ 2018 के आदेश के अनुपालन में इश्तहार चस्पा करने पहुंची, जहां पुलिस के पहुंचते हीहंगामा खड़ा हो गया। हंगामा होते ही आस-पड़ोस के दर्जनों लोग इकट्ठा हो गए। वही घंटों बाद हंगामा शांत हुआ। वहीं पीड़िता मनसा देवी के प्रार्थना पत्र के आलोक में पीड़िता के पति कृष्ण चंद्र मिश्र को अपनी विवाहिता पत्नीको साथ रखना एवं अवरोध पैदा करने पर कानून के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करने का आदेश है।

**पीड़िता को लेकर लौटी पुलिस**

न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश दिया गया है कि प्रतिपक्षीकृष्ण चंद्र मिश्रा अपनी विवाहिता पत्नी को अपने गृहस्थी वाले निवास में सुविधा पूर्वक रखें। इसे लेकर मैरवा थानाएवं देवरिया जनपद के भटनी थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों के जवानों के मौजूदगी में घंटों मश्क्कत करती रही। जहां बाद में प्रतिपक्षी कृष्ण चंद्रमिश्रा के भाई प्रकाश चंद्र मिश्रा द्वारा लगड़पुरा स्थित मकान में हिस्सा नहीं होने की बात बताते हुए पुलिस को लिखित बयान दर्ज कराया गया। जिसके बाद पुलिस पीड़िता को लेकर चली गयी।

**प्रताड़ित करने का लगाया आरोप**

पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2012 में हमारी शादी 20 लाख रुपए दहेज देकर मैरवाके लगड़पुरा निवासी अरुण चंद्र मिश्रा के पुत्रकृष्ण चंद्र मिश्रा से हुई, शादी के कुछ ही दिनों के बाद घरवाले प्रताड़ित करने लगे। वर्ष 2013 में महज 4 माह की बेटी को लेकर मायके चली गयी। मैरवा थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश से महिला कोर्ट के आदेश के बाद मैरवा पहुंची थी,हालांकि मैरवा स्थित घर पर मौजूद महिला के भसुर प्रकाश चन्द्र मिश्रा का कहना है कि मैरवा का मकान उनका है,कृष्ण चन्द्र मिश्रा उनके भाई है उनको गांव में उनका हिस्सा दे दिया गया है,इसके बाद महिला वापस चली गयी है,फिलहाल मामले की अच्छे से जांच की जा रही है व उत्तर प्रदेश पुलिस का सहयोग किया गया।

## राज्य में हर व्यक्ति को 70 की जगह अब 135 लीटर पानी मिलेगा

**पटना, एजेंसी।** राज्य के लोगों को 24 घंटे पेयजल सप्लाई की योजना पर काम किया जा रहा है। हर व्यक्ति को 70 की जगह अब 135 लीटर पानी मिलेगा। उत्तर बिहार की नदियों के पानी को दक्षिण बिहार में ट्रांसफर किया जाएगा। इसके लिए योजना बनाई जा रही है। जलापूर्ति योजना के लिए पीएचईडी को 2000 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। राज्यभर में जलापूर्ति योजनाओं को पंचायती राज विभाग से स्थानांतरित करके लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सौंप दिया गया है। इसके लिए हर घर नल का जल निश्चय योजना के तहत करीब 7 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। नवंबर 2024 में राज्यव्यापी पेयजल सर्वेक्षण के तहत कुल 1,17,000 से अधिक योजनाओं का सर्वे हुआ था। सर्वेक्षण के क्रम में अक्रियाशील पाए गए कुल 5 लाख से अधिक घरों में हाउस कनेक्शन दे दिया गया है। अबतक कुल 9.35 लाख से अधिक घरों में नल का जल पहुंचाया जा रहा है। मास्टर प्लान की योजनाओं पर काम : बिहार के सभी जिला मुख्यालय, शहरों के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके साथ पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया सहित अन्य शहर का विस्तार किया जाएगा। जिससे शहर का फैलाव किया जा सके। 44 शहरों का जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान तैयार करने के लिए प्लानिंग एरिया अधिसूचित करते हुए प्लानिंग एरिया अथॉरिटी का गठन किया गया है। नगर निकायों को कचरा मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही नगर विकास व आवास के लिए 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। बिहार के 72045 वार्डों में घर-घर से कचरा उठाया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर कचरा उठाने के लिए लगभग 7000 ई-रिक्शा का इस्तेमाल होगा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अबतक चारों शहरों को 2800 करोड़ रुपए मिलेंगे। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत 27 शहरों में स्वीकृत 37 योजनाओं के माध्यम से सीवेज ट्रीटमेंट किया जाएगा।

# विवाहिता के आत्महत्या मामले में परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में विवाहिता का शव बरामद हुआ है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पहले बिजली करंट का झटका देकर और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई और फिर आत्महत्या साबित करने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया। वहीं, पुलिस का कहना है कि हत्या या आत्महत्या, दोनों पहलूओं पर छानबीन चल रही है।

**संदिग्ध हालत में मिली लाश:** यह घटना गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र की है। जहां भोकतौरी में विवाहिता का शव होने की सूचना पुलिस को मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे से झूलते शव को बरामद किया। पुलिस ने घटनास्थल को पहुंचकर विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच की और फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

**बिजली का करंट दे-देकर मार डाला**

मृतका की पहचान सतीश प्रसाद की 22 वर्षीय पत्नी विभा कुमारी के रूप में हुई है। वहीं, सूचना मिलते ही मृतका के मायके भदवर थाना के टंडवा से लोग भोकतौरी गांव को पहुंचे। बेटी का शव देखते ही परिजनों में चित्कार मच गया। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की बेरहमी तरीके से हत्या की गई है। हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया था ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिखाया जा सके।

**हिरासत में पति समेत ससुराल पक्ष के लोग**

वही, पुलिस ने फिलहाल ससुराल वालों को हिरासत में लिया है। मृत विवाहिता के पति, देवर, ससुर, सास को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले को लेकर ससुराल वालों ने पुलिस को बताया है कि विभा के मोबाइल में कुछ आपत्तिजनक फोटो थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच नोकझोंक हुई थी।

एफएसएल और टेक्निकल सेल की मदद से तहकीकात जारी है। डुमरिया थाना के थानाध्यक्ष दिनेश कुमार का कहना है कि भोकतौरी गांव में एक विवाहिता का शव बरामद किया गया है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। यह हत्या है या आत्महत्या, दोनों पहलूओं पर पुलिस की जांच चल रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। मृतक के परिजनों के द्वारा केस दर्ज किया गया है और ससुराल के कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

**दो साल पहले हुई थी शादी**

मृतक के पिता विजय प्रसाद और भाई राहुल कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में भोकतौरी गांव में सुरेश प्रसाद के पुत्र सतीश प्रसाद से विभा की शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही मारपीट और प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज को लेकर लगातार यह सब जुल्म चल रहा था। मृतक के पिता विजय प्रसाद ने कहा कि पहले उनकी बेटी को बिजली करंट से झटका दिया गया, जिसके कारण शव के गले और पैर में जले के निशान है। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। जहरीला इंजेक्शन भी दिया गया है। दोनों हाथों पर इंजेक्शन लगाने का दाग भी है। हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

## पार्टी मुख्यालय की परिक्रमा छोड़ें : कृष्णा :प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने कहा

**पटना, एजेंसी।** बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कांग्रेसियों से कहा कि पार्टी मुख्यालय की परिक्रमा छोड़ दें। फील्ड में जाकर जनता की परिक्रमा करें, संगठन को मजबूत बनाएं। विधानसभा चुनाव के टिकटों में उनको ही तरजीह मिलेगी, जिनका जनाधार है, जो जनता के बीच रहते हैं। जो नेता सिर्फ परिक्रमा में व्यस्त रहते हैं, उन्हें चिह्नित किया जाएगा। वे रविवार को सदाकत आश्रम में 'संविधान बचाओ एवं बिहार बचाओ' सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ओबीसी/ईबीसी वर्ग को विश्वास दिलाया कि पार्टी इस वर्ग की भागीदारी में सुधार करेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# वरमाला के दौरान बच्चे के सिर में लगी गोली, मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में रविवार को शादी समारोह में वरमाला के दौरान एक बच्चे की गोली लगने से मौत हो गई। बच्चे का नाम आशीष कुमार(06) है। दरअसल, शनिवार रात जगदीशपुर के अगरूआं गांव से तेतरिया गांव निवासी राम बच्चन यादव के यहां बारात आई थी। वरमाला के दौरान हर्ष फायरिंग हो रही थी। इसी बीच आशीष के सिर में गोली लग गई। आनन-फानन में आशीष को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया। पटना में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के गुस्साए ग्रामीणों ने सोमवार को आरा–सासाराम मुख्य मार्ग के पास तेतरिया मोड़ पर आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। मृतक के परिजनों ने साजिश के तहत बच्चे की हत्या का आरोप लगाया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव की है।




**वरमाला के स्टेज पर लगी गोली:** डिग्री सिंह ने बताया, 'पड़ोस में ही राम बच्चन की बेटी की शादी थी। बारात, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अगरुआ गांव से आई थी। आशीष, अपने मम्मी–पापा और बहन के साथ शादी समारोह में शामिल होने गया था। वरमाला के दौरान सभी स्टेज के पास खड़े थे। इसी दौरान लड़की वालों की तरफ से छत से हर्ष फायरिंग की जा रही थी।

♦ परिजन बोले- साजिश के तहत की हत्या, एक साल पहले दादा का हुआ था मर्डर

**डिग्री सिंह के मुताबिक:** उदवंतनगर थानाध्यक्ष ने कहा कि 'शादी समारोह में बच्चे को गोली लगी थी, जिसकी पटना में मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।'

# बक्सर में ऑटो से 216 लीटर शराब, चालक गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के वीर कुंवर सिंह गंगा पुल पर उत्पाद विभाग की पुलिस ने एक ऑटो से 216 लीटर शराब बरामद की है। बताया गया कि ऑटो की छत पर बने विशेष तहखाने में 24 कार्टन शराब छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बक्सर जिले के सोहनी पट्टी निवासी एमडी राज के रूप में हुई है। वह नबाब रजक का पुत्र है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह यूपी के भरौली से शराब लेकर बिहार आ रहा था। बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्कर नए-नए तरीकों से शराब की तस्करी कर रहे हैं। होली के करीब आने से शराब की मांग बढ़ी है। चेकपोस्ट पर तैनात टीम ने ऑटो को रोका और जांच की। छत पर पर्दे के नीचे छिपा तहखाना मिला, जिसमें शराब रखी थी।

♦ छत पर बने तहखाने में छिपाकर ला रहा था, पुलिस ने वाहन को किया जब्त

**चालक से पूछताछ जारी:** उत्पाद अधीक्षक प्रभारी आलोक कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है। इससे अन्य तस्करों का भी पता चल सकता है। शराब की तस्करी में इस्तेमाल ऑटो को जब्त कर लिया गया है। विभाग शराब तस्करी पर कड़ी नजर रख रहा है और आगे और सख्त कार्रवाई करेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## शहर के 11 केंद्र पर इंटर व मैट्रिक की कॉपियों का हुआ मूल्यांकन

**आरा**। जिले के छह केंद्र पर मैट्रिक की परीक्षा के कॉपियों का मूल्यांकन 10 मार्च तक होगा। मॉडल इनस्टीच्यूट उच्च माध्यमिक विद्यालय, डॉ. नेमीचन्द शास्त्री कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, अमीरचन्द बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, एसबी उच्च माध्यमिक विद्यालय, हर प्रसाद दास जैन स्कूल और जैन कन्या पाठशाला उच्च माध्यमिक में मैट्रिक की कॉपी का मूल्यांकन किया जा रहा है। इधर, आठ मार्च तक इंटर की परीक्षा के कॉपियों का मूल्यांकन होगा। इसके लिए राजकीय उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, हित नारायण क्षत्रिय उच्च माध्यमिक विद्यालय, टाउन उच्च विद्यालय और मानो बैजनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय कुल्हड़िया को केंद्र बनाया गया है जहां रविवार को कॉपियां का मूल्यांकन हुआ। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि सभी मूल्यांकन केंद्र पर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। मूल्यांकन केंद्र के आसपास शांति बनाए रखने के लिए धारा- 144 लगाया गया है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बगैर पास के किसी भी व्यक्ति को मूल्यांकन केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ हो सके उसे ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

## घटना के दो माह बाद भी न शव मिला, न गिरफ्तारी

**आरा**। 6 जनवरी को धोबहा थाना क्षेत्र के बाघी पाकड़ गांव में विवाहिता सरिता देवी की जहर देकर हत्या कर शव छुपाने की घटना में पुलिस ने घटना के दो माह बीतने के बाद भी अभी तक शव को नहीं ढूंढ पाई और नही आरोपियों की गिरफ्तारी ही कर पाई। सरिता के पिता राजकुमार प्रसाद ने 6 जनवरी 2025 को धोबहा थाना में उसके पति शंभू प्रसाद, सास मीना देवी, ननद समिता कुमारी, गोतनी विद्या देवी और बहनोई ओमप्रकाश को नामजद आरोपी बनाया है।धोबहा थाना अध्यक्ष वर्षा रानी ने बताया कि अब तक शव नहीं मिला है। पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम ने शिवपुर गंगा घाट और आसपास के घाटों पर तलाशी ली। बक्सर से गोताखोर बुलाकर गंगा नदी में भी खोजबीन कराई गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। घर पर ताला लगा हुआ है। सरिता टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल वार्ड नंबर 26 निवासी राजकुमार प्रसाद की बड़ी बेटी थी। 28 फरवरी 2016 को उसकी शादी बाघी पाकड़ गांव के शंभू प्रसाद से हुई थी। शंभू धोबहा बाजार में खाद-बीज की दुकान चलाता है। पिता राजकुमार प्रसाद ने बताया कि घटना के दो माह बीतने के बाद भी पुलिस न तो सरिता के शव को ही ढूंढ पाई ।आरोपी अभी भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने बहोरनपुर थाना, डॉग स्क्वायड और गोताखोरों के साथ सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक शिवपुर गंगा घाट पर सर्च ऑपरेशन चलाया। शव नहीं मिला। एक जनवरी को हुआ था विवाद, चार जनवरी को दी गई थी जहर एक जनवरी को दहेज को लेकर सरिता और शंभू में विवाद हुआ। शंभू ने उसके साथ मारपीट की। घटना के समय सरिता की छोटी बहन सावित्री कुमारी भी ससुराल में थी। चार जनवरी को ससुराल वालों ने फिर मारपीट की और जबरन सल्फास की गोली खिला दी। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे सदर अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। पटना ले जाते समय दानापुर में उसकी मौत हो गई। इसके बाद ससुराल वाले शव लेकर गांव लौट आए। सरिता की बहन सावित्री ने पिता को घटना की जानकारी दी। मायके वाले बाघी पाकड़ गांव पहुंचे, लेकिन ससुराल पक्ष शव को छुपाने के लिए शिवपुर घाट ले गया। मृतका के दो बच्चे हैं। चार साल का बेटा रुद्रांश और छह साल की बेटी परी।

## बच्चे के विवाद में मारपीट, नौ पर एफआईआर

**आरा**। कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के केवटिया गांव बच्चों के विवाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में एक पक्ष के एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार को अचरज लाल के टोला निवासी पवन यादव को कुछ लोगों ने पीटकर जख्मी कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार के लोगों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल आरा में भर्ती कराया जहां घायल का इलाज किया जा रहा है।घायल पवन यादव ने सात नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कृष्णगढ़ थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि बच्चे को लेकर हुए विवाद में मारपीट हुई। इसमें पवन कुमार, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार, उपेंद्र कुमार समेत अन्य आरोपी शामिल है। सभी मझौली गांव के रहने वाले हैं। घायल पवन यादव के बयान पर सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।पुलिस घटना की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

## अधिकार स्वाभिमान महारैली का हुआ आयोजन

**बक्सर**| रविवार को बक्सर स्थित किला मैदान में बक्सर जिला दलित, अतिपिछड़ा स्वाभिमान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले अधिकार स्वाभिमान महारैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सहसंयोजक रामचीज प्रजापति, गौतम चौहान समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। रैली में मौजूद पूर्व प्रत्याशी सरोज राजभर ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य दलित अति पिछड़ों को स्वाभिमान से जीने का हक दिलाना है। जिस प्रकार से दलितों व अतिपिछड़ों पर जुल्म, ज्यादती और अत्याचार किया जा रहा है। देश की आजादी के बाद दलित और अति पिछड़ों को अधिकार नहीं मिला है। इन्हें अधिकार दिलाने को लेकर हम लोग बक्सर से शुरुआत कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों को अब दावेदारी नहीं, भागीदारी चाहिए सत्ता में भी हिस्सेदारी होनी चाहिए।

## सामाजिक संगठनों से जुड़ बड़े पैमाने पर करते हैं पौधरोपण

**आरा**| आनंद कुमार पिछले 15 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। पौधारोपण, नदी बचाओ अभियान, स्वच्छता, प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता, पक्षी बचाओ और जल संरक्षण में लगातार सक्रिय हैं। अब तक 25000 से ज्यादा पौधे समाज के विभिन्न लोगों के सहयोग से लगवा चुके हैं। यह आरा शहर में चौक बड़ी मस्जिद के निकट निवासी श्री अशोक कुमार और स्वर्गीय संयुक्ता देवी के पुत्र हैं। अपनी माता जी की प्रेरणा से ही यह समाज-सेवा में हैं। मानसून शुरू होते ही अपनी टीम और सामाजिक संगठनों के साथ बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाते हैं। यह अभियान अक्टूबर से नवंबर तक जारी रहता है। इसके बाद लगाए गए पौधों की देखभाल शुरू होती है। गर्मी में अधिक से अधिक पौधों को संरक्षित करने की कोशिश की जाती है। पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तनों में पानी रखने का अभियान भी गर्मी के दौरान व्यापक रूप से चलाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम और सेमिनार कराते हैं। लोगों के जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश देते हैं। आनंद कुमार "यूथ फॉर सेवा", "गंगा समग्र", "रेड क्रॉस सोसाइटी", "दिशा एक प्रयास" और अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उनके इस कार्य के लिए भोजपुर जिला प्रशासन, मेघालय के राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया, मां ब्लड बैंक पटना, रेडक्रॉस सोसाइटी और स्किल माइंड्स फाउंडेशन ने सम्मानित किया है। आनंद को पीपुल्स चॉइस अवॉर्ड, द अचीवर्स अवॉर्ड और काशी विद्यापीठ द्वारा पर्यावरण संरक्षण अवॉर्ड भी मिल चुका है। -पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने के लिए 7279040427 पर संपर्क किया जा सकता है।

## आरा में 6 घंटे कटेगी बिजली

**आरा**। आरा शहर के पप्पू त्रिपाठी ,नाला मोड़ , जय हिंद कॉलोनी,तरी मुहल्ले में छह घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद । आज 03 मार्च दिन सोमवार की सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी । सहायक विद्युत अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि उक्त अवधी में नए 315 के.वी.ए ट्रांसफार्मर से एल.टी केबल केबल का कार्य करने। ताकि आने वाले दिनों में निर्बाध बिजली दिया जा सके।

**काम पूरा होने के बाद होगी सप्लाई:** साथ ही इस क्षेत्र के सभी पोल व जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी ताकि बिजली उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो,के लिए सभी बिजली उपभोक्ताओं से सूचना देकर अपील की गई है बिजली से जुड़ा कार्य को समय से पहले निपटा ले । क्योंकि शहर के इन इलाकों में बिजली नही रहेगी ।

# लूटकांड के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के तीयर थाना पुलिस ने लूट कांड में फरार चल रहे तीन वांछितों के घरों पर विधिवत इश्तेहार चस्पाया। धनगाई थाना क्षेत्र के चकवा गांव निवासी राकेश यादव, उसी थाना क्षेत्र के दीघा गांव निवासी चुनमुन पासवान एवं तरारी थाना क्षेत्र के वरसी गांव निवासी विजय यादव के घरों पर इश्तेहार का तामिला कराया गया।

**बाइक से पीछा कर घटना को दिया था अंजाम:** दरअसल, 20 मई वर्ष 2023 को बक्सर जिला के नावानगर थाना क्षेत्र के गिरीधर बरांव गांव निवासी राज कुमार रात में बिहिया थाना क्षेत्र के चकरही गांव से बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तीयर थाना क्षेत्र के महुआंव गांव के दक्षिण रोड पर अपाचे बाइक से पीछा कर चार अज्ञात बदमाशों ने मारपीट और फायरिंग कर उनकी बाइक, दो मोबाइल और दो सोने का चेन लूट लिया था। इसके बाद पीड़ित राज कुमार द्वारा तीयर थाना में 21 मई 2023 को चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट कर लूटपाट करने को लेकर प्राथमिकी कराई थी। जिसके बाद पुलिस के अनुसंधान के क्रम में चार का नाम आया था। धनगाई थाना क्षेत्र के चकवा गांव निवासी विकास यादव को जेल भेजा गया था। जबकि, तीनों उसी समय से फरार चल रहे है।

# भोजपुर में सड़क हादसे में चाचा की मौत, भतीजी घायल

♦ तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, तिलक का सामान पहुंचाकर लौट रहे थे


निज संवाददाता। आरा

आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप रविवार की शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे अधेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठी बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा जख्मी बच्ची को इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी ले जाया गया। उधर घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई।




**तिलक का सामान पहुंचाने गए थे:** जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोला निवासी सोभी पंडित के बेटे रामानंद पंडित (57) हैं। वह पेशे से आलू विक्रेता थे। जबकि जख्मी पीरो थाना क्षेत्र के रामयाद टोला जितौरा निवासी कृष्णा कुमार की बेटी और मृतक की भतीजी अदिति कुमारी (09) है। इधर मृतक के बेटे सोनू कुमार ने बताया कि पीरो थाना क्षेत्र के रामयाद टोला जितौरा निवासी उनके साले आनंद पंडित की बेटी नेहा कुमारी का रविवार को तिलक था, जिसको लेकर वह बाइक से सामान लेकर वहां पहुंचाने गए थे। सामान देकर जब वह अपने साले कृष्णा कुमार की बेटी आदिति कुमारी को साथ बाइक से वापस आरा लौट रहे थे। उसी दौरान मलथर पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें उनके पिता रामानंद पंडित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि आदिति कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी लाया गया। सूचना पाकर परिजन भी आरा अस्पताल पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी मालती देवी एवं इकलौती संतान सोनू कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मालती देवी हम परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खुद को सीने में मारी गोली, बुलेट आर-पार



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में रविवार शाम एक युवक ने खुद को सीने में गोली मार दी। बुलेट आर-पार हो गई। घायल जगदीशपुर थाना क्षेत्र के देवकी सिंह टोला निवासी हरेंद्र सिंह के बेटे विश्वजीत कुमार (31) है, जो खुद से परेशान हैं। विश्वजीत कुमार ने कहा, ' मैंने अपने आप को गोली मारी है, क्योंकि मैं खुद में टॉर्चर फील कर रहा था। विश्वास नहीं दिला पा रहा कि मैं अच्छा हूं या बुरा। मैं सब पर भरोसा करता था। ऐसा लगता था कि सब मुझसे फ्लर्टिंग कर रहे हैं। मैटर लड़की का नहीं है। मैं किसी का विश्वास नहीं जीत पा रहा था। मैं सुसाइड भी कर सकता था, पर मैंने दिल में गोली मारी कि जिंदा रह कर अहसास कर सकूं कि मौत से भी दर्दनाक स्थिति को झेल सकते। मैं कुछ नहीं करता हूं। किसी से कोई विवाद नहीं है। मैं शराब पीता था। दिन में लगता था कि गलत किया।

♦ घायल बोला, अच्छा हूं या बूरा विश्वास नहीं जता पाया, जिंदा रहकर मौत से ज्यादा दर्दनाक स्थिति झेलना चाहता

मम्मी-पापा को इज्जत नहीं देता था। पैसा पानी की तरह बहाता। मैं अपने आप से संतुष्ट नहीं था'।

**बैक साइड की हट्टी तोड़ते बुलेट हुई आरपार:** विश्वजीत ने खुद को गोली घर से कुछ दूरी पर जाकर मारी थी। बुलेट विश्वजीत के बैक साइड की हड्डी को तोड़ते हुए आरपार हो गई। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग और परिजन उसके पास पहुंचे और इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। विश्वजीत ने जिस जिस हथियार से फायरिंग की वो अवैध है। उसके पास पिस्टल कहां से आया, ये किसी को नहीं पता है, इसपर जांच की जा रही है।

**मानसिक आरोग्यशाला में चल रहा इलाज:** जख्मी युवक के भाई सर्वजीत ने बताया कि मैं बाहर था। तभी ग्रामीणों ने सूचना दी कि विश्वजीत ने घर से कुछ दूरी पर बोरिंग के पास खुद को गोली मार ली है। हथियार किसका है यह मालूम नहीं है। दो-तीन साल से कोईलवर स्थित मानसिक आरोग्यशाला में भाई का इलाज कराया जा रहा है।

# सनातनी को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का अभियान जारी

निज संवाददाता। बक्सर

ऐतिहासिक नगर बक्सर अब सिर्फ धार्मिक मान्यताओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसकी समृद्ध सनातन विरासत अब राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बन चुकी है। महर्षि विश्वामित्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे का मानना है कि यह बदलाव किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि विश्वामित्र सेना के लगातार किए गए अथक प्रयासों का ही फल है। उनकी पहल के चलते बक्सर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल रही है।बक्सर का नाम आते ही हमें रामायण काल की याद आती है, क्योंकि यह वही भूमि है जहां भगवान श्रीराम ने महर्षि विश्वामित्र से शिक्षा प्राप्त की थी। यहां की धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत अयोध्या और काशी से भी पुरानी मानी जाती है, लेकिन दुर्भाग्यवश इसे वह पहचान नहीं मिली, जिसकी यह हकदार थी। राजकुमार चौबे वर्षों से इस दिशा में कार्य कर रहे हैं और बक्सर की सनातनी परंपरा को फिर से जीवंत करने का प्रयास कर रहे हैं। राजनीतिक मंचों पर क्यों गूंज रही है बक्सर की विरासत? अब तक केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्तर पर ही बक्सर की चर्चा होती थी, लेकिन अब राजनीतिक दल और बड़े नेता भी इस पर खुलकर बोलने लगे हैं। विश्वामित्र सेना द्वारा की गई जन-जागरूकता मुहिम और बक्सर के गौरव को पुनर्स्थापित करने के प्रयासों का ही असर है कि आज यह विषय राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनता जा रहा है। श्री चौबे ने इस बदलाव को सनातनी पहचान की बड़ी जीत करार दिया है।



# साबित खिदमत फाउंडेशन हर माह 90 विधवाओं को देता है राशन



निज संवाददाता। बक्सर

साबित फाउंडेशन सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता है। फाउंडेशन के निदेशक डॉ दिलशाद हर माह शहर के विभिन्न मुहल्लों के कुल 90 असहाय विधवाओं के बीच राशन का वितरण करते हैं। इसके अलावा गरीबों के बीच वस्त्र वितरण करने के लिए कपड़ा बैंक का भी संचालन करते हैं। डॉ दिलशाद ने बताया कि विधवाओं के बीच राशन वितरण का कार्य करोना काल के पहले से चला आ रहा है और आगे भी चलता रहेगा। हर माह विधवाओं को 5 किलो आटा, चावल का वितरण साबित खिदमत फाउंडेशन की ओर से किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बीच कोई पर्व आता है तो उस अवसर पर उनके बीच फल आदि का भी वितरण किया जाता है। अगर कोई भी विधवा जो असहाय हो तो वह फाउंडेशन से आधार कार्ड के साथ सीधे संपर्क कर सकती है। उसके बाद उन्हें भी हर माह राशन दिया जाने लगेगा। उन्होंने बताया कि हमारे संस्था के सदस्यों को असहाय विधवाओं को चिन्हित कर उन्हें राशन का लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# नगर परिषद की सफाई मित्रों के लिए शिविर का आयोजन

♦ बक्सर में खुलवाए गए बैंक खाते, कर्मियों का कराया गया शुगर टेस्ट

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर किला मैदान स्थित रामलीला मंच पर सफाई मित्रों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। नगर परिषद के आयोजित शिविर में सफाई मित्रों के नए बैंक खाते खोले गए। साथ ही, उन्हें नई वर्दी वितरित की गई और उनका स्वास्थ्य जांच भी कराया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सफाई मित्र नगर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफाई मित्रों के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत उन्हें आईडी कार्ड, 5 लाख तक का बीमा कवर और आवश्यक कपड़े प्रदान किए गए।




**शिविर लगाकर खोला गया बैंक खाता:** इस कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई मित्रों को ट्रैक सूट, टी-शर्ट, कैप, ग्लव्स,जूता,मास्क एवं महिलाओं के लिए साड़ी वितरित की गई। उन्होंने कहा कि शिविर लगाकर बैंक खाते खुलवाने का मुख्य उद्देश्य सरकारी सुविधाओं और वेतन का सीधा भुगतान सुनिश्चित करना है।

**सफाई मित्रों का हुआ शुगर टेस्ट:** इससे वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता बनी रहेगी। आगे भी सफाई कर्मियों को सरकारी योजना का लाभ माइलेनिस्के लिए आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। स्वास्थ्य परीक्षण में सफाई मित्रों के रक्तचाप और शुगर की जांच की गई। नगर परिषद ने उन्हें कार्यस्थल के लिए नई वर्दी भी प्रदान की। ताकि वे अपने कार्यस्थल पर उचित ड्रेस कोड में रह सकें। सफाई कर्मियों ने इस पहल का स्वागत किया। उनका कहना है कि यह कदम उनके स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के लिए फायदेमंद होगा। नगर परिषद ने भविष्य में भी ऐसे कल्याणकारी कार्यक्रम जारी रखने का वादा किया है।

# दो घरों में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में रविवार की रात दो घरों अलगली से लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी पाकर मौके पर जुटे लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। घटना, बाखरपुर के पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर 1 के आमापुर गांव की है। हादसे के वक्त सभी घर पर थे। हालांकि, आग की गुब्बार देख किसी तरह घर से बाहर निकले। शोर मचाने के बाद आसपास के लोग पहुंचे तब आग पर काबू पानी की कोशिश शुरू हुई। वही, इस घटना में मनकी मंडल की पांच बकरियां और बकरी का बच्चा भी जिंदा जल गया। जेवर सहित बक्से में रखा नगद भी जल गया। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं: वहीं प्रमोद मंडल के घर में अगलगी से जेवर, साइकिल सहित तकरीबन 50 हजार रुपए कैश भी जल गए। घटना की सूचना पाकर बाख़रपुर थाने की पुलिस अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंच जांच में जुट गई है। पीड़िता सुलेखा देवी ने बताया कि आग कैसे लगी है। इसकी जानकारी नहीं है।

# 9 को सैंडिस कंपाउंड में महासत्संग मंच व पंडाल का निर्माण कार्य शुरू

निज संवाददाता। भागलपुर

आर्ट ऑफ लिविंग और समय (सामाजिक संगठन) के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 9 मार्च को सैंडिस कंपाउंड में महासत्संग का आयोजन होगा। इसमें आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता गुरुदेव श्री श्री रविशंकर मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम को लेकर मंच एवं पंडाल निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। ये बातें रविवार को गोशाला में प्रेस वार्ता के दौरान आयोजन समिति सदस्य रोहित बाजोरिया ने कहीं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। समय संस्था के अध्यक्ष गिरधारी केजरीवाल ने कहा कि महासत्संग कार्यक्रम के माध्यम से एक दूसरे से लोगों का आपस में जुड़ाव होगा। इससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन बढ़ेगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए विशेष रूप से अहमदाबाद से चेतांसी दीदी, कोलकाता से पल्लव हालदार, बनारस से आनंद, सूरत से मेहुल केसवानी, मुंबई से प्रशांत वाडकर, मुंबई से मयूर कांबले, दिल्ली से आकर्षक, दिल्ली से डिंपल, बेंगलुरु से साकेत सिंह, बेंगलुरु से स्वामी अभिषेक, बेंगलुरु से ऋतु जैन, ब्रह्मचारी विभोधानंद और नारायनपुर बिहार से रतन अपने-अपने ग्रुप से शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाकर प्रचार कर रहे है। मौके पर सुनील जैन, रोहित बाजोरिया, शरद सालारपुरिया, प्रदीप दास मौजूद थे। साथ ही लोगों को महासत्संग में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दे रहे है।

# वीसी के खिलाफ दबाव निंदनीय : उत्थान समिति

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा राजभवन के आदेश को न मानने का दबाव बनाया जा रहा है। शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उत्थान समिति ने इसे निंदनीय बताया है। उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार पोद्दार ने कहा कि बीते 6 अगस्त को जारी राजभवन के आदेश को न मानने का दबाव वे लोग वीसी पर बना रहे हैं। ये सभी दागी और शिक्षक विरोधी हैं। एक अधिकारी शिक्षक पर घोटाले के आरोप हैं। आठ वर्षों से विश्वविद्यालय में पदाधिकारी हैं। दूसरे अधिकारी राजभवन के निर्देश के विपरीत प्रभारी प्राचार्य बने हुए हैं। लीगल अफसर के पद पर भी बने हुए हैं। शिक्षकों के प्रमोशन से जुड़े दस्तावेज गायब करने का भी आरोप है।

# दोपहर में घर लौटा और फांसी लगा दी जान

**मुंगेर**। मुंगेर कोतवाली थाना क्षेत्र के कष्टहरणी घाट रोड में रविवार को 18 वर्षीय युवक किट्टू कुमार ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद शव को फंदे से उतारा गया। सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। किट्टू दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस उसके मोबाइल की जांच कर रही है। मृतक की मां सुलोचना देवी ने बताया कि किट्टू शनिवार को पटना गया था। रविवार दोपहर घर लौटा और अपने कमरे में सो गया। उसकी वृद्ध मां दूसरे कमरे में थी। शाम को जब कमरा अंधेरा हो गया तो सुलोचना देवी ने लाइट जलाकर बेटे को जगाने की कोशिश की। देखा कि वह फांसी के फंदे से झूल रहा था। उन्होंने पड़ोसियों को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को खबर दी। सूचना पर एसआई चंदन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को परिजनों की मदद से फंदे से उतारा गया। देर शाम होने के कारण रविवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक की मां ने बताया कि घर में सिर्फ वह और किट्टू थे। बड़ा बेटा राहुल कुमार ससुराल गया हुआ था। सूचना मिलने पर वह मुंगेर के लिए रवाना हो गया। किट्टू मजदूरी कर परिवार चलाता था। उसकी मां भी दूसरों के घरों में चौका-बर्तन कर गुजर-बसर कर रही थी। घर की स्थिति बेहद खराब है। मिट्टी के बने कच्चे मकान के एक कमरे में गमछे के सहारे फंदा लगाकर चौकी से लटक गया। पैर जमीन से एक इंच ऊपर था। हाथ-पैर अकड़ चुके थे। अनुमान है कि मौत छह घंटे पहले हुई। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सही कारण पता चलेगा। थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हैं। अब तक परिजनों की ओर से कोई आवेदन नहीं मिला है।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–27/औरंगाबाद/2024–25

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–264 अनु0 दिनांक–11.02.2025 द्वारा निर्गत ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–27/2024–25 जिसका पी0आर0नं0–019444 (BCD)/ 2024–25 में अंकित "**पुर्नः ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–26/औरंगाबाद/2024–25**" को "**ई निविदा आमंत्रण सूचना सं0–27/औरंगाबाद/ 24–25**" पढ़ा जाए।
**शेष सभी शर्ते पूर्ववत यथावत रहेगी।**

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No.20663 (BCD) 2024-25

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल औरंगाबाद
श्री कृष्ण मुरारी सिंह के मकान, वार्ड नं०–03, रोड नं०–01, सरस्वती पथ,
सत्येन्द्र नगर,औरंगाबाद–824101
Mobile No.-9470001322 , E-mail.eenhaurangabad@gmail.com

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 07 वर्ष–2025

कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय में अनुश्रवण कार्य हेतु भाड़े पर कम्प्यूटर, यू0पी0एस0, लेजर प्रिन्टर, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिए प्रतिमाह रखने हेतु निम्नांकित शर्तों के साथ इच्छुक कोटेशनदाता से मुहरबंद कोटशन आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक–11.03.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में, कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन दिनांक–11.03.2025 को 3.30 बजे अपराह्न में सक्षम पदाधिकारी द्वारा कोटेशनदाता अथवा उसके प्राधिकृत प्रतिनिधी के समक्ष खोली जाएगी ।
विस्तृत जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में सम्पर्क करें।
विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No.20497 (RCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



कार्यालय :–जिला यक्ष्माकेन्द्र, गढ़वा
Email Id:- dtojhgrh@rntcp.org

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2025/353

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्नमूलन कार्यक्रम गढ़वा के अन्तर्गत प्रयोगशाला के लिए प्रयोगशाला सामग्रीका क्रय किया जाना है, जिसके लिए इस सूचना के माध्यम से इच्छुक फर्म/प्रतिष्ठान सेद्वि लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा)सील बंद लिफाफे मे निविदा आमंत्रित की जातीहै। सील बंद लिफाफे में निविदा दिनांक 04.03.2025 से दिनांक 11.03.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्य दिवस में निबंधित डाक के माध्यम् से जिला यक्ष्माकेन्द्र, गढ़वा में जमा किया जा सकता है। दिनांक 12.03.2025 को 11:00 बजे अपराह्न में सिविलसर्जन कार्यालय के सभागार कक्ष में निविदा खोली जाएगी। निविदा कागजात गढ़वा जिले के बेबसाईट http://garhwa.nic.in_से डाउनलोड किया जा सकता है।निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

PR 347661 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,
जिला यक्ष्माकेन्द्र, गढ़वा

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा



DIRECTORATE GENERAL RESETTLEMENT
MINISTRY OF DEFENCE

JOB FAIR : MOTIHARI

7th March 2025 - 07:00 AM onwards
(Registration till 10:00 AM)
Venue : Gandhi Maidan, Motihari (Bihar)

Documents Required :
ESM I card and five copies of latest CV/Bio Data with photograph

BENEFITS FOR ESM JOB SEEKERS
Interact with Recruiters from Top PSUs/Corporates (Employers)
Hassle Free Recruitment Process
No cost access to Multiple Job Opportunities

BENEFITS FOR EMPLOYERS
Free access to Veterans talent pool
Register online & book your company's stall at www.dgrindia.gov.in
Allotment on first-come-first-serve basis

For further queries & assistance, please contact:

Joint Director (SE & CI)
Directorate General Resettlement
West Block IV, RK Puram, New Delhi-110066
Tel: (Office) 011-20862542
E-mail: seopadgr@desw.gov.in
Web: http://www.dgrindia.gov.in

DRZ (Central), Lucknow
Tel: 0522-2482833
E-mail: drzclkw@desw.gov.in
ESM & Venue Enquiries:
Mr. A K Bhagat
Mobile : 9085830295

CBC 10401/11/0026/2425


# पड़ोसी की गोली से घायल महिला की हो गई मौत

**मुंगेर**। नवटोलिया गांव की 42 वर्षीय बेबी देवी की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को पड़ोसी अभिनंदन यादव उर्फ प्रजा ने घर में घुसकर उन्हें गोली मार दी थी। पीड़िता को जख्मी अवस्था में परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर लाया था। जहां चिकित्सकों ने मरीज की स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज भागलपुर रेफर कर दिया था। भागलपुर से भी मरीज को चिंताजनक स्थिति में बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया था। पटना में बेबी देवी का इलाज चल रहा था। रविवार को इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। हमलावर अब भी फरार है। बता दें की कुछ दिन पहले प्रजा और नीतीश में कहासुनी हुई थी। जिसका बीच-बचाव उसके पिता पप्पू यादव ने किया था। इसी रंजिश में प्रजा ने गुरुवार को उसके घर आकर अचानक गोली चला दी। बीच-बचाव करने आई मां बेबी देवी को आंख के समीप गोली लग गई, जो उनके सर में ही फंसा रह गया।


कार्यालयः कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, कीनामाड़, लातेहार–829206
Website :- www.atmalatehar.in Email :- atmalatehar@gmail.com
Phone No.06565-297030

आवश्यक सूचना

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार के अन्तर्गत Agriculture Extension (Krishonnati Yojna) योजना के तहत प्रकाशित विज्ञापन संख्या–PR-257881 Agriculture (2021-22)-D एवं PR-276083 Agriculture (2022-23)-D के आलोक में प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित मेधा/चयनित सूची जारी कर दिया गया है जिसे आत्मा, लातेहार के वेबसाईट atmalatehar.in एवं लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक
(आत्मा) लातेहार।

PR 347674 (Agriculture) 24-25 (D)



न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू

नोटिस विविध अपील वाद सं0 – 99/2022–23

1.श्रीमति असलम आरा,पति–तौफिकुर रहमान उर्फ मुन्ना जी,ग्राम फागमारी, पो0+थाना– रमकण्डा ,जिला–गढ़वा,झारखण्ड।
2.श्रीमति सबनम आरा,पति–रमजान खान,ग्राम–छेछा,थाना–बरवाडीह,जिला–लातेहार,झारखण्ड।
– प्रथम पक्ष

बनाम

1.श्रीमति हुस्न आरा पति–मो0 इमतियाज एवं मो0 इरफान,पिता– एस0 के0 नुर मोहम्मद दोनो ग्राम+पो0–नावाबाजार,थाना–नावाबाजार(विश्रामपुर)
– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त विविध अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक– 19.01.2024 को सूचना भी निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 14.02.2023, निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 24.04.2025 निर्धारित है।
अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR347620 (District)24-25*D



कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

परामर्शी नियुक्ति हेतु ईच्छा की अभिव्यक्ति
आमंत्रण सूचना संख्या–05/2024–25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि नगर परिषद परिषद गढ़वा अन्तर्गत **STP (Sewerage Treatment Plant)** योजना का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी तथा ख्याति प्राप्त परामर्शीयों की 03 वर्श तक नियुक्ति हेतु आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक परामर्शी अपना दर, बायोडाटा आदि संलग्न कर मुहर बंद लिफाफे में दिनांक 10.03.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं एवं उसी दिन 04:00 बजे अपराह्न मे नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय कक्ष में परामर्शीदात्रियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम एवं शर्ते :–**
(1) परामर्शीदात्रियों को पैन कार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण–पत्र, अधतन आयकर रीटर्न की अभिप्रमाणित छाया प्रति, ISO Certificate 9001 आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
(2) परामर्शीदात्रियों को कोटेशन के साथ 5000/–जमानत राशि के रुप में बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा के पदनाम से, गढ़वा में देय हो को समर्पित करना अनिवार्य होगा तथा बिना जमानत राशि के कोटेशन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
(3) परामर्शीदात्रियों को सरकार के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त के अनुरुप डी0पी0आर0 तैयार करना होगा।
(4) सरकारी स्तर पर निर्गत इस तरह के कार्य का डी0पी0आर0 तैयार किए जाने संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करने वाले परामर्शी दात्री के आवेदन पर समान दर रहने की स्थिति में कार्य आवंटन पर प्राथमिकता दी जाएगी।
(5) प्राप्त भावपत्र आवेदन का निश्पादन नगर परिशद गढ़वा में गठित क्रय समिति द्वारा किया जाएगा।
(6) परामर्शीदात्री को आवेदन के साथ उनकी संस्था के विरुद्ध किसी प्रकार का कोई कार्रवाई या रुग्न अवस्था में नहीं हैं का शपथ–पत्र संलग्न करनी होगी।
(7) सफल परामर्शीदात्री के प्रत्येक विपत्र से 5% राशि कटौती की जाएगी Final D.P.R. ससमय संतोशप्रद रुप से सक्षम स्तर से स्वीकृतकराने के उपरांत राशि विमुक्त कर दी जाएगी।
(8) अन्य जानकारी के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में कार्य अवधि तक नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता हैं।
(9) पिछले 03 वर्षों का टर्नओभर प्रमाण–पत्र (कम से कम 03 करोड़) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(10) बिना कारण बताये परामर्शी नियुक्ति आमंत्रण को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा

PR 347580 Urban Development(24-25)#D



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/20/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 08.03.2025 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 10.03.2025 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 10.03.2025 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of Paver Block in Approach Road From Main Road to Forest Colony, Sudna, Daltonganj, Palamu. | 1159600.00 | 23500.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 2. | Installation of Deep Bore Well with submersible in the Campus of SC/ST Welfare Hostel , Daltonganj, Palamu. | 293500.00 | 6000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 3. | Laying of Paver Block from Office to Main Gate in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 2499800.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 4. | Laying of Paver Block from Office to Colony in District Forest Office , Daltonganj, Palamu. | 2172100.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 5. | Construction of Boundary Wall UPG Middle School at Ch echnaha under Block Nawabazar, Palamu. | 2305400.00 | 46500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6. | Construction of Washing Shed and Platform at Sadar Hospital at Daltonganj, Palamu. | 900400.00 | 18000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 7. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Daltonganj, Palamu. | 2382500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 8. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Chhattarpur, Palamu. | 2382500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 9. | Repair of Middle School, Latpauri Under Block Mohammadganj, Palamu. | 1756350.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 10. | Construction of Boundary Wall in Girls High School, Panki | 3491300.00 | 70000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 11. | E/R of Public Convenience Cum Office Superintendent Office at Collectorate, Palamu, Daltonganj. | 242000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 12. | E/R of Roof Asbestos Painting, Construction of Destructed Boundary Wall and Miscellaneous Works in DC, Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 246500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।
- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj**

PR 347548 Building (24-25)_D

संक्षिप्त समाचार

## बेंगलुरु के वाइल्ड लाइफ सीनियर साइंटिस्ट की हार्ट अटैक से मौत, 20 छात्रों के साथ गए थे पचमढ़ी



**नर्मदापुरम, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंस बेंगलुरु के वाइल्ड लाइफ सीनियर साइंटिस्ट डॉ अजीत कुमार नायक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई. डॉ अजीत नायक अपने 20 छात्रों के साथ रिसर्च के लिए एक सप्ताह के लिए पचमढ़ी आए हुए थे.

**जटाशंकर पहाड़ी के पास चक्कर खाकर गिरे थे डॉ अजीत नायक :** नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में शनिवार को डॉ अजीत नायक जटाशंकर की पहाड़ियों के पास छात्रों के साथ पैदल जंगल के रास्ते शोध के लिए जा रहे थे कि अचानक चक्कर खाकर जमीन पर गिर गए और बेसुध हो गए. छात्र उन्हें तत्काल नजदीकी मिलिट्री हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया.

गिद्धों को देखने के लिए जा रहा था दल
पचमढ़ी थाना प्रभारी आरडी झाड़े ने बताया कि बेंगलुरु से एक सप्ताह के लिए 20 स्टूडेंट्स का ग्रुप पचमढ़ी में रिसर्च के लिए आया हुआ था. वाइल्डलाइफ सीनियर साइंटिस्ट 73 वर्षीय डॉ अजीत कुमार इस दल को लीड कर रहे थे. शनिवार को स्टूडेंट्स के साथ वह गिद्धों को देखने के लिए जा रहे थे. इसी दौरान जटाशंकर पहाड़ी के पास गाड़ी खड़ी करने के बाद सभी साथी जंगल की ओर पैदल चल रहे थे. इसी दौरान साइंटिस्ट डॉ अजीत कुमार नायक चक्कर खाकर गिर गए. स्टूडेंट्स ने उन्हें लेकर नजदीकी मिलिट्री हॉस्पिटल पहुंचे जहां उन्हें डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. पचमढ़ी थाना प्रभारी आरडी झाड़े ने बताया कि डॉ अजीत कुमार की हार्ट अटैक से मौत हुई है. शनिवार को ही उनके शव का पोस्टमार्टम कराकर साथियों को सौंप दिया गया है।

## मणिपुर में हथियार जमा करने की अपील का असर, चार जिलों में लोगों ने जमा किए 20 हथियार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में शांति स्थापित करने की दिशा में सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं, जहां राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील और जिला पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के चलते, नागरिक स्वेच्छा से अपने गैर–कानूनी हथियारों को त्याग रहे हैं. रविवार को इंफाल ईस्ट, बिष्णुपुर, जिरीबाम और इंफाल वेस्ट जिलों में नागरिकों ने कुल 20 गैर–कानूनी हथियार समर्पित किए. इस बीच, मणिपुर पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ अपनी कार्रवाई में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. सेनापति जिले के केएसटीसी वेस्ट डंपिंग एरिया के पास, अपर काथिखो करोंग से, पुलिस ने 828 ग्राम ब्राउन शुगर (संदिग्ध) के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया. ये व्यक्ति 20 सोप केसेस में ब्राउन शुगर लेकर जा रहे थे. पुलिस ने इस मामले में एक चार–पहिया वाहन को भी जब्त किया है. इसके अलावा, इंफाल ईस्ट जिले के इरिलबंग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले नगरियान हिलटॉप से मणिपुर पुलिस ने केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इन पर हथियार और गोला–बारूद के परिवहन, जबरन वसूली और आम जनता, निजी व्यवसायों तथा सरकारी अधिकारियों को धमकाने जैसे गंभीर आरोप हैं। तलाशी के दौरान, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो 9 मिमी पिस्तौल, दो मैगजीन, दो चीन निर्मित हैंड ग्रेनेड और 9 मिमी के दस लाइव राउंड बरामद किए। कानून प्रवर्तन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले के लीमाखोंग पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में स्थित हराओथेल इलाके में एक गैर–कानूनी बंकर को ध्वस्त कर दिया। इसके अतिरिक्त, एक पूर्व ऑपरेशन में इंफाल वेस्ट जिले के लामशांग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सैरमखुल इलाके में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए। एक 5.56 मिमी इंसास लाइट मशीन गन (एलएमजी) जिसमें 20 राउंड से भरी मैगजीन, एक एके–56 राइफल, कई सेल्फ–लोडिंग राइफल, एक 9 मिमी एसएमजी कार्बाइन जिसमें एक भरी हुई मैगजीन, एक .303 राइफल और स्टैंडर्ड गन वर्क्स की एक डीबीबीएल बंदूक।

# नर्सिंग, पैरामेडिकल और फिजियोथैरेपी कोर्स में अब नीट यूजी से एडमिशन

**कोटा, एजेंसी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी का एंट्रेंस टेस्ट को आयोजित कर रही है। इस परीक्षा को लेकर राजस्थान के कैंडिडेट्स के लिए बड़ी खबर है कि अब राजस्थान की बीएससी नर्सिंग, फिजियोथैरेपी और पैरामेडिकल में लैब टेक्नीशियन की ट्रेनिंग के कोर्सेज में भी नीट यूजी के जरिए ही एडमिशन मिलेंगे। इसका निर्णय राजस्थान यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंस और मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी ने ले लिया है।

इनके लिए पहले आयोजित होने वाली अलग से परीक्षा भी नहीं ली जाएगी, लेकिन नीट यूजी में आवेदन में कैंडिडेट्स को समय भी कम मिला है। यह निर्णय जब लिए गए हैं तब कई कैंडिडेट्स को तो एक सप्ताह से कम का समय मिला है। साथ ही उन्हें जानकारी भी नहीं है। आरयूएचएस व एमएमयू ने जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार बैचलर आफ नर्सिंग , बैचलर ऑफ़ फिजियोथैरेपी , पैरामेडिकल यूजी कोर्स में बैचलर का रेडिएशन टेक्नोलॉजी और बैचलर ऑफ़ मेडिकल लब टेक्नोलॉजी कोर्सेज में एडमिशन मिलेगा। इन कोर्सेस में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी केवल इंडिया रैंक के बाद मेरिट कम च्वाइस आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग के जरिए एडमिशन दिया जाएगा।

इन कोर्स में एडमिशन लेने के लिए इच्छुक कैंडिडेट को नीट यूजी 2025 की परीक्षा देनी होगी। नीट यूजी के परिणाम के बाद काउंसलिंग की सूचना यूनिवर्सिटी जारी कर देगी। हालांकि इस नोटिफिकेशन में यह भी बताया गया है कि इन कोर्सेज के अलावा शेष यूजी और पीजी कोर्सेज में यूनिवर्सिटी स्तर पर आयोजित की जाने वाली परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग से एडमिशन मिलेगा।



### आरयूएचएस ने 28 फरवरी व एमएमयू ने 1 मार्च जारी किए नोटिफिकेशन

नीट यूजी से इन कोर्सेस में एडमिशन के लिए आरयूएचएस व एमएमयू ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। हालांकि कैंडिडेट्स के लिए कम ही समय इसको लेकर मिला है, क्योंकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की नीट यूजी की लिए आवेदन 7 फरवरी से शुरू हो गए थे। इसके बाद ही उन्होंने निर्णय किया था और अब आवेदन खत्म होने में महज चार दिन शेष है। यह नोटिफिकेशन भी आरयूएचएस ने 28 फरवरी को जारी किया गया है, जबकि मारवाड़ यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंस ने एक मार्च को निर्णय लिया है। साथ ही 1 मार्च को ही नोटिफिकेशन जारी किया है। दूसरी तरफ नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने भी नीट यूजी के आवेदन की तारीख बढ़ने से किसी तरह का इनकार किया है। उन्होंने नोटिफिकेशन भी जारी किया था।

## 10 रुपये के किराए को लेकर विवाद, रिक्शा चालक पर चाकू से हमला, एक गिरफ्तार

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई के पवई इलाके में 10 रुपये के किराए को लेकर शुरू हुआ मामूली झगड़ा हिंसक घटना में बदल गया। इस विवाद में एक व्यक्ति ने रिक्शा चालक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी अभी फरार है।

यह घटना तब हुई जब रिक्शा चालक शाहनवाज शेख अपने शेयरिंग रिक्शे में यात्रियों को ले जा रहा था। शेख प्रति यात्री 30 रुपये किराया लेता है। आरोपी अवधेश सरोज अपने भाई पवन सरोज और तीन बच्चों के साथ रिक्शे में सवार हुआ। यात्रा के बाद शेख ने पांच लोगों का किराया जोड़कर 90 रुपये मांगे। लेकिन, अवधेश ने कुल किराए पर सवाल उठाया और 10 रुपये की छूट मांगते हुए सिर्फ 80 रुपये देने की बात कही। शेख ने कम पैसे लेने से इनकार कर दिया। इसी बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। गुस्से में आकर अवधेश ने शेख पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। हमले के बाद अवधेश का भाई पवन मौके से भाग निकला। घायल शेख ने पास के पवई पुलिस स्टेशन पहुंचकर दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और घटना के दो दिन बाद अवधेश सरोज को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, दूसरा आरोपी पवन सरोज अभी भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

पवई पुलिस के मुताबिक, यह घटना छोटी सी बात से शुरू हुई। शेख को मामूली चोट आई है और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अवधेश के खिलाफ चाकू से हमले का केस दर्ज किया है और फरार आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। इस घटना ने इलाके में किराए को लेकर होने वाले झगड़ों पर सवाल उठाए हैं।

## सुरंग हादसे में अभी तक उस स्थल की सटीक जानकारी नहीं जहां लोग फंसे हुए हैं: मुख्यमंत्री

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार को कहा कि एसएलबीसी परियोजना की आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग में अभी तक उस स्थल की सटीक जानकारी नहीं है जहां आठ लोग फंसे हुए हैं,



हालांकि सरकार बचाव अभियान में तेजी लाने के प्रयास कर रही है। नागरकुरनूल जिले में दुर्घटनास्थल का दौरा करने के बाद रेड्डी ने पत्रकारों से कहा कि क्षतिग्रस्त 'कन्वेयर बेल्ट' की मरम्मत के बाद बचाव अभियान में तेजी आएगी। गाद निकालने में मददगार 'कन्वेयर बेल्ट' के सोमवार तक ठीक हो जाने की उम्मीद है। रेड्डी ने कहा, ''वे (बचावकर्मी) इस बात को पूरी तरह से नहीं समझ पा रहे हैं कि लोग और मशीन कहां फंसे हुए हैं। उनके पास केवल प्रारंभिक अनुमान है।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों को सुझाव दिया है कि यदि आवश्यक हो तो सुरंग के अंदर रोबोट का उपयोग किया जाए, ताकि बचावकर्मियों को किसी भी तरह के खतरे से बचाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार फंसे लोगों को निकालने के लिए दृढ़ है और पीड़ित परिवारों की सहायता करने के लिए भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'रैट माइनर्स' ने राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) द्वारा फंसे हुए लोगों के संभावित स्थान के रूप में पहचाने गए स्थानों पर खुदाई की, लेकिन इसमें किसी भी मानव की उपस्थिति का पता नहीं चला।

उन्होंने कहा कि सुरंग के अंदर भरे कीचड़ और पानी के कारण बचाव अभियान में बाधा आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान को एक निश्चित चरण तक पहुंचने में दो-तीन दिन और लग सकते हैं तथा उसके बाद ही बचावकर्मी आगे की कार्रवाई के बारे में बता पाएंगे। दुर्घटना को नौ दिन हो चुके हैं और अंदर फंसे कर्मियों की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर रेड्डी ने कहा कि वह केवल बचाव अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ही कुछ कह सकते हैं और इस मामले पर बयान देना जल्दबाजी होगा। श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग की छत ढहने से उसके नीचे 22 फरवरी से आठ लोग (इंजीनियर और श्रमिक) फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जोर-शोर से जारी है।

## आरसीटीसी एवं आईआरएफसी को मिला नवरत्न का दर्जा

एजेंसी | नयी दिल्ली

शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध भारतीय रेलवे के सभी सात केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम 'नवरत्न' बन गए हैं। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि सोमवार को भारतीय रेलवे के सूचीबद्ध उपक्रमों में बाकी दो उपक्रमों -भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को भी नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया। पांच सूचीबद्ध केन्द्रीय उपक्रम पहले ही नवरत्न की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं। इस प्रकार से सभी सात सूचीबद्ध केन्द्रीय उपक्रम नवरत्न बन गये हैं। यह महत्वपूर्ण बात है कि रेलवे के सभी केन्द्रीय उपक्रमों को नवरत्न का दर्जा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में मिला है और छह उपक्रमों को यह दर्जा मौजूदा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में मिला है। सबसे पहले जुलाई 2014 में भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकोर) को नवरत्न का दर्जा मिला था। इसके बाद मई 2023 में रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को, अक्टूबर 2023 में रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड (राइट्स



लिमिटेड) एवं इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को, भारतीय रेलटेल निगम लिमिटेड को अगस्त 2024 में तथा मार्च 2025 में आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे के 12 उपक्रम हैं और उनमें से 7 उपक्रम शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध हैं। सभी रेलवे उपक्रम लाभ कमाने वाले उपक्रम हैं। इनका संचयी लाभ वित्त वर्ष 2020-21 में 7015 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 11 हजार 780 करोड़ रुपये हो गया है। सभी सूचीबद्ध रेलवे उपक्रमों का बाजार पूंजीकरण पिछले 3 वर्षों में करीब तीन गुना से बढ़ा है। रेलवे उपक्रमों की पूंजी मार्च 2021 में 1.15 लाख करोड़ रुपये से बढ़ कर दिसंबर 2024 में 4.4 लाख करोड़ रुपये की हो गयी है जो 282 प्रतिशत की वृद्धि है। सभी सूचीबद्ध उपक्रम सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार लाभांश का भुगतान कर रहे हैं। आईआरसीटीसी यह भारतीय रेलवे की एक विस्तारित शाखा है और भारत में एकमात्र इकाई है जो रेलवे को ऑनलाइन रेलवे टिकट बुकिंग सेवाएं, खानपान सेवाएं प्रदान करती है। आईआरसीटीसी में एमओआर की वर्तमान होल्डिंग 62.40 प्रतिशत है। मार्च 2024 तक, इसका कारोबार 4270 करोड़ रुपये है और 1111 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। इसका नेटवर्थ 3230 करोड़ रुपये (मार्च 2024) है और बाजार पूंजीकरण 74 हजार 376 करोड़ रुपये है। आईआरएफसी का कार्य सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी दरों और शर्तों पर बाजार उधारी के माध्यम से भारतीय रेलवे की अतिरिक्त बजटीय संसाधन (ईबीआर) की आवश्यकता को सुरक्षित करना है। आईआरएफसी में रेल मंत्रालय की वर्तमान हिस्सेदारी 86.36 प्रतिशत है। मार्च 2024 तक, इसका कारोबार 26 हजार 645 करोड़ रुपये है और 6412 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। इसका नेटवर्थ 49 हजार 179 करोड़ रुपये (मार्च 2024) है और बाजार पूंजीकरण एक लाख 86 हजार 030 करोड़ रुपये है। रेलटेल स्टेशनों पर आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली, एनआईसी 'ई-ऑफिस' सेवाओं और भारतीय रेलवे के भीतर विभिन्न संगठनों की सहायता के लिए स्टेशनों के बीच शॉर्ट हॉल कनेक्टिविटी और लंबी दूरी की कनेक्टिविटी को लागू करने जैसी कनेक्टिविटी सेवाएं प्रदान करता है।

राइट्स लिमिटेड एक बहुआयामी बुनियादी ढांचा परामर्श संगठन है। इरकॉन भारत और विदेशों में रेलवे और राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण में कुशल है। आरवीएनएल फास्ट ट्रैक आधार पर रेल बुनियादी ढांचे की क्षमताओं के निर्माण और वृद्धि से संबंधित परियोजनाओं को लागू करता है और एसपीवी परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त बजटीय संसाधन जुटाता है। कॉनकॉर मल्टी-मॉडल कंटेनर परिवहन सेवाएं प्रदान करता है।इन सार्वजनिक उपक्रमों को नवरत्न का दर्जा यह सुनिश्चित करेगा कि इसमें अधिक परिचालन और वित्तीय स्वायत्तता हो। यह स्थिति आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को तेजी से निर्णय लेने, दक्षता में वृद्धि और अधिक सशक्त बनाएगी।

## डीके शिवकुमार को सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता: वीरप्पा मोइली

**उडुपी/दावणगेरे, एजेंसी।** कर्नाटक कांग्रेस में सिद्धारमैया और डी के शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद की जंग तेज होती जा रही है। राजनीतिक खींचतान के बीच कांग्रेस के दिग्गज नेता वीरप्पा मोइली ने कहा है कि शिवकुमार को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने आगे कहा कि यह एक ।सुलझा हुआ मामला। है और यह केवल समय की बात है, क्योंकि ऐसा होना तय है।

**वीरप्पा मोइली ने क्या कहा?:** करकला में कांग्रेस के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोइली ने कहा कि मैं ही वह व्यक्ति था जिसने सुनिश्चित किया कि शिवकुमार विधायकी का चुनाव लड़ें। आज, वह कर्नाटक में एक सफल नेता के रूप में उभरे हैं। आइए हम सभी उनके जल्द से जल्द मुख्यमंत्री बनने की कामना करें। उन्होंने आगे कहा कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष होने के बावजूद शिवकुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के लिए चुनौतीपूर्ण समय में भी अथक परिश्रम किया है और



अन्य राज्यों में भी पार्टी को सत्ता में लाने में योगदान दिया है।

**कोई भी आपको सीएम बनने से नहीं रोक सकता:** शिवकुमार के नेतृत्व और संगठनात्मक कौशल की सराहना करते हुए, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने उन्हें सीधे संबोधित किया। इस दौरान शिवकुमार भी मंच पर बैठे हुए थे। उन्होंने कहा कि कई बयान आ सकते हैं लेकिन कोई भी आपको मुख्यमंत्री बनने से नहीं रोक सकता। मोइली ने कहा कि इस बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। अगर कोई इसकी आलोचना करता है, तो वह अपनी संतुष्टि के लिए ऐसा कर सकता है, लेकिन कोई भी शिवकुमार को सीएम बनने से नहीं रोक सकता। यह पद किसी के द्वारा दिया गया उपहार नहीं है; यह कुछ ऐसा है जो उन्होंने खुद के लिए अर्जित किया है। राज्य में राजनीतिक हलकों, विशेष रूप से सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के भीतर, इस साल के अंत में नेतृत्व परिवर्तन के बारे में अटकलों से भरा हुआ है, कथित तौर पर ।रोटेशनल मुख्यमंत्री। या ।सत्ता-साझाकरण। समझौते के तहत।

मोइली ने दोहराया कि शिवकुमार का सीएम बनना ।100 प्रतिशत निश्चित। है। मंच से ही मोईली ने शिवकुमार को चल रही चर्चाओं पर प्रतिक्रिया न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह एक तय मामला है। यह पहले ही तय हो चुका है - लोगों द्वारा, इतिहास द्वारा। कोई भी इसे रोक नहीं सकता.यह केवल समय की बात है।

## कांग्रेस सांसद शशि थरूर केरल के औद्योगिक विकास पर अपने रुख से पीछे हटे

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को केरल में औद्योगिक विकास के संबंध में अपने रुख से पीछे हटते हुए कहा कि राज्य को और अधिक 'एमएसएमई स्टार्ट-अप' की जरूरत है, लेकिन यह सिर्फ कागजों पर नहीं होना चाहिए। थरूर ने 'एक्स' पर एक अंग्रेजी दैनिक की खबर को साझा करते हुए राज्य के स्टार्ट-अप परिदृश्य पर निराशा व्यक्त की और कहा कि यह उतना आशाजनक नहीं है जितना बताया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''यह देखकर निराशा हुई कि केरल की स्टार्ट-अप उद्यमिता की कहानी वैसी नहीं है जैसी बताई गई है।'' थरूर द्वारा साझा की गई खबर में दावा किया गया कि पिछले नौ वर्षों में केरल में 42,000 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) बंद हो गए जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 1,03,764 श्रमिकों का रोजगार छिन गया। कांग्रेस नेता ने अपने पोस्ट में कहा, ''एकमात्र अच्छी बात यह है कि कम से कम सरकार के दावे सही इरादों की ओर इशारा करते हैं। हमें और अधिक एमएसएमई स्टार्ट-अप की आवश्यकता है लेकिन केवल कागज़ों पर नहीं। केरल को इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए!'' वहीं, राज्य के उद्योग मंत्री पी राजीव ने खबर को ''निराधार'' बताते हुए इसे खारिज किया। उन्होंने कहा, ''मैंने 10 फरवरी को विधानसभा में विस्तृत जवाब दिया था।

# महायुति में कोल्ड वार पर सीएम फडणवीस ने तोड़ी चुप्पी, बोले- गठबंधन में सब ठीक है

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को महायुति गठबंधन को लेकर विपक्ष के अफवाहों पर विराम लगाया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महायुति सरकार में सब ठीक है और सत्तारूढ़ सहयोगी भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के बीच कोई कोल्ड वार नहीं है। उन्होंने इसे अफवाह करार दिया। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी दावा किया कि महायुति सहयोगियों के बीच कोई कोल्ड वार नहीं है।

कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमने विपक्ष से सफलतापूर्वक मुकाबला किया है और हमें विधानसभा चुनाव में भारी जीत मिली है। हम विपक्ष से लड़ेंगे, लेकिन मीडिया से नहीं। उन्होंने कहा कि मीडिया को बिना पुष्टि के खबर नहीं चलानी चाहिए। खबर चलाने से पहले सरकार का दृष्टिकोण जानना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच कोई कोल्ड वार नहीं है। सीएम ने कहा, मैं और एकनाथ शिंदे दोनों



जानते हैं कि जब हम साथ होते हैं तो क्या करते हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री फडणवीस ने शिंदे सरकार द्वारा पहले लिए गए विभिन्न निर्णयों पर रोक लगाने संबंधी खबरों का भी खंडन किया। बता दें कि फडणवीस सरकार द्वारा शिंदे सरकार के कुछ निर्णय को पलटने की चर्चा हो रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार पारदर्शिता को प्राथमिकता देती है। किसी भी विधायक से कोई ज्ञापन मिलने के बाद हम उसकी जांच करते हैं और उसके अनुसार उचित कार्रवाई करते हैं। मैंने कोई रोक का आदेश नहीं दिया है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार सोमवार से शुरू होने वाले सत्र के दौरान संतुलित बजट पेश करेगी, जिसमें पूंजीगत व्यय बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय संकट के बावजूद राज्य सरकार लड़की बहन योजना सहित जन कल्याण और विकास योजनाओं को बंद नहीं करेगी। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र सरकार जन कल्याणकारी और विकास योजनाओं के तहत अधिकतम वित्तीय लाभ देने के मामले में टॉप पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए ठेकेदारों के लंबित बिलों का भुगतान करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 10 प्रतिशत बकाया का भुगतान करना शुरू कर दिया है, जबकि शेष राशि बजट पारित होने के बाद जारी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष को करारा जवाब देते हुए कहा कि सरकार बजट सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने और जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष की संख्या को देखते हुए उन्हें कम नहीं आंकेगी, बल्कि उन्हें चर्चा के लिए उचित अवसर देगी। वहीं, चाय बैठक को विपक्ष द्वारा बहिष्कार किए जाने को लेकर उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी टिप्पणी की। अजित पवार ने कहा कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने परंपरागत चाय बैठक का बहिष्कार करने की परंपरा जारी रखी है। उन्होंने कहा कि हम सभी मुद्दे का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## विद्यार्थियों का घटता नामांकन चिंता का विषय

देश के कई विद्यालयों में विद्यार्थियों का घटता नामांकन चिंता का विषय है। एक रपट में कहा गया है कि देशभर में कम से कम पैंतीस फीसद स्कूलों में पचास या उससे कम ही विद्यार्थी पढ़ते हैं। कई स्कूलों में एक या दो ही शिक्षक हैं। दस फीसद स्कूलों में बीस से कम विद्यार्थी आ रहे हैं। यह स्थिति स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। स्कूलों में नामांकन की स्थिति पर जो विश्लेषण सामने आया है, वह बेहद निराशाजनक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि भारत में लगभग 12.6% छात्र पढ़ाई छोड़ देते हैं। इनमें से 19.8% माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ते हैं और 17.5% उच्च प्राथमिक स्तर पर। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम, ओड़ीशा, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में उपलब्ध स्कूलों की संख्या नामांकित छात्रों के प्रतिशत से अधिक है, जिसका अर्थ है कि उपलब्ध स्कूलों का कम उपयोग हो रहा है। कुपोषण और पुरानी बीमारियों सहित स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी स्कूल छोड़ने की वजह शिक्षा तक सभी की पहुंच समाज और देश के विकास और प्रगति के लिए अनिवार्य है। लेकिन इस दिशा में काफी काम करने की जरूरत है। अभी तक हम चुनौतियों से पार नहीं पा सके हैं। कई परिवार, विशेष रूप से गरीबी में रहने वाले परिवार, अपने बच्चों के योगदान पर निर्भर रहते हैं। बाल श्रम न केवल उन्हें शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित करता है बल्कि उन्हें संभावित शोषण और स्वास्थ्य जोखिमों के लिए भी उजागर करता है। दूसरा है, बाल विवाह। कम उम्र में विवाह, खास तौर पर लड़कियों के लिए, स्कूल छोड़ने की दर में अहम योगदान देता है। इसके अलावा, आकर्षक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी भी छात्रों की प्रतिबद्धता को कम कर सकती है। भारत में स्कूल छोड़ने के पीछे लैंगिक असमानता एक और बड़ी वजह है। सुरक्षा संबंधी चिंताएं, घरेलू जिम्मेदारियों और सामाजिक मानदंड अक्सर लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने से रोकते हैं।

## हिंदी का जबरदस्ती विरोध कर रहे

तमिलनाडु में हिंदी के विरोध का इतिहास वर्षों पुराना है। देश को आजादी मिलने से पहले ही हिंदी विरोधी आंदोलनों को हवा मिलती रही है। ये आंदोलन कभी उग्र, तो कभी हिंसक भी हुए। वर्ष 1937 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने हिंदी को अनिवार्य किया, तो इसका कड़ा विरोध हुआ। उस समय हुए आंदोलन से ही द्रविड़ राजनीति की बुनियाद पड़ी। इसके बाद तो हिंदी विरोध के नाम पर लगातार आंदोलन और अभियान चलाए गए। इसमें साठ के दशक में हुए आंदोलन को याद किया जाता है। यह विरोध तब शांत हुआ, जब राजभाषा अधिनियम में संशोधन हुआ। मगर यह दुखद ही है कि हिंदी विरोध का सिलसिला आज भी जारी है। जब भी हिंदी को लेकर कोई चर्चा शुरू होती है, उसका तत्काल विरोध शुरू हो जाता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने केंद्र पर राज्य में हिंदी थोप कर 'भाषा युद्ध के बीज' बोने का आरोप लगाया है। किसी भी अन्य भाषा के हावी नहीं होने देने का अपना रुख जता कर उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे द्विभाषी नीति से आगे बढ़ने को तैयार नहीं। सभी भाषाओं को बराबरी का दर्जा देकर ही हम देश की सांस्कृतिक एकता मजबूत कर सकते हैं। हिंदी बोलने वाले लोग देश के हर कोने में मिल जाते हैं। कोई राज्य अगर अपनी मातृभाषा को महत्त्व देता है, तो उसकी भावना का सम्मान किया जाना चाहिए। मगर किसी राज्य विशेष का नागरिक दूसरे राज्यों में जाता है, तो हिंदी के बिना उसका काम नहीं चलता। भाषाएं तो एक दूसरे जुड़ कर ही आगे बढ़ती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले को लेकर चल रही सियासी बयानबाजी के बीच स्टालिन का विरोध नाहक ही है कि हिंदी से उनकी मातृभाषा नष्ट हो सकती है। दरअसल, उन्होंने अपने स्वर तीखे करते हुए साफ कर दिया है कि वे उन्हीं पुराने आंदोलनों के वशंज है, जिसमें हिंदी को लेकर उपेक्षा का गहरा भाव है। स्टालिन यह भूल गए हैं कि हिंदी दिलों को जोड़ने की भाषा है। यह आज भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में समझी और बोली जाती है।

## शिव गंगा एक्सप्रेस में मोदी के बारे में जनता ने सुनाई अपने मन की बात, क्या आप इसे जानना चाहेंगे?

(नीरज कुमार दुबे)

आरम्भ में मैं सोच रहा था कि रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के तमाम इंतजामों के बावजूद ऐसी बोगी में इतनी बड़ी संख्या में बेटिकट यात्री कैसे चढ़ गये? लेकिन जल्द ही टिकट वाले और बेटिकट यात्रियों के बीच जो संवाद शुरू हुआ मैं उसका आनंद लेने के साथ-साथ उसे नोट भी करने लगा। महाशिवरात्रि पर्व से एक दिन पहले दिल्ली से वाराणसी की यात्रा के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से जब शिव गंगा एक्सप्रेस में चढ़ा तब पता नहीं था कि अगले कुछ घंटों में मुझे वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर जनता के मन की बात विस्तार से पता चलेगी। दरअसल, अक्सर हमें जनता के मन की बात जानने के लिए गलियों, मोहल्लों, कस्बों और शहरों में जाना पड़ता है लेकिन शिव गंगा एक्सप्रेस में विचारों की जिस धारा को मैंने बहते देखा उसे इस लेख के माध्यम से आपके समक्ष रख रहा हूँ। शुरू में मैं सोच रहा था कि रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के तमाम इंतजामों के बावजूद ऐसी बोगी में इतनी बड़ी संख्या में बेटिकट यात्री कैसे चढ़ गये? लेकिन जल्द ही टिकट वाले और बेटिकट यात्रियों के बीच जो संवाद शुरू हुआ मैं उसका आनंद लेने के साथ-साथ उसे नोट भी करने लगा। यह सही है कि एक ट्रेन की कुछ बोगियों के यात्रियों के विचार को पूरे देश का जनमत नहीं माना जा सकता लेकिन जिस तरह विभिन्न राज्यों के यात्रियों के समान विचार दिखे उससे ऐसा प्रतीत हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जबरदस्त जन समर्थन प्राप्त है और उत्तर प्रदेश की जनता खासतौर पर इस बात के लिए ग्लानि महसूस कर रही है कि उसने भाजपा की सीटें लोकसभा चुनावों में कम करवा दीं। मेरे सामने वाली बर्थ पर एक परिवार जोकि काशी का ही रहने वाला था, वह दिल्ली में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस लौट रहा था। उसमें मौजूद एक बुजुर्ग दंपति सभी बेटिकट यात्रियों से सहानुभूति दर्शा रहे थे और इस बात की सराहना कर रहे थे कि किसी भी कीमत पर लोग महाकुम्भ में जा रहे हैं। जब मैंने उनसे पूछा कि आप लोग संगम में स्नान करके आये या नहीं तो उन्होंने कहा कि हम तो दो बार हो आये, व्यवस्था बहुत अच्छी थी। बुजुर्ग महिला ने अपने पति की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह तो व्यवस्थाओं से बेहद प्रसन्न थे इसलिए मैंने उन्हें इस बात के लिए खूब सुनाया कि मोदी योगी इतना अच्छा काम कर रहे हैं फिर भी आपने लोकसभा चुनावों में भाजपा को वोट नहीं दिया। जब मैंने बुजुर्ग व्यक्ति से पूछा कि काका आपने मोदी जी को क्यों वोट नहीं दिया? क्या उन्होंने काशी के सांसद के नाते अच्छा काम नहीं किया? इस सवाल पर बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा कि ऐसा नहीं है। मोदी जी शानदार काम किये हैं। वह तो बस हमारे गांव के लोग नाराज थे तो हम भी नाराज हो गये और भाजपा को वोट नहीं दिये। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे गांव को भाजपा वाले अपना वोट बैंक मानते हैं इसलिए प्रचार के दौरान आये भी नहीं। यह बात सुनते ही मुझे लोकसभा चुनावों के दौरान का वह दृश्य याद आ गया जब काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव कार्यालय में एक व्यक्ति सभी से चिल्ला चिल्ला कर आग्रह करते रहते थे कि यहां मत बैठिये, जनता के बीच जाइये लेकिन कोई वहां से हिलता ही नहीं था। प्रधानमंत्री के चुनाव कार्यालय में बस पार्टी पदाधिकारियों की बैठकें होती रहती थीं, देशभर से आये भाजपा नेता और कार्यकर्ता देश के चुनाव परिदृश्य पर चर्चा करते रहते थे लेकिन कोई भीषण गर्मी में बाहर निकल कर चुनाव प्रचार के लिए नहीं जाता था। खैर, वापस शिव गंगा एक्सप्रेस में अपनी बोगी में आता हूँ और जनता से हो रहे संवाद की चर्चा करता हूँ। एक बेटिकट महिला यात्री जोकि दिल्ली से ही थीं, उन्होंने कहा कि मोदी जी ने पूरे देश का माहौल बदल दिया है। जब मैंने पूछा कि कैसे बदल दिया है माहौल? तो उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में शामिल होने के लिए जिस तरह देशभर के लोग आ रहे हैं वह दर्शा रहा है कि सनातन की पताका एक बार फिर भारत में फहरा रही है। जब मैंने कहा कि महाकुम्भ पहली बार तो आयोजित नहीं हो रहा है तो इस पर उन्होंने कहा कि पहले इसमें जन भागीदारी के लिए सरकार की ओर से प्रयास नहीं होते थे लेकिन इस बार ऐसा हुआ। उन्होंने कहा कि हम अपने छात्र जीवन के दौरान देखते थे कि युवाओं में ऐसी टी-शर्ट या कपड़े पहनने की होड़ होती थी जिसमें पश्चिमी देशों के ध्वज या वहां के मशहूर ब्रांड्स आदि के नाम लिखे होते थे लेकिन आज के युवा जिस तरह भगवा कपड़े पहनने पर गर्वित हो रहे हैं, महाकाल लिखी टी-शर्ट पहन रहे हैं, हाथ में कलावा पहनना चाहते हैं, माथे पर तिलक लगा कर घर से निकलना चाहते हैं, यह बदलाव नहीं तो और क्या है? उन्होंने कहा कि पहले घर में भजन सिर्फ बुजुर्ग सुनते थे और अक्सर बच्चे भजन हटा कर फिल्मी गाना लगा दिया करते थे लेकिन आज बच्चे भी भजन सुनते हैं और बुजुर्ग भी। उन्होंने कहा कि इससे बच्चे संस्कारवान बन रहे हैं जोकि उनके कॅरियर निर्माण में भी सहायक हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम जो बात बच्चों को समझाते समझाते थक गये थे उसे मोदी और योगी ने अपने आचरण के जरिये बच्चों को भलीभांति समझा दिया। एक अन्य महिला ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ हाल के दिनों में कार्रवाई की उसे रोकना नहीं चाहिए। वह महिला हरियाणा से थीं, उनका एक पूरा समूह प्रयागराज जा रहा था। उस समूह ने कहा कि हमने लोकसभा चुनावों में भाजपा को वोट नहीं दिया था क्योंकि हमें लगा था कि कांग्रेस के घोषणापत्र में ज्यादा अच्छे वादे किये गये हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन लोकसभा चुनावों में भाजपा की सीटें घटने के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ छापेमारी रुकने पर हमें इस बात का दुख हुआ कि देश में जो एक अच्छा काम हो रहा था उसमें हमने बाधा उत्पन्न कर दी। इस समूह ने यह भी कहा कि हमने हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा को वोट इसलिए भी दिया क्योंकि हमें पश्चाताप करना था और अपने राज्य में फिर से पर्ची खर्ची सिस्टम को लागू होने से रोकना था। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे हरियाणा विधानसभा चुनावों के समय कांग्रेस नेता खुल कर नौकरियों की सौदेबाजी वाले बयान दे रहे थे। सबसे हैरान करने वाली टिप्पणी एक दक्षिण भारतीय दंपति की रही। यह दंपति दिल्ली में पढ़ाई कर रहे अपने बच्चों को लेकर प्रयागराज जा रहा था। उनका वहां से काशी जाने का भी कार्यक्रम था। उन्होंने बताया कि इस साल के शुरू में उन्होंने जब अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में दर्शन किये तो उन्हें इस बात का अहसास हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्या कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ज्यादातर बड़े लोगों की ही भागीदारी रही।

> *आम जन अपने घर पर ही उस दिन पूजा करता रहा इसलिए जब वह वोट डालने गया तो उस दिन उसके दिमाग में राम मंदिर का ख्याल नहीं आया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां से जो लोग राम मंदिर के दर्शन कर लौटे हैं उनके हृदय में प्रधानमंत्री मोदी के लिए सम्मान बढ़ गया है।*

## महाकुंभ की सफलता ने दुनिया को चौंकाया

(ललित गर्ग)

हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले शुरू शुरू हुई कुंभ स्नान की परंपरा का तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हुए दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक-धार्मिक समागम महाकुम्भ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 66 करोड़ का आंकड़ा पारकर अनूठा एवं विलक्षण इतिहास रच दिया। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम पर बने नये कीर्तिमानों ने न केवल दुनिया को चौंकाया बल्कि विस्मित भी किया, इस महारिकॉर्ड को स्थापित कर इस महाकुम्भ को संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया, जो न केवल दुनिया को चौंकाने वाला बल्कि सनातन परम्परा का परचम फहराने वाला दुनिया का अकेला आयोजन बन गया है। इस सफल आयोजन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कद बढ़ गया है। इस महा अनुष्ठान ने पूरे विश्व को सनातनी एकता का संदेश तो दिया है, यह भी प्रमाणित किया है कि उत्तर प्रदेश अब हर स्तर पर सक्षम प्रदेश बन चुका है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक नये अध्याय के रूप में देखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित यह मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व बना, जो न केवल अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बना बल्कि दुनिया में भारत की एक नई छवि, भीड़ प्रबंधन, सनातन एकता के लिये अमिट आलेख बन गया है। सनातन गहराई को मापने वालों को बधाई, इससे नई पात्रता का निर्माण होगा, जहां हमारी हिन्दू संस्कृति पुनः अपने मूल्यों एवं संगठन के साथ नई शक्ल एवं ताकत के रूप में प्रतिष्ठापित होगी। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज महाकुंभ को केंद्र और प्रदेश की सरकारें विश्व समुदाय के समक्ष अद्भुत एवं विलक्षण रूप में प्रस्तुत करने में ऐतिहासिक रूप से सफल रही है। पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का जितने श्रद्धालु एवं हिन्दू 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुटे, यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। अमेरिका आबादी से दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुणा से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां आये हैं। यही नहीं, जापान की 5 गुनी आबादी, यूके की 10 गुनी से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुनी से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है। चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं। प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा है। जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5660

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5659

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## वर्ग पहेली 5660

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | | ■ | ■ | 7 | 8 | |
| | ■ | ■ | 9 | 10 | | | |
| 11 | 12 | | | | ■ | | ■ |
| 13 | | ■ | | ■ | 14 | ■ | 15 |
| ■ | | ■ | 16 | 17 | | | |
| 18 | ■ | 19 | ■ | 20 | | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. दादामुनिय के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में प्रसिद्ध रहे इस अभिनेता ने 13 अक्टूबर 1911 को जन्म लिया था (6)
6. टेसू को यह भी कहा जाता है (3)
7. श्रद्धापूर्वक बार-बार दोहराना (3)
9. धीमा या शिथिल करना (5)
11. घनिष्ठ मित्र (5)
13. ताप, उष्णता, प्रहार सहने की शक्ति (2)
16. भारत की पहली महिला जो विश्वसुंदरी बनी (1996)(5)
19. यह एक नदी है जो उत्तरी इटली के पूर्व में बहती है (1)
20. रक्तवाहिनी नली, रग (2)
21. विश्व की एकमात्र फिल्म जो एक पात्रीय भूमिका वाली फिल्म थी जिसके निर्माता, निर्देशक अभिनेता सुनील दत्त थे (2)
22. प्राचीन काल से चला हुआ क्रम, परंपरागत (4)

**ऊपर से नीचे**

1. शाकद्वीप की सात नदियों में से एक, पुराणानुसार महादेव द्वारा सृष्ट एक मानस-पुत्री का नाम (5)
2. आग की लपट, अग्निज्वाला (2)
3. खींचना, फूंक, चाबुक (2)
4. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक, मैले वस्त्र साफ करने वाला (3)
5. अस्तित्व प्रदान करना, निर्माण करना (3)
8. गुण-दोष को निश्चय करने के लिए वस्तु की परीक्षा (3)
9. मयदानव की पुत्री जो लंकापति रावण की पटरानी थी (4)
10. हाथ, पतली विष्ठा, बालिश्त (2)
12. अमानत में खयानत, प्रेमचंद की प्रसिद्ध उपन्यास (3)
14. स्वच्छता, निर्मलता, सूक्ष्मता (उर्दू) (4)
15. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी पूर्वी तट पर स्थित इस देश की राजधानी जार्जटाउन थी (3)
17. खींचकर बड़ा या लंबा करना (3)
18. परछाई, प्रतिबिम्ब, सूर्य की पत्नी संज्ञा की अनुचरी (2)

### वर्ग पहेली 5659 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बो | ली | वि | या | ■ | ■ | का | बा |
| ध | मा | ल | ■ | आ | त | शी | ■ |
| हो | ■ | य | ल | गा | र | ■ | नौ |
| ना | दा | न | ■ | ■ | ह | बी | ब |
| ■ | न | ■ | हॉ | ■ | ■ | घा | त |
| सा | व | न | की | घ | टा | ■ | ■ |
| फा | गु | न | ■ | रा | ल | ■ | गु |
| ■ | रू | ■ | घा | ना | ■ | शु | रू |

## आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और आपका धन गृहोपयोगी वस्तुओं पर खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी से आपको तनाव हो सकता है। आपको रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतने की जरूरत है। धन फंस सकता है। कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें अन्ततः आपकी विजय हो जाएगी।

### वृष
आज लाभ होगा। आपका दिन परिजनों के साथ अच्छा बीतेगा और आपको लाभ होगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। शाम के वक्त आपके घर में कोई अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है। रात का वक्त दोस्तों के साथ आनंद में बीतेगा और आपको शुभ कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा।

### कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को खुशनुमा बना लेंगे। आपको कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपको दूसरों की मदद करना अच्छा लगता है। आपका दिन परोपकार और आनंद में बीतेगा।

### सिंह
आज लाभ होगा। पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सांयकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा। माता-पिता की सलाह से आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा बेहतर होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंग। सांयकाल में धार्मिक स्थानों की यात्रा का प्रसंग बन सकता है।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति को खरीदने से पहले उसके बारे में ठीक से विचार कर लें। शाम के समय पत्नी के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा और आपको लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### तुला
आज लाभ के योग हैं। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराकर कोष की स्थिति बेहतर होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर आपको नुकसान कर सकता है। शाम से लेकर देर रात तक देव दर्शन का लाभ लें और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### वृश्चिक
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। आपका रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। आपको परिवार के जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है और जरूरी कार्य पर आपका काफी खर्च होगा। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं और आपके धन में वृद्धि होगी।

### मकर
आज दिन शुभ है और आपके लिए शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे, वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव आपके ऊपर हो सकता है। सावधान रहें और आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद और लाभप्रद रहेगी।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा-प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शाम के समय प्रियजनों से भेंट एवं रात्रि में सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

### धनु
आज लाभ का दिन है और आपको राजनीति के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। आपको प्रतियोगिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका भी मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपके रुके कार्य भी पूर्ण होंगे। शाम से लेकर रात्रि का समय प्रियजनों के दर्शन हास्य परिहास में व्यतीत होगा। खान-पान का विशेष ध्यान नियंत्रण रखें तो आपको लाभ होगा।

### मीन
आज भाग्य साथ दे रहा है। पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक आपके लिए शुभ योग बन रहे हैं। वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। प्रिय और खास लोगों के मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा। पत्नी पक्ष से भी वांछित सिद्धि हो सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# चतरा पुलिस ने तोड़ी नक्सलियों की कमर

## दबोचा गया 18 लाख का इनामी आक्रमण गंझू

**चतरा, एजेंसी।** झारखंड समेत अलग-अलग राज्यों में आतंक का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी नक्सलियों के विरुद्ध चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. चतरा एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम नें कार्रवाई करते हुए 18 लाख के इनामी रीजनल कमांडर सह संगठन का सेकेंड सुप्रीमो रविंद्र उर्फ आक्रमण उर्फ ब्रह्मदेव उर्फ रामविनायक को हथियार के साथ दबोचा है. साथ ही उसकी निशानदेही पर यूएस मेड विदेशी रायफल के साथ भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा व कारतूस भी बरामद किया है. आक्रमण गंझू के साथ उसकी पत्नी पूर्व प्रखंड प्रमुख समेत तीन अन्य को भी पकड़ा गया है.

**नक्सलियों पर पुलिस का कड़ा प्रहार–** रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांन्फ्रेंस में एसपी विकास पांडेय ने बताया कि झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है. इसी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिये महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में नक्सली संगठनों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है. इसी कार्रवाई के दौरान पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरुद्ध निरंतर सफलताएं भी मिल रही हैं.



एसपी ने बताया की प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरुद्ध चतरा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लागातार छापामारी अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में विगत 1 मार्च को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के कुख्यात उग्रवादी 18 लाख का इनामी रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू उर्फ आक्रमण उर्फ आक्रमण अपने साथियों के साथ रात में बिहार हंटरगंज के रास्ते पलामू जा रहा है.

इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया. इस टीम में हंटरगंज इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पप्पु कुमार शर्मा, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, थाना प्रभारी सिमरिया मानव मयंक व पुलिस अवर निरीक्षक हरिवन्द्र तिरवार समेत सशस्त्र बल को शामिल किया गया.

एसपी ने बताया कि टीम ने हंटरगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर वाहन जांच अभियान चलाया. जांच के दौरान ही शेरघाटी-हंटरगंज रोड में पत्सुगिया पुल के पास से सफेद रंग की गाड़ी से नक्सली आक्रमण व उसके साथियों को पकड़ा गया.

**एनआईए को भी थी तलाश–** एसपी ने बताया कि आक्रमण गंझू की निशानदेही पर हथियार व कारतूस का जखीरा, मोबाइल एवं अन्य सामान बरामद किया गया है. प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के रीजनल कमांडर रविंद्र गझू उर्फ आक्रमण गंझू उर्फ आक्रमण उर्फ ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता उर्फ रामविनायक के अलावा उसकी पत्नी व लावालौंग प्रखंड की पूर्व प्रमुख नीलम देवी, सचिन कुमार गंझू व अमृत गंझू को भी गिरफ्तार किया गया है.

इस प्रेस वार्ता में एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली आक्रमण गंझू पर राज्य सरकार में 15 लाख और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 03 लाख रुपये के इनाम की घोषणा कर रखी थी. गिरफ्तार आक्रमण के विरुद्ध झारखंड के विभिन्न जिलों के अलग-अलग थानों में 70 से अधिक दुर्दांत नक्सली वारदात से जुड़े मामले दर्ज हैं. इन मामलों में पुलिस को लंबे समय से नक्सली आक्रमण की तलाश थी. इसके अलावा टंडवा थाना में दर्ज टेरर फंडिंग के चर्चित मामले में भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को उसकी लंबे समय से उसकी तलाश थी.

### हथियार का जखीरा बरामद

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के पास और उसकी निशानदेही पर 9एमएम के 03 पिस्टल, 01 देसी कट्टा, 9एमएम का 15 जिंदा गोली, .315 बोर की 01 गोली, 01 गाड़ी, विभिन्न कंपनियों के 07 मोबाइल फोन, डोंगल (राउटर) 03, एम-16 एआईराइफल 01, एसएलआर राइफल 01, .315 बोर की देसी राइफल 02, 7.62 एमम की देसी पिस्टल 01, 7.65 एमएम की देसी पिस्टल 03, देसी कट्टा 01, एम-16 एआई राइफल मैगजीन 03, एसएलआर मैगजीन 01, अन्य पिस्टल के मैगजीन 02, 9एमएम की जिंदा गोली 4597 राउंड, 5.56एमएम की जिंदा गोली 172 राउंड, .315एमएम की जिंदा गोली 100 राउंड, एम-16 की जिंदा गोली 90 राउंड, 7.62एमएम की जिंदा गोली 20 राउंड और 01 मैगजीन पाउच बरामद किया गया है.

इस प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी ने मुख्यधारा से भटके अन्य नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाते हुए सरेंडर कर अपना भविष्य सुरक्षित कर ले अन्यथा पुलिस उनसे कठोरता से निपटने के लिए तैयार है. किसी भी परिस्थिति में नक्सलियों को बक्सा नहीं जाएगा.

एसपी ने कोयलांचल में कार्यरत संवेदकों, व्यापारियों व अन्य एजेंसियों के संचालकों से भी नक्सलियों को लेवी नहीं देने की अपील की है. उन्होंने कहा कि लेवी देने की सूचना की पुष्टि पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. एसपी ने नक्सली गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की भी अपील आम लोगों से की. साथ ही कहा कि सूचना पर सूचक की पहचान गुप्त रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी.

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और संजीव की बेल पर हाईकोर्ट में सुनवाई 7 मार्च को

**रांची, एजेंसी।** टेंडर घोटाला के जरिये करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर अब हाईकोर्ट में 7



मार्च को सुनवाई होगी. दोनों आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है.

बता दें कि आलमगीर आलम और संजीव लाल दोनों आरोपियों को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया था और उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद दोनों ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई है. इस मामले में कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है.

### लांडुपोदा उप स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र चालू करने की मांग

**चक्रधरपुर , एजेंसी।** बंदगांव प्रखंड की लांडुपोदा पंचायत के राजापारम गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार होने के बावजूद शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है. ग्रामीणों ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं होने से लोगों को इलाज



के लिए दूर जाना पड़ता है. इसके चालू हो जाने से पंचायत की करीब पांच हजार आबादी को सुविधा होगी. इसलिए अस्पताल का जल्द उद्घाटन कर यहां मरीजों का इलाज शुरू किया जाए. ताकि लोगों को देर रात भी इलाज उपलब्ध हो सके.

मुखिया कुश पूर्ति ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्या व मांग को जल्द ही डीसी तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे, ताकि यथाशीघ्र अस्पताल चालू किया जा सके. मौके पर चुम्बरू पूर्ती, सुषमा पूर्ती, नानिका पूर्ती, सुशीला पूर्ती, गांधी पूर्ति समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### झारखंड दिशोम सरहुल समिति के अध्यक्ष बने दिलीप किस्कू

**रांची, एजेंसी।** झारखंड दिशोम सरहूल (बाहा) समिति की बैठक शनिवार को चांडिल गोलचक्कर स्थि जाहेरथान में संयोजक गुरुचरण किस्कू की अध्यक्षता में हुई. बैठक में पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया. नई



समिति में दिलीप किस्कू को अध्यक्ष और सुगी हांसदा को सचिव बनाया गया. इसके अलावा समिति में संयोजक गुरुचरण किस्कू, सह संयोजक चारुचांद किस्कू, मांझी बाबा तारांचाद टुडू, उपाध्यक्ष गुरुपद हांसदा, सह सचिव मोतीलाल सोरेन, कोषाध्यक्ष बैधनाथ टुडू, प्रेस प्रवक्ता सुदामा हेम्ब्रम को बनाया गया है.

**एक अप्रैल को मनाया जाएगा सरहुल–** झारखंड दिशोम सरहुल (बाहा) जाहेरथान में आगामी एक अप्रैल को सरहुल पर्व मनाया जाएगा. बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार नई समिति को सरहुल की तैयारी करने और इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का जिम्मा दिया गया है. बैठक में अरूण टुडू, सोनाराम मार्डी, मनीष टुडू, कासिम किस्कू, शत्रुघ्न मुर्मू, दारायबुरू हांसदा, गुरुपद मार्डी, सोमाय टुडू, सिमल बेसरा, सुमित टुडू, दिनेश मुर्मू, तुम्बा मांझी, कालू टुडू, धनीराम हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे.

## यात्रियों के लिए जरूरी सूचना, होली से पहले 13 एक्सप्रेस ट्रेनों को किया गया रद्द

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले संतरागाछी स्टेशन यार्ड की रिमाडलिंग को लेकर रेल प्रशासन ने 30 अप्रैल से 18 मई तक दर्जनों पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद करने की घोषणा कर दी है।

इसके अलावा दर्जनों ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट और दर्जनों ट्रेनों को रीशिड्यूल कर चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 13 ट्रेनों का परिचालन 30 अप्रैल से लेकर 18 मई के बीच विभिन्न तिथियों में रद कर दिया है। ट्रेनों के रद होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उधर, दक्षिण-पूर्व रेल के आद्रा डिवीजन के अंतर्गत विभिन्न विभाग का मेंटेनेंस को लेकर 3 मार्च से 9 मार्च तक पावर ब्लॉक के कारण विभिन्न ट्रेनों का परिचालन बाधित होगा। रेल सूत्रों के अनुसार 3 ,7 एवं 9 मार्च को आद्रा -मेदिनीपुर मेमू, 3 से 9 मार्च तक आसनसोल -आद्रा मेमू , 3 एवं 8 मार्च को आसनसोल -पुरुलिया मेमू, 3 एवं 6 मार्च को झाड़ग्राम -धनबाद पैसेंजर, 3,6 एवं 8 मार्च को वर्धमान- हटिया पैसेंजर को रद कर



दिया गया है। 3, 4 और 8 मार्च को टाटा - आसनसोल-बराभुम मेमू, 4, 5, 7, एवं 9 मार्च को आसनसोल- पुरुलिया मेमू आद्रा स्टेशन तक परिचालन करेगी। 3,6 एवं 8 मार्च को नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस 30 मिनट विलंब में परिचालन करेगी।

महाकुंभ के समापन के साथ ही एक्सप्रेस व सवारी ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में कमी आई है। कुछ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन बंद करने की घोषणा की गई है।

हलांकि 28 फरवरी तक रांची और बरकाकाना से चलने वाली महाकुंभ स्पेशल का परिचालन किया गया है। कुछ कारणों से टाटा और झारखंड स्वर्णजयंती का परिचालन तीन मार्च्र तक कैंसिल किया गया है।

## उद्दंड और शराबी पुलिस अफसरों की मांगी गई सूची, एक हफ्ते का मिला टाइम, डीजीपी के नए आदेश से महकमे में हड़कंप

**रांची, एजेंसी।** डीजीपी की चिट्ठी के बाद राज्यभर के पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। डीजीपी ने रांची के आइजी सहित हजारीबाग, दुमका, बोकारो, पलामू व चाईबासा रेंज के डीआइजी को पत्र भेजकर जिला व इकाइयों में पदस्थापित अनुशासनहीन पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की सूची मांगी है।

डीजीपी ने निर्देशित किया है कि ऐसे पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की सूची उनपर लगे आरोपों के साथ एक सप्ताह के भीतर डीजीपी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त पत्र में डीजीपी ने सात बिंदुओं को चिह्नित किया है, जिसपर अधिकारियों को रिपोर्ट जमा करना है।

उक्त सूची में उद्दंड, शराबी, कर्तव्य से फरार, महिलाओं-आम नागरिकों से दुर्व्यवहार करने वाले, जमीन माफिया व अपराधियों से साठ-गांठ रखने वाले, अपने वरीय पदाधिकारियों के साथ उद्दंडतापूर्ण व्यवहार करने वाले व भ्रष्टाचार के आरोपितों



के नाम देने हैं। डीजीपी उक्त सूची की समीक्षा करेंगे और ऐसे पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करेंगे।

डीजीपी कार्यालय को आए दिन पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की शिकायत मिलती रही है। कोई पीड़ित को लाभ के एवज में रिश्वत मांगता है तो किसी पर आम जनता व महिलाओं से दुर्व्यवहार का आरोप है।

एक दिन पहले ही डीजीपी के निर्देश पर चतरा के हंटरगंज थाना प्रभारी दारोगा मनीष कुमार को डीजीपी के आदेश पर निलंबित करते हुए चाईबासा में पदस्थापित किया गया है।

दारोगा मनीष कुमार के विरुद्ध भ्रष्टाचार का आरोप था, जिसका गोपनीय सत्यापन कराने के बाद डीजीपी ने कार्रवाई की। वहीं, एक दिन पहले ही एसीबी ने कोतवाली थाने में पदस्थापित दारोगा ऋषिकांत को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

वह जब्त मोबाइल को मुक्त करने के लिए एनओसी देने के एवज में रिश्वत ले रहा था, तभी एसीबी ने गिरफ्तार किया था। पुलिस मुख्यालय में ऐसी शिकायतों की भरमार के बाद ही डीजीपी ने यह निर्णय लिया और ऐसे पुलिस अधिकारियों-कर्मियों की सूची मांगी।

## झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद, 6 मार्च आ रहे हैं प्रभारी के.राजू

### संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करने का ब्लू प्रिंट तैयार

**रांची, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू आगामी 6 मार्च को पांच दिन के लिए झारखंड आ रहे हैं. प्रभारी बनने के बाद वो दूसरी बार दौरा कर रहे हैं. कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने के. राजू के दूसरे झारखंड दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि 6 मार्च को रांची पहुंचने के बाद प्रदेश प्रभारी सड़क मार्ग से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां दोपहर बाद 1 बजे से पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे.

के. राजू उसी दिन शाम 5 बजे



पलामू से लातेहार के लिए रवाना होंगे, उनका रात्रि विश्राम लातेहार में होगा. 7 मार्च को लातेहार से बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां 11बजे बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय में बोकारो, धनबाद व गिरिडीह के जिला, प्रखंड एवं मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे.

**महिला दिवस पर 8 मार्च को मांडर में कार्यक्रम–** 8 मार्च को महिला दिवस पर रांची जिले के मांडर में आयोजित प्रगतिशील महिला किसान सम्मान समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शिरकत करेंगे. इस कार्यक्रम के बाद के. राजू फिर से बोकारो के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां रात्रि विश्राम के बाद 9 मार्च को वह गोड्डा जाएंगे. गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज के जिला प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ प्रभारी की यहां बैठक होगी. 10 मार्च को वो देवघर जिला कांग्रेस मुख्याल में पूर्वाह्न 09 बजे से देवघर, जामताड़ा, दुमका के जिला, प्रखंड, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे. वहीं से वो दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे.

### एक पखवाड़े में दूसरी बार झारखंड दौरे पर आ रहे हैं प्रभारी

झारखंड में कांग्रेस को मजबूत जनाधार वाली पार्टी बनाने के लिए कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व कितना गंभीर है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के प्रभारी बनने के बाद एक पखवाड़े के अंदर उनका दूसरा दौरा है. वह पहले दौर में 21 फरवरी से 25 फरवरी तक पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर थे और फिर एक बार पांच दिवसीय झारखंड दौरे का कार्यक्रम है.

## बेतला में जंगली हाथी की मौत, 2 दिन पहले आपसी संघर्ष में हुआ था घायल

**लातेहार, एजेंसी।** पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला जंगल में शनिवार को एक जंगली हाथी की मौत हो गई. बताया जाता है कि 2 दिन पहले हाथियों के बीच आपसी संघर्ष हुआ था. जिसमें एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था. हालांकि विभाग के द्वारा इसकी जानकारी होने के बाद घायल हाथी का इलाज किया जा रहा था पर शनिवार को उसकी मौत हो गई. पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर ने इसकी पुष्टि की है.

दरअसल इन दिनों हाथियों का प्रजनन काल चल रहा है. प्रजनन काल के दौरान अक्सर हाथियों के बीच संघर्ष होता रहता है. 2 दिन पूर्व भी हाथियों के बीच बेतला के जंगल में संघर्ष हुआ था. इस दौरान एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था. बेतला के तेलही पहाड़ी के पास वह घायल अवस्था में पड़ा हुआ था.

इसकी सूचना होने के बाद वन विभाग के द्वारा घायल हाथी का इलाज आरंभ कर दिया गया था. लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण वह स्वस्थ नहीं हो सका और शनिवार को उसकी मृत्यु हो गई. इधर हाथी की मौत की खबर सुनने के बाद वन विभाग के



वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दिए हैं. वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से मृतक हाथी का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद उसे दफनाया जाएगा.

**आपसी संघर्ष के कारण हुई है घटना–** इस संबंध में पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकान्त जेना ने बताया कि दो दिनों पहले हाथियों के बीच संघर्ष हुआ था. इस संघर्ष में एक हाथी जख्मी हुआ था. जख्मी हाथी की इलाज किया जा रहा था लेकिन उसकी मौत हो गई है. उन्होंने कहा कि यह मौसम हाथियों का मेटिंग का वक्त है. इसी कारण हाथियों के बीच संघर्ष हो जाता है.

**रेंजर कर रहे हैं मामले की निगरानी–** इस घटना के बाद बेतला रेंज के रेंजर उमेश कुमार दुबे के द्वारा पूरे मामले की मॉनिटरिंग की जा रही है. बताया जाता है कि हाथी के घायल होने की सूचना के बाद डिप्टी डायरेक्टर के निर्देश पर रेंजर उमेश दुबे चिकित्सकों की टीम के साथ हाथी के इलाज के लिए तत्पर देखे जा रहे थे. हालांकि हाथी को गंभीर चोट लग जाने के कारण उसे बचाने में विभाग सफल नहीं हो सका.

## अंधविश्वास में 11 माह की बच्ची की कुत्ते से कराई शादी, बरातियों को भोज भी खिलाया

**चाईबासा, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चिमीसाई गांव में एक 11 माह की बच्ची की कुत्ते से शादी कराने की खबर सामने आई है।

यह शादी वैसे ही हुई जैसे एक आम शादी होती है। इसमें दूल्हा, दुल्हन, बैंड बाजा और बरात सबकुछ था। शादी के बाद बरातियों ने भोज का आनंद भी उठाया।

दरअसल, हो जनजाति (आदिवासी) में दांत के ऊपर दांत (कुकुर दांत) को अशुभ माना जाता है। इस अंधविश्वास में जिस बच्ची को कुकुर दांत होता है, अशुभ को टालने के लिए उसकी शादी कुत्ते से करने की परंपरा है। यह शादी मागे परब (त्योहार) के दौरान की जाती है। बता दें कि इन दिनों हो जनजातियों का मागे परब चल रहा है। इसी दौरान शुक्रवार को बच्ची की शादी कुत्ते से कराई गई है। हालांकि, यह शादी सिर्फ एक रस्म भर होती है। चिमीसाई गांव में शादी के दौरान कुत्ते के एक पैर के नाखून पर सिंदूर लगाकर बच्ची की मांग को भरा जाता है। इसके बाद कुत्ते को खुला छोड़ दिया जाता है। बता दें कि इस शादी के दौरान लोगों को जश्न मनाते हुए भी देखा



गया। महिलाएं नाच रही थीं, ढोल-नगाड़े बज रहे थे। मांदर की थाप पर युवा थिरक रहे थे।

शादी के दौरान कुत्ते को धोती पहनाई गई थी। इसी तरह से बच्ची को पीले रंग की साड़ी पहनाई गई थी। इसके बाद दोनों को गोद में लेकर विधि-विधान के साथ पूजा भी की गई।

उधर, अंधविश्वास का एक और मामला गम्हरिया प्रखंड में सामने आया है। यहां जयकान पंचायत के अंतर्गत नूनाडीह टोला डुंगरीडीह के बिशु मुर्मू नामक व्यक्ति द्वारा झाड़ फूंक के नाम पर एक आदिवासी महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। इस बावत पीड़िता द्वारा आरोपी के खिलाफ गम्हरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बावत बताया गया है कि बीते 24 फरवरी को महिला कुछ दिनों से बीमार थी। कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि बिशु मुर्मू बीमारी का इलाज करता है। महिला के परिजनों द्वारा जब उसे बिशु के पास ले जाया गया तो उसने झाड़-फूंक के नाम पर महिला को बाल खोलकर घर में बनाए गए पूजा स्थल पर माथा टेकने को कहा।

बताया गया है कि जैसे ही महिला माथा टेकने के लिए झुकी, आरोपी ने उसके बाल पकड़कर उस पर लात, घूंसे और लाठी से प्रहार करने शुरू कर दिया। इतना ही नहीं आरोप है कि मानवता को शर्मसार करते हुए मुर्मू ने उक्त महिला के गुप्तांगों पर भी हमला किया जिससे वह महिला बुरी तरह घायल हो गई और बेहोश हो गई।

इसके बाद परिजनों द्वारा घायल महिला को चार दिनों तक स्थास्नीय निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। इस मामले को लेकर आदिवासी समाज में रोष व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इधर, इस मामले में झामुमो नेता भोमरा माझी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस तरह के अंधविश्वास फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## लोहरदगा में क्रिकेट के साथ राजनीतिक और फिल्मी सितारों का होगा संगम, खास होगा टी20 मुकाबला

**लोहरदगा, एजेंसी।** जिले के बीएस कॉलेज स्टेडियम में 5 मार्च से लेकर 8 मार्च तक टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है. इस आयोजन में क्रिकेट सितारे के साथ-साथ राजनीतिक और फिल्मी सितारों का भी संगम होगा. प्रतियोगिता भव्य रूप से आयोजित होने जा रही है. इसकी तैयारी भी जोरों पर चल रही है.

**सुरक्षा और सुविधा का होगा खास इंतजाम–** स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्य की कई क्रिकेट टीम शामिल होने जा रही हैं. जिसमें प्रमुख रूप से बिहार, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा, मुंबई और लोहरदगा जिला क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला होगा. इसके अलावा अन्य राज्यों की क्रिकेट टीमें भी पहुंच रही हैं. बीएस कॉलेज स्टेडियम को भव्य रूप से तैयार किया गया है. स्टेडियम में वह तमाम सुविधाएं हैं, जो किसी राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में होती हैं. इस प्रतियोगिता में आने वाले लोगों को अतिथियों से मिलने का भी मौका मिलेगा. इस आयोजन में संगीत की सुर संध्या होगी, तो वहीं फिल्मी दुनिया में खामोश के डायलॉग से प्रसिद्ध अभिनेता और वर्तमान में सांसद शत्रुघ्न सिन्हा उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बेरहम भाई...इसलिए कर दिया बहन का कत्ल, सच जानकर पुलिस भी रह गई सन्न

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के एत्मादौला क्षेत्र के टेढ़ी बगिया में सोमवार सुबह महिला की हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड के महिला के भाई ने अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी भाई मौके से भाग निकला। बताया जा रहा है कि हत्याकांड के पीछे की वजह बहन के बेटा का मामी से करीबी का रिश्ता रहा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

टेढ़ी बगिया की रहने वाली कोमल अपने भाई के साथ ही रहती थी। बताया गया है कि रविवार की रात कोमल का उसके भाई के साथ विवाद हो गया। ये विवाद कोमल के बेटे को लेकर हुआ। कोमल के बेटे और उसके भाई की पत्नी के बीच नजदीकियां इस कत्ल की वजह मानी जा रही हैं।

### दूल्हे की ऐसी हरकत...विदाई से पहले रूठ गई दुल्हन, फिर किसी की नहीं सुनी; सात फेरों के बाद भी टूट गई शादी

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के एत्मादपुर थाना क्षेत्र की छलेसर चौकी क्षेत्र के एक गांव में दिल्ली से शनिवार को बरात आई थी। वैवाहिक रीति रिवाज में रविवार सुबह वर पक्ष के नेग कम देने को लेकर वधू पक्ष के लोगों ने कमेंट कर दिया। इस बात पर दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। वर पक्ष छलेसर चौकी पहुंच गया। इसके बाद दुल्हन ने दूल्हे के साथ जाने से इन्कार कर दिया। दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई। लेकिन शादी टूट गई।

दिल्ली के भजनपुरा, दलालपुर के जसवंत सिंह के बेटे सूरज की बरात शनिवार की शाम छलेसर चौकी क्षेत्र के एक गांव में आई थी। शादी की सभी रस्में बड़ी ही धूमधाम से पूरी हुईं। जयमाला हुई, बरातियों ने खाना खाया। इसके बाद रविवार को सुबह दुल्हन की विदाई होनी थी।

दूल्हे के बड़े भाई विशाल ने पुलिस को बताया कि विदाई के समय उन्होंने अपने सामर्थ के अनुसार नेग दिया। इस पर लड़की वाले कमेंट करने लगी। इसी बात को लेकर बहस छिड़ गई। लड़की पक्ष ने हाथापाई शुरू कर दी। वहीं लड़की वालों ने पुलिस को बताया कि दूल्हा पक्ष के लोग मारपीट करने लगे।

विदाई के समय हुए इस बवाल को देख दुल्हन हैरान रह गई। उसने दूल्हे के साथ जाने से मना कर दिया। दुल्हन के इस फैसले के बाद मामला छलेसर पुलिस चौकी पहुंच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन दुल्हन की जिद के आगे वे भी हार गए। दोनों पक्षो में आपस मे हुए लेन देन (सामान) वापसी को लेकर सहमति बन गई, जिसके बाद बिना दुल्हन के ही बारात वापस लौट गई।

### मार्शल और कार की भिड़ंत में एक की मौत, 12 लोग घायल

**घाटमपुर , एजेंसी।** थानाक्षेत्र के कुआं खेड़ा के पास मुगलरोड पर फीगो कार और मार्शल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मार्शल सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, 12 लोग घायल हुए हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कानपुर देहात के मंगलपुर थानाक्षेत्र के मनकापुर निवासी रामराज (40) फतेहपुर के पपरेंदा में भतीजे की पत्नी की विदा कराने मार्शल से गए थे। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी थे।

वहां से लौटने के दौरान मुगलरोड पर कुआं खेड़ा के पास सामने से आ रही कार से मार्शल की सीधी भिड़ंत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा, जहां पर डॉक्टरों ने रामराज को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। बताया कि कार चालक मौके से भाग गया। गाड़ी को पुलिस ने चौकी में खड़ा करा दिया है।

**ये लोग हुए घायल:** शिमला (32) पत्नी रामराज, नंदिनी (4) पुत्री रामराज, राजबहादुर (23), पत्नी मनीषा (20), अनिल (40), रामबिलास (30), प्रेमदास (62), प्रेमचंद्र 36), संदलपुर निवासी चालक विनय (30), रामबाबू (10) पुत्र प्रेमचंद्र, एस बाबू (08), राजेश समेत 13 लोग घायल हुए हैं।

# मायावती को था पार्टी में दो फाड़ का डर

## दिल्ली चुनाव में अशोक-आकाश की मनमानी से नाराज थीं सुप्रीमो

**लखनऊ , एजेंसी।** बीते लोकसभा चुनाव में भड़काऊ भाषण देने पर आकाश आनंद को सारे पदों से हटाने के बसपा सुप्रीमो मायावती के फैसले को उनकी राजनीतिक दूरदर्शिता माना जा रहा था। तब उन्होंने आकाश की सियासी पारी को बचाने के लिए खुद कार्रवाई करने का फैसला किया था। पर, इस बार मायावती ने यह फैसला पार्टी में दो-फाड़ होने के डर से किया है। रिश्तों की माया में नहीं फंसते हुए उन्होंने आकाश पर सख्ती के साथ उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को भी खूब खरी-खरी सुनाई। इतना ही नहीं, राजनीति से दूर आकाश की पत्नी को भी उन्होंने नहीं बख्शा।

मायावती के फैसले से पार्टी में घमासान की स्थिति है। इससे भविष्य में बड़े फेरबदल के भी आसार हैं। मायावती की नाराजगी का अंदाजा उनके इस बयान से लगाया जा सकता है जिसमें उन्होंने आकाश पर कार्रवाई के लिए पूरी तरह से अशोक सिद्धार्थ को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि अशोक ने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ आकाश का पॉलिटिकल कॅरिअर भी खराब कर दिया है। इसी वजह से आनंद कुमार ने बदले हालात में पार्टी व मूवमेंट के हित में अब अपने बच्चों का रिश्ता गैर-राजनीतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला किया है। कहा, अशोक ने यूपी सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर कमजोर करने का घिनौना कार्य किया, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। यह सब उनके लड़के की शादी में भी देखने को मिला था। अशोक को पार्टी से निकालने के बाद उनकी बेटी पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है और आकाश पर अपनी पत्नी का कितना प्रभाव पड़ता है, यह सब भी अब हमें देखना होगा, जो अब तक पॉजिटिव



नहीं रहा है। जानकारों की मानें तो मायावती के इस फैसले के बाद पार्टी की आगे की राह आसान नहीं है। अशोक सिद्धार्थ और आकाश आनंद के समर्थकों को यह फैसला रास नहीं आएगा, जिसकी वजह से पार्टी दो धड़ों में बंट सकती है। हरियाणा के बाद आकाश को दिल्ली विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसमें मायावती की अनुमति के बिना अशोक सिद्धार्थ हस्तक्षेप करने लगे थे। अशोक के पास दक्षिण के राज्यों की जिम्मेदारी थी, पर वे खुद को मायावती का करीबी रिश्तेदार बताकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को धमकाने लगे थे। बीते कुछ दिनों में बसपा नेताओं के लिए शादियां मुसीबत बन गई हैं। इससे पहले वरिष्ठ नेता मुनकाद अली के बेटे की शादी में शामिल होने पर पार्टी के कई नेताओं पर कार्रवाई की गई थी। पार्टी ने इस शादी में बसपा नेताओं के जाने पर रोक लगाई थी। इसके बाद अशोक सिद्धार्थ के बेटे की शादी आगरा में हुई जिसमें आकाश आनंद तो मौजूद रहे, लेकिन बसपा सुप्रीमो ने दूरी बना ली। सूत्रों की मानें तो इस शादी में भी अशोक अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे, जो मायावती को रास नहीं आया। उनकी सहमति के बिना पार्टी के कई नेता शादी में गए थे जिससे वे नाराज थीं।

### सरकारी दावे के अनुसार नहीं हुआ महाकुंभ

मायावती ने कहा कि जनहित व कल्याण के लिए केंद्र व यूपी की सरकार को अपनी कथनी और करनी में अंतर को कम करना होगा। महाकुंभ अगर अव्यवस्था, हादसा व हताहत–मुक्त होकर सरकारी दावे के अनुसार होता, तो बेहतर रहता। केंद्र और यूपी सरकार के बजट में दावों को हवाई बताते हुए उन्होंने कहा कि करोड़ों गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों एवं अन्य मेहनतकश लोगों के जीवन में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। सरकार इतनी ज्यादा दूरदर्शी हो गई है कि उसे देश के सवा सौ करोड़ लोगों की समस्याएं नहीं दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि समय–समय पर कानून व्यवस्था व कार्यशैली को लेकर कोर्ट की कड़ी टिप्पणियों से स्पष्ट है कि यूपी में कानून का सही से राज नहीं, बल्कि भाजपा का पक्षपाती राज है। इससे जनता को न्याय मिलना मुश्किल हो गया है।

### छोटी बहन की झोपड़ी में मिली लाश, बड़ी को पड़ोसी ले गया; क्या हुआ उसके साथ...पूछताछ में खुलेगा राज

**कासगंज , एजेंसी।** सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के गांव नगला हंसी में शनिवार सुबह नाबालिग किशोरी का शव झोपड़ी में फंदे पर लटका मिला और उसकी बड़ी बहन लापता थी। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। दलित परिवार की बेटी की मौत से गांव में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने लापता नाबालिग बड़ी बहन को बरामद कर लिया है। उसके साथ हत्या का एक आरोपी युवक भी गिरफ्त में आया है। पुलिस ने तीन अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

गांव में दलित परिवार की बेटी झोपड़ी में फंदे पर लटकी हुई मिली थी। उसकी बड़ी बहन लापता थी। परिजन खेतों पर गए थे। जब वे वापस लौटे तो बेटी का शव देखकर चीत्कार कर उठे। दूसरी बेटी को तलाश किया तो वह नहीं मिली। घटना की सूचना पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पिता ने नौ आरोपियों के खिलाफ बेटी की हत्या और एक बेटी को अगवा करने व दलित उत्पीड़न की धाराओं में मामला पंजीकृत कराया है। गांव के बबलू, रवि, नेत्रपाल, राजभान, अंकित, राजाराम, सत्यवीर, दयाराम और रामबाबू पर हत्या, दलित उत्पीड़नऔर बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई। लापता नाबालिग को सोरोंजी थाना क्षेत्र के नगरिया इलाके से पुलिस ने बरामद कर लिया है। उसी के साथ पुलिस ने हत्या के आरोपी बबलू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। बरामद नाबालिग का चिकित्सीय परीक्षण और न्यायालय में बयान दर्ज करने की कार्रवाई होगी। पुलिस ने तीन अन्य लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि लापता नाबालिग को पुलिस ने बरामद कर लिया है। एक आरोपी बबलू को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ की जा रही है। पिता की तहरीर पर नौ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है।

## प्रदेश में विधायकों के फोन नहीं उठा रहे हैं अधिकारी, शासन ने दिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश



**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्य सचिव के सख्त निर्देश के बावजूद जिलों में अफसर विधायकों के फोन नहीं उठा रहे हैं। उन्हें कॉल बैक भी नहीं करते हैं। शासन द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए ऐसा आचरण करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह द्वारा सभी अपर मुख्य सचिव, डीजीपी, मंडलायुक्त एवं डीएम को जारी शासनादेश में कहा गया है कि सांसदों एवं विधायकों के प्रति शिष्टाचार, प्रोटोकॉल एवं सौजन्य प्रदर्शन को लेकर विगत वर्षों में कई शासनादेश जारी किए जा चुके हैं। जिनके अनुपालन के लिए मुख्य सचिव द्वारा बीते दिनों वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए निर्देशित भी किया गया था। इसके बावजूद शासन के संज्ञान में आया है कि कुछ जिलों में विभिन्न अधिकारियों द्वारा विधानमंडल के सदस्यों के फोन नहीं उठाए जा रहे हैं और ना ही कॉल बैक की जाती है। सदस्यों द्वारा यह मामला सदन एवं संसदीय अनुश्रवण समिति की बैठकों में उठाए जाने से शासन के सामने असहज स्थिति उत्पन्न होती है, जो खेदजनक है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सदस्यों के फोन नंबर को अधिकारी अपने फोन पर सेव कर लें। कॉल आने पर उसे रिसीव करेंगे। बैठक में होने पर वह कॉल आने पर प्राथमिकता के आधार पर अनुपलब्ध होने का मैसेज भेजेंगे और यथाशीघ्र कॉल बैक करेंगे। सदस्यों द्वारा बताए प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कर अवगत कराएंगे। इसमें शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवही की जाएगी। उन्होंने इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने को कहा है।

## कुसुमा नाइन की मौत: 12 मल्लाहों को लाइन में खड़ा कर मारी थी गोली

### प्रेम कहानी से गैंग में शामिल होने की कहानी



**इटावा, एजेंसी।** चंबल के बीहड़ों में करीब 25 साल तक दहशत फैलाने वाली कुसुमा नाइन ने 1984 में औरैया के मई अस्ता गांव में 12 मल्लाहों को लाइन में खड़ा कर गोली मार दी थी। कुसुमा ने इसे फूलनदेवी के बेहमई कांड का प्रतिशोध बताया था।

1964 में जालौन के टिकरी गांव में पैदा हुई कुसुमा नाइन को माधव मल्लाह से प्रेम हो गया था। वह उसके साथ चली भी गई थी। करीब दो साल तक उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसने पिता को चिट्ठी लिखी कि वह दिल्ली के मंगोलपुरी में माधव के साथ है। तब पिता दिल्ली पुलिस के साथ पहुंचे और उसे घर ले आए। पिता ने उसकी शादी कुरौली गांव निवासी केदार नाई के साथ कर दी। माधव कुसुमा से प्रेम करता था। उसने यह बात रिश्तेदार डकैत विक्रम मल्लाह को बताई। विक्रम मल्लाह माधव को लेकर गैंग के साथियों के साथ कुसुमा की ससुराल पहुंचा। उसने कुसुमा को अगवा कर लिया। इसके बाद वह माधव के साथ विक्रम गैंग में शामिल हो गई। कुछ समय बाद फूलन देवी से अनबन के बाद डकैत राम आसरे तिवारी उर्फ फक्कड़ गैंग में शामिल हो गई थी।

**1982 में फूलन ने किया था आत्मसमर्पण:** 1980 से उसने गैंग में अपनी सक्रियता बढ़ा दी थी। 14 मई 1981 को डकैत फूलन ने 22 ठाकुरों को गोली मार दी थी। इस कांड के बाद डाकू फक्कड़ और उसकी माशूका बन चुकी कुसुमा अपनी दहशत बढ़ाने के लिए बेताब थे। इस बीच 1982 में फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद फक्कड़ और कुसुमा ने साल 1984 में औरैया के मई अस्ता गांव में पहुंचकर 12 मल्लाहों को लाइन से खड़ा कर गोली मार दी थी। इतना ही नहीं उनके घरों को आग लगा दी थी।

इससे उसका आतंक बढ़ गया था। कुसुमा इतनी क्रूर थी कि वह जिनका अपहरण करती उनके बदन पर चूल्हे की जलती हुई लकड़ी लगा देती थी। जंजीरों से बांध कर हंटर से मारती थी।

इटावा जेल में बंद कुसुमा की तबीयत खराब होने पर उसे सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। इस पर उसने अपने परिजनों से मिलने की इच्छा जताई थी। सिरसाकलार थाने से रामजी के पास भी फोन आया था, लेकिन उन्होंने मिलने से मना कर दिया था। ज्यादा हालत खराब होने पर उसे लखनऊ भेज दिया गया था।

**आठ साल डाकू विक्रम और सोलह साल फक्कड़ के साथ रही कुसुमा:** कुरौली गांव से अगुवा करके बीहड़ ले जाई गई कुसुमा सबसे पहले माधव के माध्यम से विक्रम मल्लाह गिरोह से मिल गई। इसके बाद वह करीब आठ वर्ष तक इस गिरोह में रही। विक्रम की मौत हो जाने के बाद वह लालाराम के संपर्क में आई और कुछ दिन के बाद वह रामआसरे उर्फ फक्कड़ के संपर्क में आ गई। सोलह साल तक बीहड़ में राज करती रही। वह इटावा के साथ-साथ कानपुर व अन्य जेलों में भी रही।

**पेड़ काटने पर नाराज कुसुमा ने ग्रामीणों को पीटा था :** बदनपुरा निवासी गौरी (70) ने बताया कि क्वांरी नदी किनारे दोपहर में मैं, जय सिंह, मटयाले निवासी रामफल की गढ़िया बकरियां चराने गए हुए थे। इस बीच फकक्ड़ गैंग के लोग आ गए थे। डकैत नाइन सड़क किनारे बकरियों के लिए काटकर डाले गए पेड़ देखकर गुस्सा गई। उसने चारों लोगों को लाइन में खड़ा करके बेल्टों से पीटा था।

## बीच सड़क पर नाना को चाकू से गोदता रहा नाती, चिल्लाते रहे बुजुर्ग और वीडियो बनाते रहे लोग

**मेरठ , एजेंसी।** लिसाड़ी गेट के राधना वाली गली में बीच सड़क पर कपड़ा व्यापारी ग्यासुद्दीन (60) के पेट में छुरी मारकर हत्या कर दी। रिश्ते में नाती कासिफ ने 1500 रुपये के लेनदेन के विवाद में वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय ग्यासुद्दीन रोजा इफ्तारी के लिए बाजार में सामान लेने गए थे। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ब्रह्मपुरी के पूर्वा इलाहीबख्श जाटव गेट निवासी सूफी ग्यासुद्दीन की लिसाड़ी गेट चौराहे पर कपड़े की दुकान है। ग्यासुद्दीन का निकाह नहीं हुआ है। दुकान पर उनके पास छोटे भाई नवाबुद्दीन का नाती काशिफ पुत्र आसिफ निवासी ऊंचा सद्दीकनगर आता रहता है। काशिफ दुकान की उधारी के पैसे भी लाकर ग्यासुद्दीन को देता रहता है। काशिफ ने एक ग्राहक से 1500 रुपये लाकर नाना को बताए बिना अपने पास रख लिए थे। ग्यासुद्दीन रविवार को ट्यूबवेल तिराहा निवासी अपनी बहन जुबैदा के घर गए थे। शाम की नमाज पढ़ने के बाद वह तिराहा स्थित राजधानी किराना स्टोर से रोजा इफ्तारी का सामान खरीदने के लिए रुक गए। इसी दौरान काशिफ अपने दो दोस्तों के साथ आया। ग्यासुद्दीन ने उससे ग्राहक से लिए गए 1500 रुपये मांगे। इसे लेकर उनके बीच बहस हो गई। काशिफ नाराज होकर वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह छुरी लेकर पहुंचा और सरेबाजार ग्यासुद्दीन के पेट और कमर पर कई वार किए। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद काशिफ वहां से भाग गया।

सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार सहित लिसाड़ी गेट और ब्रह्मपुरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ग्यासुद्दीन को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीओ कोतवाली आशुतोष का कहना है कि ग्यासुद्दीन के भतीजे इरशाद की तहरीर पर काशिफ को नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। काशिफ को पकड़ लिया है।

### बुजुर्ग चीखते रहे, लोग बनाते रहे वीडियो

काशिफ ने सरेबाजार छुरी से ताबड़तोड़ कई वार कर ग्यासुद्दीन की जान ली। इस दौरान लोग तमाशबीन बनकर खड़े रहे। इतना ही नहीं, वीडियो भी बनाते रहे। कोई भी बचाने के लिए आगे नहीं आया।

### इफ्तारी से पहले ही कर दी हत्या

रविवार को रमजान का पहला रोजा था। ग्यासुद्दीन ने भी रोजा रखा हुआ था। शाम सवा पांच बजे की नमाज पढ़ने के बाद वह रोजा इफ्तारी के लिए खरीदारी करने के लिए दुकान पर खड़े थे। जिस भतीजी के बेटे पर वह पूरा भरोसा करते थे, उसी ने छुरी से गोदकर हत्या कर दी।

# वाराणसी शिफ्ट होंगी लखनऊ एयरपोर्ट की उड़ानें

## 15 जुलाई तक दिन में बंद रहेगा अमौसी एयरपोर्ट

**लखनऊ , एजेंसी।** अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ के रनवे की मरम्मत और समानांतर टैक्सी वे निर्माण के चलते उड़ानें प्रभावित हैं। ऐसे में लखनऊ एयरपोर्ट की कुछ उड़ानें वाराणसी एयरपोर्ट से संचालित करने की तैयारी है। हैदराबाद, मुंबई, बंगलूरू, दिल्ली की उड़ानें बाबतपुर एयरपोर्ट पर शिफ्ट की जा सकती हैं।

एयरपोर्ट अथॉरिटी के अफसरों ने बताया कि दिन की कुछ उड़ानें शिफ्ट की जा सकती हैं। आजमगढ़ एयरपोर्ट से भी कुछ विमान उड़ान भर सकते हैं।

लखनऊ एयरपोर्ट पर एक मार्च से जुलाई तक सुबह 10 से शाम 6 बजे तक एयरपोर्ट बंद रहेगा। अभी सुबह और देर शाम की कुछ उड़ानें हैं। कुछ विमानों को रद्द कर दिया गया। होली से पहले अधिकतर उड़ानों को वाराणसी व लखनऊ के आसपास एयरपोर्ट से संचालित करने की तैयारी है।

दिल्ली और पूर्वांचल का सफर होली पर आसान होगा। परिवहन निगम राजधानी के चार बस अड्डों से रोजाना 400 अतिरिक्त बसें चलाएगा। होली स्पेशल के रूप में ये बसें 13 शहरों के बीच नॉन स्टॉप सेवाओं के रूप में चलेंगी। 10 से 17 मार्च तक इनका संचालन किया जाएगा। यात्रियों को बसों की सुविधा आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग और अवध स्टेशन से मिलेगी। एकमुश्त सवारी होने पर बसों को सीधा रवाना किया जाएगा। इनके यात्रियों को बीच रास्ते सवारी उतारने और चढ़ाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। बस अड्डों पर यात्रियों के बैठने से लेकर खान-पान की व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं।




### लखनऊ से इन शहरों के बीच चलेंगी होली स्पेशल

होली के दौरान लखनऊ से दिल्ली, कानपुर, गोरखपुर, बहराइच, गोंडा, आजमगढ़, देहरादून, हरिद्वार, बनारस, प्रयागराज, आगरा और रायबरेली के बीच सबसे ज्यादा सवारियों के आवागमन की संभावना है। इसे देखते हुए होली स्पेशल बसों का आवंटन हर रूट के लिए किया गया है। लखनऊ परिक्षेत्र के सभी सातों डिपो को आरएम की ओर से निर्देश भेज दिए गए हैं। आठ दिनों तक संचालित होने की होली स्पेशल बसें चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग, अवध, रायबरेली, बाराबंकी, हैदरगढ़, उपनगरीय डिपो शामिल हैं। एसी बसें भी चलाई जाएंगी। यात्रियों के लिए एसी बसों में तत्काल या एडवांस बुकिंग खोल दी गई है।

## राजा जयचंद के किले पर कब्जा, बना लिए सैकड़ों अवैध मकान

**कन्नौज , एजेंसी।** राजा जयचंद के ऐतिहासिक किले की भूमि पर कब्जा कर लोगों के सैकड़ों मकान बन गए हैं। पिछले 14 साल से अवैध कब्जे हटाने की प्रक्रिया हर बार ठंडे बस्ते में चली जाती है। इसका कब्जेदार फायदा उठाकर उस पर निर्माण भी कर रहे हैं। यहां तक कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने भी कई प्रधानमंत्री आवास भी बनवा लिए हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) भी कुछ नहीं कर पा रहा है।

शहर के उत्तरी छोर पर राजा जयचंद का किला है, जो खंडहर होकर अब टीले में तब्दील हो चुका है। वर्ष 2010 में किले को संरक्षित करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के उपमंडल कार्यालय की स्थापना की गई। इसके बाद एएसआई ने वर्ष 2011 में किले की भूमि की पैमाइश कराई और उसका सीमांकन कर उसे संरक्षित कर दिया था। इसके बाद भी किले की संरक्षित भूमि पर लोगों के कब्जे का सिलसिला जारी रहा। कई लोगों ने मकान बना लिए और वह इसमें आराम से रह रहे हैं तो कई लोगों ने कुटीर उद्योग भी शुरू कर दिए हैं।

राजनीतिक हस्तक्षेप से एएसआई किले को कब्जामुक्त कराने में विफल रहा। इसके बाद दोबारा शिकायत की गई तो एक अगस्त 2017 को तत्कालीन एसडीएम सदर अरुण कुमार सिंह ने किले की भूमि की पैमाइश कराई। इसमें 14 एकड़ में किले की भूमि को माप कर कब्जेदारों को खाली करने का नोटिस भी दिया गया। पैमाइश में चार एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया था। एएसएआई ने उस पर कई जगह बेरिकेडिंग कर नोटिस बोर्ड भी लगाए। कब्जेदारों और अराजकतत्वों ने बेरिकेडिंग तोड़ दी और नोटिस बोर्ड भी गायब कर दिए।



# भूमि पेडनेकर ने सिनेमाई सफर में निभाए गए किरदार पर की बात

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, जिन्हें 'मेरे हसबैंड की बीवी' के लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने हाल ही में एक अभिनेत्री के रूप में फिल्म उद्योग में 10 साल पूरे किए हैं। अपनी इस उपलब्धि के बाद, अभिनेत्री ने अपने सफर में विभिन्न किरदारों को निभाने के बारे में बात की और बताया कि इसने उनके करियर को कैसे आकार दिया है। 'दम लगा के हईशा' में अपने यादगार डेब्यू से लेकर अपनी हालिया भूमिकाओं तक भूमि अपनी पीढ़ी की सबसे बहुमुखी और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक के रूप में उभरी हैं।

अपनी यात्रा पर भूमि ने कहा, मेरी यात्रा दम लगा के हईशा से शुरू हुई और तब से हर दिन मुझे याद दिलाता है कि मैं कितनी दूर आ गई हूं। इन 10 वर्षों ने मुझे जुनून और खुद पर विश्वास करने की शक्ति सिखाई है। उन्होंने आगे बताया, मुझे कुछ वाकई विविध किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है, मेरी पहली फिल्म में एक अधिक वजन वाली दुल्हन, बधाई दो में एक विचित्र किरदार, भक्षक में न्याय के लिए लड़ने वाली एक पत्रकार, सांड की आंख में उम्र के मानदंडों को चुनौती देने वाली एक अस्सी वर्षीय महिला, बाला में रंग के आधार पर भेदभाव करने का सामना करने वाली एक महिला और थैंक यू फॉर कमिंग में अपनी स्वतंत्रता को अपनाने वाली एक महिला।

अभिनेत्री ने विभिन्न विधाओं में विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं निभाई हैं। उनके करियर को असाधारण प्रदर्शन को फैंस ने सराहा भी है। जिससे वह बॉलीवुड की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं। भूमि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाती हैं, साथ ही वह सीखे गए सबक और अपने करियर को आकार देने वाले अवसरों पर भी विचार करती हैं। कहा जाता है कि अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, क्योंकि वह ऐसी भूमिकाएं निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो यथास्थिति को चुनौती देती हैं और समकालीन मुद्दों पर नए दृष्टिकोण पेश करती हैं। हाल ही में भूमि ने अपने 10 साल पूरे होने पर मुंबई में एक खास केक-कटिंग सेरेमनी रखी। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मीडिया और उनके प्रशंसक शामिल हुए। अभिनेत्री ने ब्लैक पैंट और स्टाइलिश लॉन्ग स्लीव शर्ट पहनी हुई थी।



# तमन्ना ने क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में शामिल होने पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने उन रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिनमें कहा गया है कि उन्हें 2.4 करोड़ रुपये के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में पुडुचेरी पुलिस द्वारा तलब किया जा सकता है। दावों को फर्जी और भ्रामक बताते हुए अभिनेत्री ने आश्वासन दिया कि वह ऐसी झूठी रिपोर्टों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी।

## क्या है पूरा मामला

28 फरवरी को कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि तमन्ना और अभिनेत्री काजल अग्रवाल से कथित क्रिप्टोकरेंसी स्कीम के संबंध में पूछताछ की जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से उनकी संलिप्तता के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## आरोपों पर बोलीं तमन्ना

तमन्ना ने साक्षात्कार में इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, यह मेरे ध्यान में आया है कि मेरे क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े होने और उससे जुड़े होने का आरोप लगाते हुए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं मीडिया में अपने दोस्तों से अनुरोध करना चाहूंगी कि वे ऐसी कोई भी फर्जी, भ्रामक और झूठी रिपोर्ट और अफवाहें न फैलाएं। उन्होंने कहा, इस बीच मेरी टीम उचित कार्रवाई शुरू करने के लिए इस पर विचार कर रही है।

## ऐसे शुरू हुआ विवाद

दरअसल, पुडुचेरी के मूलकुलम के पूर्व सैनिक अशोकन ने कोयंबटूर स्थित एक फर्म के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसकी स्थापना 2022 में हुई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजना में उनके साथ धोखाधड़ी की गई। अशोकन ने दावा किया कि उन्होंने 1 करोड़ रुपये का निवेश किया और अपने 10 दोस्तों को कुल 2.4 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए राजी किया।

## काजल की प्रतिक्रिया का इंतजार

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वह कंपनी के लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां तमन्ना मौजूद थीं और बाद में महाबलीपुरम में एक अन्य समारोह में शामिल हुए, जहां काजल मुख्य अतिथि थीं। कहा गया था कि इस कार्यक्रम में 100 से अधिक निवेशकों को 10 लाख से 1 करोड़ रुपये की लग्जरी कारें उपहार में दी गईं। पुलिस अधिकारियों ने कथित तौर पर काजल और तमन्ना से स्पष्टीकरण मांगा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वे केवल कंपनी के कार्यक्रमों का प्रचार कर रही थीं या उनकी कोई वित्तीय भागीदारी भी थी। काजल ने अभी तक इन खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



# सैफ मामले से आलिया ने लिया सबक!

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया से हटा ली हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम से बेटी की सभी तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। अब फैंस राहा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर नहीं देख पाएंगे, सिवाय उन तस्वीरों के जिनमें उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है। अभिनेत्री के इस फैसले पर उनके फैंस भी उनके साथ हैं। अभिनेत्री के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को अब स्क्रॉल करने पर राहा की तस्वीरें नहीं दिख रही हैं। यहां तक कि जामनगर या परिवार की पेरिस टूर से पोस्ट की गई तस्वीरें भी हटा दी गई हैं। राहा-आलिया के नए साल के दिन के फोटो एलबम में दिखाई देती हैं, लेकिन उनका चेहरा नहीं दिखाई देता। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री के इस फैसले का उनके फैंस समर्थन कर रहे हैं। रेडिट पर फैंस ने इसका समर्थन किया।

## सैफ पर हुए हमले से जोड़ रहे लोग

एक यूजर ने आश्चर्य जताया कि इसका क्या कारण हो सकता है? उसने लिखा, सैफ-जेह की घटना ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने पैपराजी को भी मना किया कि वह अब से राहा की तस्वीरें न लें। उनके लिए अच्छा है। हालांकि, यह सिर्फ अटकलें हैं, जो सोशल मीडिया यूजर्स लगा रहे हैं। इसकी असल वजह अभी तक सामने नहीं आई है।



# 'डिप्लोमैट' की रिलीज से पहले जॉन ने मांगी माफी

फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम को अपनी फिल्मों के ट्रेलर रिलीज या दूसरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाना अच्छा नहीं लगता। अपनी नई फिल्म 'द डिप्लोमैट' के लिए भी वह पत्रकारों से अलग-अलग ही मिल रहे हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर के साथ इस फिल्म की खासियतों के बारे में भी बता रहे हैं। 'अमर उजाला' से बातचीत के दौरान उन्होंने इस फिल्म के अलावा बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में हुए हादसे के बारे में भी बात की और पहली बार कैमरे के सामने माना कि इसमें गलती उनकी ही थी।

## पहली बार शिवम नायर से मिले

पाकिस्तान में तैनात रहे भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जे पी सिंह के जीवन पर बनी फिल्म 'द डिप्लोमैट' की शूटिंग बीते साल ही खत्म हो गई थी। लेकिन, जॉन बताते हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर को हर सीन को करीने से एडिट करने और उसमें कहीं भी कोई खामी न रहने देने का जुनून सा रहता है। वह फिल्म को शूट करने के बाद एडिट टेबल पर भी काफी करीने से संवारते हैं और उनके इसी जुनून को देखकर मुझे उनके साथ काम करना बहुत अच्छा लगा। इस फिल्म के लिए ही मैं और शिवम पहली बार मिले।

## गलतियों से सीखना ही बड़े होने की निशानी

ये पूछे जाने पर कि पचास साल की उम्र पार होने के बाद अमूमन इंसान का गुस्सा कम होने लगता है, तो क्या जॉन भी अपने भीतर ये बदलाव महसूस करते हैं। जॉन कहते हैं, हां, मैं अब उतना गुस्सा नहीं करता। अपनी बात कहने में मैं अब भी पीछे नहीं रहता, लेकिन अब मैं अपने उत्तरों को डिप्लोमैटिक तरीके से पेश करना सीख गया हूं। पहले मैं जो कुछ भी मन में आता था, कह देता था, लेकिन मुझे लगता है गलतियों से सबक लेना ही किसी इंसान के प्रौढ़ होने की निशानी है।

## मैं अपनी गलती के लिए क्षमा मांगता हूं!

और, ऐसी ही गलती उनसे बीते साल फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर रिलीज कार्यक्रम में एक पत्रकार के सवाल के जवाब में अपशब्द कहने की हुई? जॉन शायद इस सवाल के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन, बात की संजीदगी को समझते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि हां उनसे गलती हुई। जॉन कहते हैं, मुझे इस तरह से अपनी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी। वह 'बेचारा' तो अपना काम ही कर रहा था। मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैं आमतौर पर ऐसे कार्यक्रमों में जाना टालता ही हूं। तब भी मैंने कहा था कि मुझे मत बुलाओ, अब देखिए ना, मैंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली थी। फिल्म 'द डिप्लोमैट' 14 मार्च को रिलीज हो रही है।

# मुनमुन दत्ता ने रिजेक्ट किया सेलिब्रिटी मास्टरशेफ, क्या रही वजह



इन दिनों एक कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में कई टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं। इस शो में वह अपनी कुकिंग स्किल्स को दिखा रहे हैं। इसी शो के लिए सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की पॉपुलर एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता को भी अप्रोच किया गया था। लेकिन वह 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का हिस्सा नहीं बन पाईं।

## रियालिटी शो का हिस्सा इसलिए नहीं बन पाईं

शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' से जुड़े एक सोर्स का कहना है कि मुनमुन दत्ता को भी शो ऑफर हुआ था। वह एक अच्छी कुक हैं, साथ ही काफी पॉपुलर भी हैं। ऐसे में शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के लिए परफेक्ट थीं। लेकिन उनके अपने शो कॉमेडी शो को लेकर कुछ कमिटमेंट्स थे, जिसके कारण उन्हें कुकिंग रियालिटी शो को ना कहना पड़ा। इन दिनों सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में तेजस्वी, गौरव खन्ना, निक्की तंबोली जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं।

## कॉमेडी शो में कई सालों से एक्टिव

सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का हिस्सा मुनमुन दत्ता काफी लंबे समय से हैं। वह इसमें बबीता जी नाम का किरदार निभाती हैं, जिसका पति एक साइंटिस्ट है। शो में कॉमेडी के साथ समय-समय पर सोशल मैसेज भी दिए जाते हैं। इस शो की वजह से मुनमुन को काफी पॉपुलैरिटी मिली है।

## फिल्मों का भी हिस्सा बनीं

मुनमुन ने सीरियल्स के अलावा फिल्मों में भी काम किया है। वह मुंबई एक्सप्रेस और हॉली डे जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही 'बिग बॉस 15' में बतौर प्रतियोगी भी शामिल हो चुकी हैं। इन दिनों भी वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नजर आ रही हैं।




# रिलीज से पहले कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर, थिएटर के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी धनुष की फिल्म

हाल ही में धनुष की फिल्म कुबेर की रिलीज डेट से पर्दा उठा था। 27 फरवरी को आधिकारिक तौर पर यह खुलासा किया गया कि शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर 20 जून 2025 को कई भारतीय भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म में धनुष के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अब इस फिल्म के ओटोटी पार्टनर से पर्दा उठ गया है।

## कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलीज की तारीख की घोषणा करने के बाद कुबेर ने निर्माताओं ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ फिल्म की ओटीटी साझेदारी कर ली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने भारी कीमत पर सभी भाषाओं में कुबेर के डिजिटल अधिकार हासिल कर लिए हैं।

## फिल्म की स्टार कास्ट

फिल्म में धनुष और रश्मिका मंदाना के अलावा जिम सर्भ और अक्किनेनी नागार्जुन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कुबेर को श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित किया गया है। देवी श्री प्रसाद ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। कुबेर धारावी की पृष्ठभूमि पर आधारित है और यह एक व्यक्ति के गरीबी से अमीरी तक के विकास की कहानी दर्शाती है। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले कुबेर को बनाया जा रहा है। वहीं देवी श्री प्रसाद फिल्म का संगीत दिया है।

## एक्स पर दी रिलीज डेट की जानकारी

फिल्म कुबेर के निर्माताओं ने एक्स पर फिल्म के एक पोस्टर के साथ शेयर की रिलीज की तारीख। इस पोस्टर में धनुष और नागार्जुन नजर आ रहे हैं। साथ ही इस पोस्टर के साथ लिखा, शक्ति की कहानी, धन के लिए लड़ाई, भाग्य का खेल। शेखर कम्मुला कुबेर 20 जून, 2025 से एक आकर्षक अनुभव देने के लिए तैयार है।

# आज टाइगर श्रॉफ बेंचमार्क हैं; आप कैसे सर्वाइव करेंगे बॉलीवुड में?

जॉनी गद्दार में अपने डेब्यू के अठारह साल बाद, नील नितिन मुकेश बॉलीवुड के विकास पर चर्चा करते हैं कि बॉलीवुड कैसे विकसित हुआ है, और इस बात पर जोर देते हैं कि इंडस्ट्री आज अपने अभिनेताओं से कहीं अधिक की उम्मीद करता है। बदलते परिदृश्य पर चर्चा करते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे टाइगर श्रॉफ ने फिटनेस और एक्शन में एक नया मानक स्थापित किया है, उन्होंने कहा, बेंचमार्क टाइगर श्रॉफ हैं- तो आप कैसे सर्वाइव करेंगे? बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार के रूप में जाने जाने वाले टाइगर श्रॉफ ने अपने हाई-ऑक्टेन प्रदर्शन, बेजोड़ चुस्ती और हैरतअंगेज़ एक्शन सीक्वेंस के साथ स्टारडम को फिर से परिभाषित किया है। चुनौती देने वाले स्टंट से लेकर मार्शल आर्ट को डांस के साथ सहजता से मिश्रित करने तक, टाइगर ने सभी पीढ़ियों के अभिनेताओं के लिए मानक बढ़ा दिए हैं। नील ने आगे इस बात पर जोर दिया कि कैसे इंडस्ट्री अब अभिनेताओं से सिर्फ कलाकार ही नहीं, बल्कि एक्शन हीरो, डांसर और फिटनेस आइकन भी बनने की उम्मीद करता है – एक ऐसा डोमेन जहां टाइगर आसानी से छाए हुए है। वर्तमान में, टाइगर श्रॉफ अपनी ब्लॉकबस्टर एक्शन फेंचाइजी की अगले भाग बागी 4 की शूटिंग कर रहे हैं। 5 सितंबर 2025 को रिलीज होने वाली इस फिल्म के साथ, उम्मीदें आसमान पर हैं क्योंकि प्रशंसक उत्सुकता से एक और एड्रेनालाईन-पैक ड्रामा का इंतजार कर रहे हैं।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper




# वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा मोहम्मद शमी का रिकॉर्ड

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आखिरी लीग मैच में मौका दिया गया और उन्होंने क्या गेंदबाजी की। वरुण की गेंदबाजी को कीवी बल्लेबाज समझ ही नहीं पाए और उन्होंने 5 विकेट लेकर भारतीय टीम को 44 रन से जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। वरुण को उनकी इस घातक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। यही नहीं उन्होंने इस गेंदबाजी के दम पर मोहम्मद शमी के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

वरुण चक्रवर्ती ने कीवी टीम के खिलाफ 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए और वो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से बेस्ट गेंदबाजी करने वाले दूसरे बॉलर बने। वरुण ने शमी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने इस टूर्नामेंट में भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ 53 रन देकर 5 विकेट लिए थे, लेकिन अब वो तीसरे नंबर पर चले गए जबकि 42 रन देकर 5 विकेट लेने वाले वरुण दूसरे नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में रविंद्र जडेजा पहले स्थान पर हैं जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए बेस्ट गेंदबाजी

- 5/36 - रविंद्र जडेजा बनाम वेस्टइंडीज
- 5/42 - वरुण चक्रवर्ती बनाम न्यूजीलैंड
- 5/53 - मोहम्मद शमी बनाम बांग्लादेश
- 4/38 - सचिन तेंदुलकर बनाम ऑस्ट्रेलिया
- 4/45 - जहीर खान बनाम जिम्बाब्वे

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव न करे टीम इंडिया: शास्त्री




**दुबई, एजेंसी।** भारतीय सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में बिना किसी बदलाव के विजयी टीम के साथ उतरना चाहिए। उन्होंने इसका कारण यह बताया कि टीम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 रन की जीत के दौरान दुबई की परिस्थितियों का अच्छा अनुभव लिया है। भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराकर मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। खास बात यह है कि 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 50 ओवर के किसी भी आईसीसी नॉकआउट मुकाबले में यह पहली भिड़ंत हो रही है। उस मैच में भारत को अहमदाबाद में हार का सामना करना पड़ा था। शास्त्री ने आईसीसी के इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए क्योंकि अगले मैच के लिए केवल 48 घंटे का समय है। पिच पर खिलाड़ियों के दौड़ने से असर पड़ा है और वही पिच अगले मैच में इस्तेमाल होगी। ऐसे में स्पिनरों की भूमिका फिर से अहम रहेगी। रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में भारत ने दुबई की धीमी पिच को देखते हुए चार स्पिनरों - रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती - को खिलाया था।

इन चारों ने कुल मिलाकर 9 विकेट लिए, जिसमें चक्रवर्ती सबसे सफल रहे। उन्होंने 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए, जो इस टूर्नामेंट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

शास्त्री ने सही समय पर चक्रवर्ती को मौका देने के लिए टीम मैनेजमेंट की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, अगर आप उनकी मौजूदा फॉर्म देखें, तो यह शानदार है। मैं हमेशा मानता हूं कि वर्तमान फॉर्म सबसे महत्वपूर्ण होती है। उनका आत्मविश्वास और बॉडी लैंग्वेज बेहतरीन है। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें इस टूर्नामेंट में बनी हुई हैं, लेकिन इनमें से किसी ने भी चक्रवर्ती को ज्यादा खेला नहीं है और न ही उन पर ज्यादा अध्ययन किया है। उन्होंने आगे कहा, उनका प्रदर्शन मुझे बहुत प्रभावित कर रहा है। टीम मैनेजमेंट ने सही समय पर उन पर भरोसा दिखाया। वह बीच के ओवरों में विकेट निकालने वाले गेंदबाज हैं और अब जब उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने पांच विकेट झटके।

मुझे लगता है कि अब वह टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। शास्त्री ने यह भी कहा कि दुबई की पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240-250 का स्कोर बनाना सेमीफाइनल में जीत की कुंजी हो सकता है। उन्होंने कहा, अगर आप पहले बल्लेबाजी करते हैं और 240-250 से ज्यादा रन बना लेते हैं, तो यह इतने बड़े मुकाबले में काफी चुनौतीपूर्ण लक्ष्य होगा।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केएल राहुल की होगी छुट्टी ! ऋषभ पंत को मिलेगा मौका?

**नई दिल्ली, एजेंसी** ।भले ही बांग्लादेश के खिलाफ केएल राहुल ने फील्डर ऑफ द मैच का मेडल जीता, लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी फॉर्म को बरकरार नहीं रख सका. न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल से कई गलतियां हुई.

केएल राहुल की गलतियों ने कप्तान रोहित शर्मा और टीम मैनेजमेंट की परेशानी बढ़ा दी है. इस टूर्नामेंट के लिए केएल राहुल को फर्स्ट च्वॉइस विकेटकीपर के तौर पर चुना गया. जबकि ऋषभ पंत को बैकअप के तौर पर रखा गया है. अब सवाल है कि क्या भारतीय टीम मैनेजमेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में केएल राहुल के साथ उतरेगी या फिर ऋषभ पंत का रूख करेगी?




न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल ने सबसे पहले केन विलियमसन का कैच छोड़ा. उस समय केन विलियमसन महज 1 रन बनाकर खेल रहे थे. इसके बाद केन विलियमसन 81 रन बनाकर पवैलियन लौटे. न्यूजीलैंड की पारी के 26वें ओवर में केएल राहुल से फिर बड़ी गलती हो गई. कुलदीप यादव की गेंद पर टॉम लेथम की बैट का एज लगा, लेकिन केएल राहुल कैच पकड़ने में नाकाम रहे. वहीं, केएल राहुल के कैच छोड़ने के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का रिएक्शन देखने लायक था. रोहित शर्मा बेहद उदास नजर आए.

### ... तो अब केएल राहुल पर गिरेगी गाज?

केएल राहुल की गलतियों का सिलसिला यहीं नहीं रूका... न्यूजीलैंड की इनिंग के 35वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर फिर से केन विलियमसन का कैच छोड़ा.

दरअसल, भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तो जीत गई, लेकिन अगर इन गलतियों को दुरूस्त नहीं किया गया तो नॉकआउट मैचों में परेशानी का सबब बन सकता है.

**हॉकी:**

# सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में तेलंगाना और दिल्ली की जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया। तेलंगाना और दिल्ली ने रविवार को हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन डिवीजन बी में जीत दर्ज की जबकि दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव ने भी डिवीजन सी के अपने मैच जीते। डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया। डिवीजन बी में दिन का आखिरी मैच छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ के बीच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।



# भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया का स्टार ओपनर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की टीम चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में है. मगर वहां पहुंचने के बाद उसे एक बड़ा झटका लगा है. टीम के स्टार ओपनर मैथ्यू शॉर्ट को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है. शॉर्ट के बाहर होने की वजह उन्हें लगी चोट हैं. ऑस्ट्रेलिया ने टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभाने वाले मैथ्यू शॉर्ट को युवा कूपर कोनोली से रिप्लेस किया है. शॉन मार्श की तरह बनने का इरादा रखने वाले कूपर भी बल्लेबाज होने के साथ-साथ शॉर्ट की ही तरह गेंद को टर्न कराने में भी माहिर हैं. मैथ्यू शॉर्ट को चोट अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में फील्डिंग करते हुए लगी थी, जिसके चलते उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा है. कप्तान स्टीव स्मिथ ने प्राइम वीडियो को बताया कि शॉर्ट सही से मूव भी नहीं कर पा रहे थे. हमें लगा था कि मुकाबले के बीच में मिले ब्रेक में वो रिकवर कर जाएंगे. मगर ऐसा नहीं हुआ. मैथ्यू शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई थी. उस मैच में उन्होंने 66 गेंदों में 63 रन की पारी खेली थी. उसके अलावा शॉर्ट ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे. इस तरह उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 83 रन बनाए.

### शॉर्ट को कूपर कोनोली ने किया रिप्लेस

21 साल के कूपर कोनोली की ऑस्ट्रेलियाई टीम में एंट्री पर ICC की टेक्निकल कमेटी की तरफ से मुहर लग चुकी है. कूपर टीम के ट्रेवलिंग रिजर्व का हिस्सा थे. कूपर कोनोली ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था. उन्होंने अब तक सिर्फ 3 वनडे खेले हैं, जिसमें 10 रन बनाने के अलावा उनका कुछ खास योगदान नहीं है.

### सेमीफाइनल में खेल सकते हैं कूपर

कूपर कोनोली सोमवार को यानी सेमीफाइनल मुकाबले से पहले टीम से जुड़ जाएंगे. उनके बतौर ओपनर सेमीफाइनल में खेलने के भी कयास लग रहे हैं. हालांकि टीम के पास जैक फ्रेजर जैसे ओपनर पहले से ही हैं मगर कूपर के खेलने की बड़ी वजह उनकी लेफ्ट आर्म स्पिन होगी, जो की शॉर्ट की ही तरह टीम को गेंदबाजी का एक विकल्प देने का काम करेंगे.

**कबड्डी:**

# 6 मार्च से हरिद्वार में शुरू होगा युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप का महासंग्राम



**हरिद्वार, एजेंसी।** अपनी तरह का पहला कबड्डी टूर्नामेंट युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप 6 मार्च 2025 से वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम हरिद्वार में शुरू होने जा रहा है। इस चैंपियनशिप के दौरान प्रतिदिन चार मुकाबले होंगे जबकि ग्रैंड फिनाले 4 अप्रैल को खेला जाएगा।

युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने वाले इस मंच के बारे में बताते हुए युवा कबड्डी सीरीज के सीईओ विकास गौतम ने कहा, यह टूर्नामेंट सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों की टक्कर वाला ऐसा प्रारूप होने वाला है, जैसा कबड्डी के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ।

30 दिनों तक लगातार होने वाले इन रोमांचक मुकाबलों में देश भर के युवा सितारे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगे।

चर्चा को बढ़ाते हुए उन्होंने आगे कहा कि, युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप हमारे और युवा खिलाड़ियों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। यह युवा कबड्डी को एक नए मुकाम तक ले जाने का पहला कदम है और इसमें सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को मैं उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।

### 12 टीमें भिड़ेंगी खिताब के लिए

इस टूर्नामेंट में 12 टीमें खिताब के लिए एक दूसरे के आमने-सामने नजर आएंगी। दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच खेले गए 11वें युवा कबड्डी सीरीज संस्करण से 6 टीमें इस चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

डिवीजन 1 के विजेता पलानी टस्कर्स इस चुनौती की अगुवाई करेंगे, जबकि सोनीपत स्पार्टन्स (रनर-अप) और कुरुक्षेत्र वॉरियर्स (तीसरा स्थान) भी अपनी दावेदारी पेश करते नजर आएंगे।डिवीजन 2 से यूपी फाल्कन्स (चैंपियन) और चंडीगढ़ चार्जर्स (रनर-अप) भी इस लीग का हिस्सा रहेंगे, वहीं डिवीजन 3 के विजेता वास्को वाइपर्स भी इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। इन 6 क्वालीफाई टीमों के अलावा 6 इनविटेशनल यूथ टीमें भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिनके नाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

**आईपीएल 2025:**

# केकेआर ने सीजन के लिए किया नई थ्री स्टार जर्सी का अनावरण




**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन के लिए अपनी नई जर्सी का अनावरण किया है। सोमवार को जारी इस जर्सी में एक खास बदलाव किया गया है - इसमें तीन सितारे जोड़े गए हैं, जो टीम की तीन आईपीएल खिताबी जीत (2012, 2014, 2024) का प्रतीक हैं। केकेआर ने जर्सी लॉन्च के लिए एक खास वीडियो जारी किया। इस वीडियो में रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, रमणदीप सिंह, मनीष पांडे, वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय, मयंक मार्कंडे और लवनीथ सिसोदिया नई जर्सी पहने दिख रहे हैं। टीम के लोगो के ऊपर तीसरे स्टार के अलावा इस बार जर्सी में एक और खासियत जोड़ी गई है। टीम की जर्सी की बांह पर एक सुनहरा आईपीएल बैज भी होगा, जो मौजूदा चैंपियन के सम्मान में 2025 सीजन से जोड़ा गया है। थ्री-एज्ड स्टार थीम पर बनी इस नई जर्सी को बिक्री के लिए भी लॉन्च किया गया है। प्रशंसक इसे नाइट क्लब (केकेआर का आधिकारिक ऐप), वेबसाइट और सोशल मीडिया चैनलों से खरीद सकते हैं।

केकेआर ने 3 मार्च (03/03) को नई बैंगनी और सुनहरी जर्सी लॉन्च करने का खास दिन चुना। इसी के साथ, टीम ने इन द नाइट स्काई अभियान के तहत अंतरिक्ष में तीन असली सितारों को रजिस्टर करवाया और उनका नाम टीम के नारे कोर्बो, लोरबो और जीतबो रखा गया है। यह 2012, 2014 और 2024 में उनकी जीत को समर्पित है। केकेआर ने अब तक चार बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई है और तीन बार खिताब जीता है। 2021 में वे उपविजेता रहे थे और तब उन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे शानदार वापसी में से एक की थी।

आईपीएल 2025 में केकेआर अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ ईडन गार्डन्स में करेगी, जहां उनकी नजरें चौथे खिताब पर होंगी।

# फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफायर:

### फैंस के लिए खुशखबरी, विश्व कप क्वालिफायर में अर्जेंटीना की कमान मेसी संभालेंगे



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जाएगा।

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने उरूग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैचों के लिसे लियोनेल मेसी की अगुआई में 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम चुनी है। टीम में अंडर 21 स्ट्राइकर क्लाउडियो इचेवेरी को भी शामिल किया गया है जो हाल ही में मैनचेस्टर सिटी से जुड़े हैं।

इनके अलवा निकोलस पाज, बेंजामिन डोमिनगेज और सैंटियागो कास्ट्रो भी टीम में हैं जो 21 वर्ष से कम उम्र के हैं। अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जायेगा ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### ब्राह्मण समाज को न्याय दिलाने के लिए एकजुट हो रहे हैं ब्राह्मण

**हसपुरा (औरंगाबाद )(नि. सं.)।** नवादा के नारदीगंज अब्दुलपुर पड़रिया रोड स्थित अपने मकान में रह रहे एक ब्राह्मण परिवार ललिता देवी के घर में रात्रि घुसकर बेखौफ बदमाश सुनील यादव ने 15 की संख्या में बदमाशों के साथ योजना बनाकर मौजूद सभी लोगों के साथ बर्बरता पूर्वक पिटाई की गई। बदमाशों की पिटाई से ललिता कुमारी,पूनम देवी एवं मनी पाण्डेय,कुंदन कुमार पांडे की को बुरी तरह से जख्मी है बदमाशों ने नीचता की हद पार करते हुए एक दुधमुंहे बालक को जबरन उठाकर उसके गर्दन पर तलवार लगाकर धमकी दे रहा था कि अगर थाना जाकर शिकायत करोगे तो इस बच्चे सहित सभी परिवार को काट दूंगा। बदमाशों के द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस घटना से औरंगाबाद ब्राह्मणों में काफी आक्रोश है।पिटाई किए जाने की मामले की सूचना पर ब्राह्मण समाज के सक्रिय सदस्य विकास काली ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दोषियों को जल्द गिरफ्तारी का मांग की। इस घटना को लेकर अधिवक्ता योगेश मिश्रा,अशोक पांडे, शंभू मिश्रा, सौरभ मिश्रा, धनंजय जयपुरी,अनुज बेचैन, विनय मामूली बुद्धि, अनूप मिश्रा ने इस घटना का घोर निंदा करते हुए जिला प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी का मांग की है।

### कंरट के चपेट में आने से किसान की मौत

**हसपुरा (औरंगाबाद )(नि. सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के जमाल बिगहा के 65 वर्षीय किसान इंद्रदेव यादव को बिजली का करंट लगने से सोमवार की सुबह मौत हो गई। जबकि बिजली के झटके से उनका नाती घायल हो गया। किसान अपने नाती के साथ खेत में बिजली का मोटर पम्प से रबी फसल का पटवन करने की तैयारी कर रहे थें। उसी समय वह टूटे तार की चपेट में आकर खेत में हीं बेहोश होकर गिर गए। उसी जगह उनका नाती था, उसे भी करंट का झटका लग गया। आनन-फानन में परिजनों और ग्रामीणों ने हसपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए लाया, जहां चिकित्सकों ने जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित होते ही परिजन अस्पताल में रोने-चिल्लाने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया है। गौरतलब है कि मृतक का कोई बेटा नही है। सिर्फ दो बेटी हीं है। पिता की देखरेख करने दोनों बेटियां घर आते जाते रहती थीं। खेतीबाड़ी कर किसान किसी तरह से अपना भरण-पोषण करता था। ग्रामीणों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है।

### प्रखंड कार्यालय के स्टोर रूम में चोरी

**हसपुरा (औरंगाबाद )(नि. सं.)।** प्रखंड कार्यालय कैम्पस स्थित स्टोर रूम में बीते दिनों चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने ढेर सारी कागजात को स्टोर रूम के पिछवाड़े में फेंका हुआ है। स्थानीय लोगों ने चोरी की जानकारी हसपुरा बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी को दी। बताया जाता है कि ब्राउन शुगर पीने वाले युवकों द्वारा इस तरह का अंजाम दिया जा रहा है। ब्लॉक कैम्पस के अंदर असमाजिक तत्व के लोगों का शाम ढलते अड्डा बना रहता है। इसे देखने वाला न 112 नंबर की गश्ति वाहन है और न ही बीडीओ तथा सीओ सहित अन्य अधिकारी। जिसका नतीजा है कि ब्लॉक कैम्पस के अंदर असमाजिक तत्व के लोगों का पुरा कब्जा रहता है।

### बिहार में पीपीपी मॉडल पर खोले जाएंगे नये सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय

**पटना (नि. सं.)।** बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध सरकार ने प्रदेश में निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के आधार पर नये चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने की आज घोषणा की। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करने के बाद घोषणा करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र के सहयोग से राज्य में नए निजी चिकित्सा महाविद्यालय संचालित किये जायेंगे।

डीएम ने पीसी में दी प्रगति यात्रा के दौरान सीएम से मिली सौगात की जानकारी

# 13 घोषणाओं की मिली स्वीकृति

राष्ट्रीय उच्च पथ पर 9 करोड़ 64 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा ट्रामा सेंटर का निर्माण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सोमवार को डीएम श्रीकांत शास्त्री ने प्रगति यात्रा के दौरान जिले को सीएम की तरफ से दी गई सौगात की जानकारी दी। जिसके लिए एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया है कि औरंगाबाद में की गई घोषणा को जमीन स्तर पर उतरने के लिए बहुत ही कम समय में स्वीकृत दे दी गई है। डीएम ने बताया कि देव नगर पंचायत में रिंग रोड का निर्माण किया जाएगा। जिसकी राशि 142 करोड़ 23 लाख रुपए खर्च की जाएगी। वही बिशुनपुर कैनाल का निर्माण लगभग 131 करोड़ 54 लाख रुपए से कराई जाएगी जिसकी स्वीकृति मिल गई है।

औरंगाबाद राष्ट्रीय उच्च पथ पर 9 करोड़ 64 लाख रुपए की लागत से ट्रामा सेंटर का निर्माण किया जाएगा जिसके निर्माण के बाद औरंगाबाद में तत्कालीन सेवा उपलब्ध हो जाएगी। औरंगाबाद शहर के अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य भी किया जाएगा। जिसकी लागत 74 करोड़ 77 लाख रुपया की स्वीकृति प्रदान की गई है।

मदनपुर प्रखंड के चांद बीघा गांव में केशहर नदी पर 10 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से है चैक डैम का निर्माण किया जाएगा। नगर पंचायत डी में सूर्य मंदिर के समीप सूर्यकुंड एवं रूद्र कुंड परिसर से एसएच 101 तक ग्रीनफील्ड तक प्रगति पथ का निर्माण हेतु 59 करोड़ 39 लख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

औरंगाबाद जिला के मदनपुर औरंगाबाद नबीनगर हसपुरा ओबरा गोह एवं दाउदनगर इन सभी प्रखंडों में नए प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निर्माण तकरीबन 116 करोड़ 34 लख रुपए खर्च करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। औरंगाबाद जिला में स्पोर्ट कंपलेक्स स्टेडियम का निर्माण 29 करोड़ 45 लाख रुपए खर्च कर निर्माण कराया जाएगा जिसकी स्वीकृति प्रदान की गई है।

रफीगंज के लिए बाईपास का निर्माण लगभग 71 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से निर्माण कराई जाएगी जिसकी स्वीकृति भी मिल गई है। जम्होर को भी नगर पंचायत बनाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं वर्षो से जमीन की अभाव में औरंगाबाद केंद्रीय विद्यालय किसी अन्य विद्यालय में चलाई जा रही थी जिसका जमीन जल संसाधन विभाग से उपलब्ध करा दिया गया है। जिसे स्वीकृति सरकार ने दे दी है।

औरंगाबाद जिला में 400 करोड़ 29 लाख की लागत से पतलगंगा गंगा के पास मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु सुकृति स्वीकृति मिल गई है। बहुत जल्द कार्य भी स्थल पर दिखने लगेगा जो औरंगाबाद वासियों के लिए यह अनमोल मुख्यमंत्री के द्वारा उपहार दिया गया है।

औरंगाबाद से रफीगंज, गुरारू, परैया होते हुए गया तक कुल 27.80 किलो मीटर से 64.170 तक पाठ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य 137 करोड़ 74 लख रुपए की लागत से निर्माण कराई जाएगी स्वीकृति मिल चुकी है। इन सभी कार्यों को लेकर डीएम ने यह बताया है कि इन सभी कार्य बहुत जल्द धरातल पर दिखने लगेगा।

# मेडिकल प्रैक्टिशनर मर्डर केस के संदिग्ध की हिरासत में हुई मौत

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

पुलिस हिरासत में सोमवार को एक अधेड़ की मौत की मामला आया है। पुलिस को शक था कि 9 दिन पहले हुए मेडिकल प्रैक्टिशनर की गोली मारकर हत्या के मामले में अधेड़ शामिल था। बताया जा रहा है कि पुलिस संदिग्ध से पूछताछ कर ही रही थी कि उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे इलाज के लिए पहले नबीनगर रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, इलाज के दौरान संदिग्ध की मौत हो गई। फिलहाल, मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। मृतक की पहचान 50 साल के प्रमोद साव के रूप में हुई है, जो नवीनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव का रहने वाला था। नबीनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे के मुताबिक, 22 फरवरी को नवीनगर थाना क्षेत्र में हुए मेडिकल प्रैक्टिशनर 35 साल के विकास कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विकास रोहतास जिले के अमझोर थाना क्षेत्र अंतर्गत रूपहटा गांव का रहने वाला था।

### नबीनगर के गोगो गांव में क्लिनिक चलाता था विकास

हत्या के बाद अपराधियों ने विकास की लाश को कवला फाटक के पास फेंक दिया था। विकास नबीनगर के ही गोगो गांव में अपना क्लिनिक चलाता था। क्लिनिक बंद कर लौटने के क्रम में अपराधियों ने उसे अगवा कर लिया था और बाद में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विकास की हत्या के मामले में अधेड़ प्रमोद साव और उसके परिवार के अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई थी। इसके बाद पुलिस की ओर से प्रमोद साव को आज पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। नाम न छापने के शर्त पर पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद एक पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मेडिकल प्रैक्टिशनर विकास के साथ है उसकी पोती का प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आने पर उससे भी पूछताछ की गई। कुछ तक के दौरान मृतक मेडिकल प्रैक्टिशनर की प्रेमिका ने बताया कि उसके बड़े बाबा ने मेडिकल प्रैक्टिशनर को पकड़ कर लाया था तथा छोटे बाबा ने गोली मारी थी।हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### हत्या के बाद एसआईटी का किया गया था गठन

विकास की हत्या के बाद सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंचे थे और मामले की छानबीन में जुट गए थे। उन्होंने बताया कि सबूत जुटाने के लिए घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। एसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी टीम ने वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान शुरू कर दी गई है। फिलहाल घटना के कारण का पता नहीं चल सका है। जल्द ही हत्याकांड मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक के भाई मोहित उर्फ मनीष के लिखित आवेदन पर थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है। मामले में उचित कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल बरामद किया है, जिसका सीडीआर खंगाला जा रहा है।

अनुग्रह स्कूल के इको क्लब के द्वारा मनाया गया वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे

# वन्य जीवों एवं पौधों की प्रजातियों को लुप्त होने से बचाए : डीएफओ

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय औरंगाबाद में प्राचार्य उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बच्चों के द्वारा गठित इको क्लब के द्वारा वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची डीएफओ रुचि सिंह ने दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन किया। इको क्लब के सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त कर इको क्लब के द्वारा सम्पादित कार्यों की जानकारियां लीं। डीएफओ ने विद्यालय के सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण एवं वन्य जीव जंतुओं का संरक्षण करने हेतु शपथ दिलाया। डीएफओ ने इको क्लब के सुसज्जित बच्चों को सराहा और कहा कि वन विभाग के महोत्सवों में आपकी भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही इंद्रपुरी बराज में प्रवासी पक्षियों का अवलोकन कराने हेतु इको क्लब के बच्चों को भी आमंत्रित किया जाएगा। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय का इको क्लब शानदार कार्य कर रहा है और उसी क्रम में वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे मनाया जा रहा है। बच्चों के बीच वन्य जीव संरक्षण से जुड़े कई जानकारियों को साझा किया गया। विलुप्त हो रही जीव जंतुओं की प्रजातियों के बारे में विस्तार से बताया गया। कौवों, गौरैया ईगल आदि की हो रही कमी की चिंता को भी एड्रेस किया गया। प्राचार्य ने बताया कि यूएनओ की जेनरल असेंबली ने इसकी महत्ता को समझा और 3 मार्च को वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे मनाने का फैसला लिया। पूरी दुनिया में इस आयोजन के माध्यम से मानवजाति को अपनी जीवनशैली बदलने हेतु जागरूकता फैलाया जा रहा है जिसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं।कार्यक्रम में इको क्लब की नोडल प्रभारी करुणा सिन्हा एवं मीना कुमारी उपस्थित रहीं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत, बॉडी दो हिस्से में बंटी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद में अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिला के सततुआ थाना क्षेत्र के सलताली गांव निवासी बटली साव के 30 वर्षीय बेटे दिलीप कुमार गुप्ता के रूप में की गई है। घटना के संबंध में एनएचआई अधिकारी अरविंद यादव ने बताया कि लाश क्षत-विक्षत हो गई थी। नगर थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान बाद परिजनों को सूचना दे दी गई थी, मृतक बारुण की ओर जा रहा था। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 के क्षत्रिय नगर के पास की है। एनएचआई के अधिकारी अरविंद यादव, लक्ष्मीकांत कुमार, श्रीकांत कुमार, नगर थाना के एसआई चंदन कुमार सहित अन्य मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में नगर थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बारुण की ओर से जा रहे एक ट्रक के पिछले हिस्से में स्कूटी फंसने की आशंका जताई जा रही है। 400-500 मीटर दूर तक अज्ञात वाहन में स्कूटी फंसी रही जिसके कारण शव क्षत-विक्षत हो गया। शव को इकट्ठा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

# जमीन विवाद में चले लाठी-डंडे, कई घायल



निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)

औरंगाबाद के अंबा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में जमकर मारपीट हुई। घटना में दोनों पक्ष से कुल आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल दोनों पक्षों में शामिल घायलों का सदर अस्पताल में इलाज जारी है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना चिल्हकी बिगहा गांव की है। घायलों में एक पक्ष से 55 साल की अमेला कुंवर, 22 साल का सौरभ कुमार, 25 साल का विपिन कुमार और 23 साल की सुशीला देवी शामिल है। वहीं, दूसरे पक्ष से उसी गांव के रहने वाले लक्ष्मी मेहता के 27 साल का बेटा दिनेश कुमार, सूर्य देव मेहता का 45 साल का बेटा रविंद्र कुमार, रविंद्र कुमार की 35 साल की पत्नी रंजू देवी और 15 साल का बेटा रविश कुमार शामिल है। रविवार देर रात सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान एक पक्ष से जख्मी सौरभ कुमार ने बताया कि गांव के ही पाटीदार के साथ जमीनी विवाद को लेकर मामला चल रहा है। पूर्व में पटीदारों की ओर से खेत से फसल को तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उक्त लोगों की ओर से हमारे हिस्से की जमीन में जबरदस्ती खेती की जा रही थी। इसी बात का विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच बहसबाजी हुई। दूसरे पक्ष से जख्मी दिनेश कुमार ने बताया कि खेत पटवन को लेकर झड़प हुई है।

# अवैध क्लिनिक एवं पैथोलैब का टीम ने किया जांच

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार रफीगंज में अवैध क्लिनिक एवं पैथोलैब का जांच टीम गठित कर किया गया। टीम द्वारा शहर के महराजगंज में मदीना अस्पताल, महराजगंज मोड़ पर सजन्ता अस्पताल एवं हर्ष गोपालनारायन अल्ट्रासाउंड लैब की जांच किया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास के साथ टीम गठित कर जांच किया। मदीना अस्पताल के जांच में डॉ एमएस कलाम ने बताया कि मैं इस अस्पताल को बंद कर दिया हूं। आज मकान खाली करने आया हूं। कोई भी मरीज एवं कर्मी नहीं पाया गया।

सजन्ता अस्पताल में डॉक्टर से मुलाकात नहीं हुई, मरीज भी भर्ती नहीं था। दो कर्मी सुबी कुमारी, दिनेश कुमार उपलब्ध थे।उन्होंने बताया कि डॉक्टर साहब चार दिनों से नहीं आ रहे हैं।

# बड़कागांव बिसेनी में श्री शतचंडी महायज्ञ आज से

- महायज्ञ का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडेय करेंगे। वे नवनिर्मित देवी मंडप और महायज्ञ मंडप का शुभारंभ करेंगे।

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)



पतिनाथ पंकज

बारूण प्रखंड के बड़कागांव (बिसेनी) में मंगलवार से श्री शतचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की भव्य शुरुआत होने जा रही है। आयोजन को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं और पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। गांव के देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस महायज्ञ का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडेय करेंगे, जो नवनिर्मित देवी मंडप और महायज्ञ मंडप का शुभारंभ करेंगे। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता पतिनाथ पंकज ने बताया कि इस आयोजन में प्रयागराज के प्रसिद्ध कथावाचक श्री अंजनी शरण सावणी के तत्वावधान में संगीतमय रामचरितमानस कथा का पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही प्रसिद्ध रामलीला मंडली 'देव रामलीला' की ओर से हर दिन रामलीला का मंचन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु भगवान राम के जीवन और आदर्शों से प्रेरणा ले सकेंगे।

महायज्ञ की शुरुआत मंगलवार को कलश यात्रा से होगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके बाद विभिन्न पूजन अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। पंचांग पूजन और अग्नि उत्पन्न के साथ महायज्ञ की विधिवत शुरुआत होगी। आवाहित देवताओं और देवी प्रतिमाओं के पूजन के बाद जलाधिवास और अनाधिवास की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। 9 मार्च को देवी प्रतिमाओं का नगर भ्रमण होगा, जिसके तहत भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस महायज्ञ का समापन 10 मार्च को देवी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा, हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के आयोजन के साथ होगा, जिसमें हजारों भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। महायज्ञ को लेकर आसपास के गांवों में भी प्रचार-प्रसार किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। आयोजकों ने बताया कि भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालु रामचरितमानस कथा का रसास्वादन कर सकें और रामलीला के मंचन का आनंद ले सकें, इसके लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। पूरे आयोजन के दौरान गांव में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहेगा, जिससे श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकेंगे।

# नीलकमल और सुपर शक्ति टीएमटी बार का भव्य होली मिलन समारोह आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शहर के जसोइया मोड़ स्थित होटल गार्गी में सोमवार को नीलकमल और सुपर शक्ति टीएमटी बार के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रीब्यूटर सूर्यदेव प्रसाद गुप्ता उर्फ बंटी, नीलकमल के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, अमित राणे, सतीश कुमार पाठक, टुन्नु गुप्ता सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में औरंगाबाद, रोहतास, गया और कैमूर जिले के सभी प्रमुख छड़ विक्रेता शामिल हुए। इस दौरान टीएमटी छड़ की सर्वाधिक बिक्री करने वाले डीलरों को सम्मानित किया गया। नीलकमल के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि होली मेल-मिलाप और आपसी सौहार्द बढ़ाने का पर्व है। उन्होंने बताया कि नीलकमल स्टील बिहार में 22 वर्षों से अपनी सेवा दे रहा है और वर्तमान में कंपनी प्रति माह डेढ़ लाख टन स्टील की बिक्री कर रही है। यह कंपनी बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है।

नीलकमल टीएमटी में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जर्मनी की थर्मेक्स तकनीक का उपयोग किया जाता है। छड़ की मजबूती और सीमेन्ट-कंक्रीट के साथ बेहतर पकड़ के लिए जापान से आयातित सीएनसी स्पार्कोनिक्स मशीन द्वारा एक समान तीखे रीब्स का निर्माण किया जाता है। साथ ही, इसकी निर्माण प्रक्रिया में विशुद्ध आयरन ओर से निर्मित बिलेट का उपयोग किया जाता है, जिससे यह छड़ जंगरोधी और अधिक लचीला बनता है।

उन्होंने यह भी बताया कि नीलकमल टीएमटी भूकंपरोधी विशेषताओं से युक्त है और थर्मेक्स पद्धति से उपचारित होने के कारण मजबूत और टिकाऊ रहता है। प्रत्येक छड़ को बिक्री से पहले अत्याधुनिक भौतिक एवं रसायनिक प्रयोगशालाओं में कड़े गुणवत्ता परीक्षणों से गुजारा जाता है, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतरीन उत्पाद मिल सके।

# जमीन विवाद में चले लाठी-डंडे, कई घायल



निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)

औरंगाबाद के अंबा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में जमकर मारपीट हुई। घटना में दोनों पक्ष से कुल आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल दोनों पक्षों में शामिल घायलों का सदर अस्पताल में इलाज जारी है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना चिल्हकी बिगहा गांव की है। घायलों में एक पक्ष से 55 साल की अमेला कुंवर, 22 साल का सौरभ कुमार, 25 साल का विपिन कुमार और 23 साल की सुशीला देवी शामिल है। वहीं, दूसरे पक्ष से उसी गांव के रहने वाले लक्ष्मी मेहता के 27 साल का बेटा दिनेश कुमार, सूर्य देव मेहता का 45 साल का बेटा रविंद्र कुमार, रविंद्र कुमार की 35 साल की पत्नी रंजू देवी और 15 साल का बेटा रविश कुमार शामिल है। रविवार देर रात सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान एक पक्ष से जख्मी सौरभ कुमार ने बताया कि गांव के ही पाटीदार के साथ जमीनी विवाद को लेकर मामला चल रहा है। पूर्व में पटीदारों की ओर से खेत से फसल को तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उक्त लोगों की ओर से हमारे हिस्से की जमीन में जबरदस्ती खेती की जा रही थी। इसी बात का विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच बहसबाजी हुई। दूसरे पक्ष से जख्मी दिनेश कुमार ने बताया कि खेत पटवन को लेकर झड़प हुई है।

# 22-23 मार्च को दो दिवसीय विष्णुधाम महोत्सव का होगा आयोजन



निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)

औरंगाबाद सदर प्रखंड के जम्होर में विष्णुधाम महोत्सव आयोजन समिति सत्र 2024-25 की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की जबकि संचालन सचिव सह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने किया। बैठक में सदस्यों ने आपसी विचार विमर्श कर 22-23 मार्च को विष्णुधाम के प्रांगण में आयोजित होने वाले महोत्सव के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न प्रस्ताव पारित किए। इस क्रम में विष्णुधाम परिसर में आयोजन समिति के अधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों, वर्तमान महोत्सव के प्रायोजकों का नाम शिलापट्ट पर लिखवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही विष्णुधाम की गरिमा एवं महिमा को उल्लिखित करने के लिए सात पन्ने का एक फोल्डर निकालने का भी निर्णय लिया गया। इसकी जिम्मेवारी संरक्षक सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं मधुसूदन त्रिवेदी को दी गई। 22 मार्च को शोभा यात्रा, कलश यात्रा, परिसर में षोडशोपचार विधि से पूजा पाठ कराने की जिम्मेवारी गायत्री शक्तिपीठ एवं श्रीराम प्रज्ञा मंडल को दी गई। श्रीराम प्रज्ञा मंडल के अध्यक्ष नवनीत कुमार, गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक रामध्यान प्रसाद एवं अशोक शौंडिक इस कार्य को करेंगे। महोत्सव के दिन परिसर स्थित सभी मंदिरों को सजाने, महाप्रसाद वितरण एवं सफाई कार्य की जिम्मेवारी न्यास समिति को दी गई। न्यास समिति के कोषाध्यक्ष पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, कल्पवृक्ष धाम महोत्सव परता के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी सदस्यों ने महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# सड़क दुर्घटना मे युवक घायल, हालत गंभीर

**गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के भुरकुंडा मोड़ के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो के सहयोग से घायल युवक क़ो समुदायिक स्वाथ्य केंद्र गोह लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि रफीगंज थाना क्षेत्र के लट्टा गांव निवासी अंतोष पासवान अपने बाइक से उपहारा अपने रिश्तेदार के घर गए थे। वापस लौटते समय भुरकुंडा मोड़ पर पहुंचते ही गोह की तरफ से आ रहे एक अज्ञात बाइक चालक जबरदस्त टक्कर मारकर फरार हो गया, जिससे अंतोष पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से अंतोष पासवान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह में लाया गया, जहां चिकित्सक ने प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया। घटना की सूचना पुलिस क़ो दे दी गई है।

# लोन मामलों के निस्तारण में लचीला रूख अपनाएं बैंक : जिला जज



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार(डीएलएसए) के अध्यक्ष राजकुमार ने सोमवार को अपने प्रकोष्ठ में विभिन्न बैंको के मुख्य प्रबंधको के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने आगामी 08 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण के मामलों के निपटान हेतु अब तक की गई कार्रवाई की अद्यतन जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला जज ने बैंक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लचीला रूख अपनाएं। अधिकतम छूट देते हुए ऋणियों से समझौते के लिए आगे आए। इसका साकारात्मक परिणाम भी दिखेगा। बैंक के पदाधिकारियों ने उन्हे आश्वस्त किया कि बैंक लोन के वैसे पुरानें मामले जिसे संबंधित पक्षकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलह के आधार पर निपटाना चाहते हैं, उन्हें अधिक से अधिक छूट का लाभ दिया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बैक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 08 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक से संबंधित अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन का लक्ष्य रखे और उसे प्राप्त करने हेतु कार्रवाई करें। जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का तय लक्ष्य तभी प्राप्त होगा जब बैंक पदाधिकारी लचीला रूख अपनाते हुए मानवीय पहलु का ध्यान रखेंगें।